
सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 22 अप्रैल, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 108, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 753 अंकों की उछाल

कच्चे तेल में नरमी से घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा। } 10

## बंगाल में गुंडों को छिपने की कोई जगह नहीं मिलेगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में रहने वाले गुंडों को छिपने की कोई जगह नहीं मिलेगी। } 12

# महिलाओं के हक की लड़ाई में सीएम योगी का पैदल मार्च

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में राजधानी की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब






विशेष संवाददाता

लखनऊ। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लोकसभा में विपक्ष की ओर से पारित नहीं होने देने के विरोध में मंगलवार को राजधानी लखनऊ ऐतिहासिक जनाक्रोश का साक्षी बना, जब महिला अधिकार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं सड़क पर उतरे। उनके नेतृत्व में हजारों महिलाओं का हुजूम मुख्यमंत्री आवास से सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक उमड़ पड़ा। इस जनाक्रोश पदयात्रा में सीएम योगी के साथ पूरा मंत्रिमंडल सड़क पर उतरा दिखाई दिया। यह कोई साधारण पदयात्रा या रैली नहीं थी, यह नारी सम्मान और उसके संवैधानिक अधिकारों पर हुए हमले का सीधा और बेहद तीखा जवाब था। विधान भवन के सामने महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं एवं लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी अन्याय के विरोध में देशभर में आधी आबादी सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक ढंग से अपना आक्रोश प्रकट कर रही है। लखनऊ में प्रचंड गर्मी के बावजूद हजारों की संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के प्रति व्यापक जनसमर्थन और आशीर्वाद का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश का एक-एक नागरिक आधी आबादी की इस न्यायोचित मांग के साथ मजबूती से खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते वर्षों में देश ने व्यापक परिवर्तन देखा है, जिसमें महिला, गरीब, युवा और किसान इन चार जातियों को केंद्र में रखकर नीतियों का निर्माण किया गया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप देश ने विकास और आत्मनिर्भरता के नए मानक स्थापित किए हैं। ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित अनेक योजनाओं ने महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। स्वच्छ भारत मिशन केवल स्वच्छता का अभियान नहीं, बल्कि नारी गरिमा की रक्षा का सशक्त माध्यम है, वहीं उज्ज्वला योजना केवल ईंधन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं, बल्कि महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ करने का माध्यम है। केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं केवल लाभ वितरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि परिवारों को स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर करने का सशक्त आधार बन रही हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, घरौनी वितरण जैसे प्रयासों ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी आर्थिक सशक्तीकरण से जोड़ने का कार्य किया है। डबल इंजन की सरकार लगातार कार्य कर रही है, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के दल हर योजना का विरोध करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने वाला है और यह व्यवस्था वर्ष 2029 तक लागू हो जाए, इसको लेकर प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी ने सभी को आश्वस्त भी किया, इसके बावजूद इन विपक्षी दलों का जो आचरण रहा है, वह नारी गरिमा के प्रतिकूल रहा है। इसी कारण आज देशभर की महिलाएं इन दलों के विरोध में एकजुट होकर आंदोलन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री कन्या ...शेष पृष्ठ 10 पर

## युवा भाजपा नेता विराज सागर दास ने विपक्ष को घेरा

### सपा, कांग्रेस व अन्य विपक्षी पार्टियां महिला विरोधी : विराज सागर दास



विशेष संवाददाता

लखनऊ। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लोकसभा में विपक्ष की ओर से पारित नहीं होने देने के विरोध में मंगलवार को राजधानी लखनऊ में सीएम योगी के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गयी। इस पदयात्रा में युवा भाजपा नेता विराज सागर दास अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को जमकर घेरा, उन्होंने कहा कि सरकार ने आधी आबादी को उनका हक दिलाने का जो संकल्प लिया था, विपक्ष ने उसे कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने कहा सपा और कांग्रेस सरकार के अच्छे फैसलों पर अड़चनें पैदा करती और देश को पीछे धकेलने का काम करती है। विराज सागर दास ने कहा कि हम सपा और कांग्रेस की इस विनाशवादी सोच को किसी भी हाल में कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार व हम सभी युवा नेता व कार्यकर्ता नारी का सम्मान, सुरक्षा व सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस यात्रा में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, पंचायती राज मंत्री...शेष पृष्ठ 10 पर



## संक्षेप

### सिविल सर्विसेज डे पर दिल्ली में यूपी मॉडल की गूंज

लखनऊ/नई दिल्ली। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 18वें सिविल सर्विसेज डे के अवसर पर एक्सीलरेटिंग इंडियाज नेट जीरो पाथ थ्रू पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना विषयक ब्रेक-अवे सत्र में उत्तर प्रदेश के प्रयासों की विशेष सराहना हुई। भूमि संसाधन विभाग के सचिव नरेंद्र भूषण ने पैनलिस्ट के रूप में भाग लेते हुए राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और उपलब्धियों को राष्ट्रीय मंच पर साझा किया। सिविल सर्विसेज डे जैसे प्रतिष्ठित मंच पर उत्तर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पर्वतीय इलाकों में मजबूत सड़क नेटवर्क सरकार का संकल्प : धामी



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य के पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में यातायात सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। सड़क, पुल और अन्य आधारभूत ढांचा परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके ...शेष पृष्ठ 10 पर


# अमेरिका-ईरान युद्धविराम पर संकट के बादल

### वार्ता उम्मीद के अनुरूप आगे नहीं बढ़ी तो ईरान पर फिर से बमबारी करने के लिए तैयार : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर वार्ता उम्मीद के अनुरूप आगे नहीं बढ़ती है तो वह ईरान पर बमबारी फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं।

सीएनबीसी के स्क्वॉक बॉक्स कार्यक्रम में ट्रंप से सीधे तौर पर पूछा गया कि क्या इस्लामाबाद में होने वाली आगामी वार्ता में कोई प्रगति न होने पर वह हमले फिर से शुरू करेंगे। ट्रंप ने कहा हां, मुझे लगता है कि बमबारी करनी पड़ेगी क्योंकि यही बेहतर रुख है। लेकिन, आप जानते हैं, हम तैयार हैं। मतलब, सेना पूरी तरह से तैयार है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युद्धविराम असल में कब समाप्त होगा। दो हफ्ते पहले जब युद्धविराम की घोषणा की गई थी, तब मंगलवार रात तक की समय सीमा निर्धारित की गई थी, लेकिन ट्रंप ने ब्लूमबर्ग न्यूज़ को बताया कि युद्धविराम बुधवार रात को समाप्त हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर अमेरिका और ईरान ने संकेत दिया है कि वे इस्लामाबाद में नए दौर की युद्धविराम वार्ता में शामिल होंगे। दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब न तो अमेरिका और न ही ईरान ने सार्वजनिक रूप से वार्ता के समय की पुष्टि की है। वहीं, ईरानी सरकारी टेलीविजन ने इस बात से इनकार किया है कि उनके देश का कोई अधिकारी पहले से ही पाकिस्तान की राजधानी में मौजूद है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थों को इस बात की पुष्टि की गई है कि शीर्ष वार्ताकार, अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर कलिबाफ, वार्ता में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल...शेष पृष्ठ 10 पर



**विशेष खबर** — ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉन्क्लेव में यूपी का दमदार प्रदर्शन, भविष्य की मोबिलिटी का रोडमैप पेश

# राष्ट्रीय मंच पर चमका यूपी का हरित परिवहन मॉडल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नई दिल्ली में आयोजित ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉन्क्लेव में उत्तर प्रदेश ने हरित, आधुनिक और तकनीक-आधारित परिवहन मॉडल की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार सिंह ने प्रदेश के सतत मोबिलिटी, मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और भविष्य उन्मुख अवसंरचना के विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश हरित परिवहन के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है। इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी की ओर से आयोजित दो दिवसीय ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉन्क्लेवः एक्सेलेरेटिंग टुवड्र्स द फ्यूचर ऑफ सस्टेनेबल एंड ग्रीन मोबिलिटी का मंगलवार को नई दिल्ली में शुभारंभ हुआ। इस दौरान कॉन्क्लेव में ऑटोमोबाइल, रेलवे, मरीन, एविएशन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, जैव ईंधन, लंबी दूरी माल परिवहन, शहरी परिवहन, स्मार्ट मोबिलिटी और ऊर्जा संक्रमण जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। उत्तर प्रदेश के विकास मॉडल, निवेश संभावनाओं और हरित परिवहन दृष्टिकोण को सभी ने सराहा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस आयोजन में देशभर से नीति-निमार्ताओं, उद्योग प्रतिनिधियों, परिवहन विशेषज्ञों, निवेशकों तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने हरित एवं टिकाऊ परिवहन व्यवस्था के भविष्य पर यूपी का पक्ष रखा। उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन (एसटीसी) के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने राज्य में विकसित हो रहे सतत परिवहन मॉडल, स्वच्छ ऊर्जा आधारित ग्रीन मोबिलिटी, आधुनिक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तथा भविष्य उन्मुख अवसंरचना विकास की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य होने के साथ-साथ आर्थिक प्रगति का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश के तीव्र एवं संतुलित विकास के लिए परिवहन व्यवस्था का हरित, सुरक्षित, आधुनिक और तकनीक ...शेष पृष्ठ 10 पर




## केरल : पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 13 की मौत

### पीएम मोदी ने जताया दुख, दो-दो लाख मदद की घोषणा

एजेंसी

त्रिशूर। केरल में त्रिशूर जिले के मुंडाथिकोड में मंगलवार को पटाखा बनाने वाली एक इकाई में विस्फोट होने से 13 लोगों की मौत हो गई और कई लोग झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के त्रिशूर में पटाखा बनाने वाली एक इकाई में विस्फोट होने से हुई जानमाल की हानि पर मंगलवार को दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को दो. दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के समय घटनास्थल पर करीब 40 लोगों के मौजूद होने की आशंका है। हादसे में कई लोग झुलस गए और इनमें से कई की हालत गंभीर है। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा एक शेड में हुआ जहां मंदिर देवस्वओम की ...शेष पृष्ठ 10 पर



# 2027 के विधानसभा व 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाएं दिखायेंगी ताकत

## नारी शक्ति वंदन विधेयक को गिराने पर विपक्ष को पंचायत से लेकर लोकसभा तक करारा जवाब देने की तैयारी









● मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की कई महिला मंत्रियों और अन्य नेताओं ने पैदल मार्च में हिस्सा लिया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नारी शक्ति वंदन विधेयक को गिराने पर राजधानी लखनऊ में महिलाओं की विशाल आक्रोश पदयात्रा आयोजित हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हजारों महिलाएं मुख्यमंत्री आवास से विधानसभा तक पैदल चलकर गईं और सपा-कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष के खिलाफ रोष व्यक्त किया। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार की कई महिला मंत्रियों समेत अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने इंडी गठबंधन को महिला विरोधी बताया। मुख्यमंत्री आवास पर हजारों महिलाएं जन आक्रोश महिला पदयात्रा में शामिल हुईं। इस दौरान उन्हें महिला नेताओं ने संबोधित किया और सपा-कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता को आगामी चुनावों में याद रखने के लिए कहा।

शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि सपा और कांग्रेस की सोच मेढक जैसी है। ये सब अगर कूदेंगे तो नाले में ही गिरेंगे। विपक्ष की मानसिकता को महिलाएं पहचान लें। विधेयक गिराए जाने से देशभर में महिलाएं आक्रोश में हैं, ये आक्रोश पंचायत, विधानसभा और लोकसभा तक दिखना चाहिए। महिलाओं को अपनी लड़ाई जारी रखनी होगी। 2027 और 2029 में फिर भाजपा की सरकारें बनानी होगी। महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि विधेयक को गिराने के वक्त संसद में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, सपा सांसद डिम्पल यादव भी बैठी थीं। विपक्ष की महिला सांसदों ने टेबल थपथपा कर खुशी जाहिर की थी, जबकि उन्हें दुखी होना चाहिए था। उन्होंने महिलाओं से अपने अपमान का बदला लेने को कहा। पूर्व भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी महिला सशक्तीकरण के लिए विधेयक लाए थे।

हालांकि विपक्ष ने महिला विरोधी मानसिकता के चलते इसे रोकने का काम किया। महिलाएं एकजुट होकर विपक्ष को अपनी ताकत का एहसास कराएं। इस पदयात्रा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री ओम प्रकाश राजभर, आशीष पटेल, एके शर्मा, अनिल कुमार, रजनी तिवारी, प्रतिभा शुक्ला, विजय लक्ष्मी गौतम, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, विधायक जय देवी, अदिति सिंह, आशा मौर्य, महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, चारू चौधरी, राज्य महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह भी मौजूद थीं।

**सीएम योगी को देखते ही बढ़ा उत्साह :** करीब 9.40 बजे मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचते ही वहां मौजूद महिलाओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के पक्ष में नारे लगाने शुरू कर दिए। महिलाओं ने सीएम योगी के सामने ही सपा-कांग्रेस का यूपी में भविष्य खत्म करने का वादा किया। उन्होंने अपने नारों के जरिए कहा कि आधी आबादी के आरक्षण का विरोध विपक्ष की राजनीति को खत्म कर देगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में लगभग 10 बजे हजारों महिलाओं ने मुख्यमंत्री आवास से जन आक्रोश पदयात्रा शुरू की। तपती धूप में सड़क पर पैदल चल रहे मुख्यमंत्री, उनके मंत्रियों और हजारों महिलाओं को देखकर सारा शहर थम गया। इस दौरान सिविल अस्पताल के सामने से विधानसभा की तरफ जा रहीं महिलाओं के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ लहराकर पदयात्रा में शामिल सभी महिलाओं का अभिवादन किया।

## सुबह 7 बजे से सीएम आवास पहुंचने लगी थीं महिलाएं

● पदयात्रा में बिना रुके, बिना थके महिलाओं ने दिखाया सपा, कांग्रेस को आईना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जन आक्रोश पद यात्रा के दौरान लखनऊ में महिलाओं का भारी आक्रोश देखने को मिला। मंगलवार सुबह 7 बजे से ही हजारों महिलाओं का हुजूम 5 कालिदास मार्ग पर पहुंचना शुरू हो गया। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, सूरज की तपिश बढ़ती गई, लेकिन महिलाओं में धधकता आक्रोश कम नहीं हुआ। हाथों में सपा-कांग्रेस के खिलाफ पोस्टर लिए वे सीएम योगी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार दिखीं।

मुख्यमंत्री आवास पहुंची महिलाएं विपक्ष को करारा जवाब देने के लिए कई तरह के पोस्टर-बैनर लिए थीं। इन पोस्टरों पर कांग्रेस व सपा पर महिला विरोधी होने और महिला आरक्षण पर विश्वासघात से संबंधित संदेश लिखे हुए थे। पदयात्रा शुरू होने से पहले ही सीएम आवास के बाहर हजारों महिलाओं का हुजूम एकत्र हो चुका था। इस दौरान मंच से तमाम नेता व मंत्रीगण महिलाओं की इस शक्ति को नमन करते रहे। सुबह करीब 9 बजे जैसे ही मंत्रियों ने महिलाओं को संबोधित करना शुरू किया, आक्रोशित बहन-बेटियों ने पोस्टर लहराने शुरू कर दिए। इन पोस्टरों में सपा की पहचान नारी शक्ति का अपमान, महिला आरक्षण पर घटिया राजनीति सपाइयों की रही है पुरानी नीति, 230 सांसदों का विरोध किसके खिलाफ, जैसे नारों के जरिए महिलाओं ने विपक्ष के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया।

**पूरी यात्रा में पैदल चले सीएम योगी :** अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर मुख्यमंत्री ने पूरी यात्रा पैदल चलकर पूरी की। पूरी तरह अनुशासन इस पदयात्रा के मार्ग पर सुरक्षाकर्मियों या शासन-प्रशासन के अधिकारियों की तैनाती से कहीं ज्यादा महिलाओं की भागीदारी दिखी। पदयात्रा मार्ग के दोनों तरफ मौजूद लोग अपने मुख्यमंत्री को सड़क पर पैदल चलता देखकर उनके समर्थन में नारे लगा रहे थे। विधानसभा भवन के सामने पदयात्रा के समापन पर सीएम योगी ने सभी महिलाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि विधेयक गिराने वाले विपक्ष के खिलाफ उत्तर प्रदेश में भी महिलाओं में आक्रोश है। लखनऊ की इस जन आक्रोश पदयात्रा में भाग लेने वाली बहनों का हृद्य से अभिनंदन करता हूं।

**नारी शक्ति का अपमान अब बर्दाश्त नहीं :** हरदोई से पदयात्रा में शामिल होने आईं बबिता ने कहा कि नारी शक्ति का अपमान अब नहीं बर्दाश्त किया जाएगा। हमें आरक्षण के रूप में अपने लिए न्याय चाहिए। इसके लिए योगी सरकार के नेतृत्व में सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी। लखनऊ की कीर्ति ने कहा कि क्या सिर्फ एक-दो पार्टी के परिवार की महिलाओं को ही राजनीति में आने का हक है। आज सबको समान अवसर देने की बारी आ चुकी है। विपक्ष ने विधेयक को गिराकर राजनीति में महिलाओं के लिए रास्ते बंद करने का काम किया है।

बाराबंकी से आईं कांता देवी ने कहा कि महिला आरक्षण की बात सुनकर बहुत खुशी हुई थी। लेकिन, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने इसे रोक दिया। यूपी में पहले ही कांग्रेस का भविष्य खत्म हो चुका है, अब सपा की बारी है। आधी आबादी का हक मारकर कोई भी चुनाव नहीं जीत सकता। उन्नाव की सविता ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के हक के बारे में सोचती है। दूसरी तरफ विपक्ष सिर्फ वोट लेने के लिए महिला सम्मान की झूठी बातें करता है। समय आ गया है कि उन्हें सबक सिखाया जाए।

अयोध्या से आई छात्रा वैशाली ने कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी हो गया है। भाजपा इसका समर्थन कर रही है, तो उसको महिला वर्ग का भरपूर साथ मिल रहा है। दूसरी तरफ सपा-कांग्रेस जैसे दलों को विधेयक के विरोध का नुकसान तो उठाना ही पड़ेगा।

## एंटी-वुमेन एलाइंस साबित हुआ इंडी एलाइंस : पंकज चौधरी

**लखनऊ।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के षड्यंत्र के विरोध में मंगलवार को लखनऊ में जन आक्रोश पदयात्रा में भाजपा नेताओं ने एक सुर में कहा कि 17 अप्रैल को संसद में यह बिल पास होने वाला था, लेकिन कांग्रेस और सपा ने न सिर्फ इसका विरोध किया, बल्कि मतदान में इसे गिराने के बाद तालियां बजाकर खुशी मनाई। उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों का हनन बताया और कहा कि 2027 के चुनाव में इन दलों को महिला आक्रोश का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने तो यहां तक कहा कि इंडी एलाइंस अब एंटी-वुमेन एलाइंस साबित हो चुका है।



### बिल का विरोध चुनाव में भुगतना पड़ेगा : बृजेश पाठक



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आज प्रदेश की महिला शक्ति सड़कों पर है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की दुरभि संधि और संकीर्ण मानसिकता के कारण नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में रोकने का काम किया गया है। आज उत्तर प्रदेश की आक्रोशित बहनें सड़कों पर निकलकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का बैंड बजाने का काम कर रही हैं। इन पार्टियों को आने वाले चुनावों में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हम सब अच्छी तरह जानते हैं कि समाजवादी पार्टी की सरकार जब-जब प्रदेश में होती है, गुंडे-बदमाश खुलेआम बहन-बेटियों को परेशान करने का काम करते हैं। इसीलिए नारे लगते हैं, 'देख सपाई-बिटिया घबराई'। वक्त है कि सब एकजुट होकर सपा व कांग्रेस को महिला शक्ति का अहसास कराएं। मां दुर्गा, मां काली, मां सरस्वती बनकर विपक्षियों को सबक सिखाएं।

### महिलाओं को आरक्षण दिलाकर रहेंगे : केशव मौर्य



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ होना है। 2027 में बिना महिलाओं के कोई चुनाव जीत सकता है क्या? अगर महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया गया, तो सपा-कांग्रेस को आने वाले चुनाव में कोई वोट नहीं मिलेगा। इसके लिए, तैयार हो जाइए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा है कि हम हिम्मत नहीं हारेंगे। हम महिलाओं को आरक्षण दिलाकर रहेंगे। इसी संकल्प के साथ हमें यहां से जन आक्रोश मार्च निकालना है।

### सपा व कांग्रेस को माफ नहीं करेंगे : अरुण सिंह



राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस व सपा ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन का विरोध किया और उसके विरुद्ध मतदान किया। उन्होंने सिर्फ विरोध ही नहीं किया, बल्कि नारी अधिकारों का हनन करने के बाद तालियां भी बजाईं और खुशियां भी जाहिर कीं। यह कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। उसी के कारण पूरे देश में जन आक्रोश है। इसीलिए इतनी बड़ी संख्या में आप लोग यहां एकत्र हुए हैं, यह बताने के लिए कि सपा व कांग्रेस को हम कभी माफ नहीं करेंगे।

## पीडीए परिवार भाजपा को चुनाव में हरायेगा : अखिलेश यादव

● सपा अध्यक्ष के समक्ष विभिन्न दलों से आये नेताओं और खिलाड़ियों ने ली पार्टी की सदस्यता

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सरकार में रहकर भाजपा विपक्ष में आने की प्रैक्टिस कर रही है। भाजपा जानती है कि वह 2027 में विपक्ष में जा रही है। उसे इसी तरह की पदयात्रा करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले किसी सरकार ने अपने ही बनाये कानून के लिए इतना संघर्ष नहीं किया होगा, जितना यह सरकार कर रही है। इतिहास में पहली बार एक समुदाय पीडीए एक दल को हराने जा रहा है। पीडीए परिवार भाजपा को चुनाव में हरायेगा। उसके बाद भाजपा कभी सत्ता में नहीं लौटेगी।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में विभिन्न दलों से आये बड़ी संख्या में नेताओं और खिलाड़ियों को सपा में शामिल करने के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए परिवार भाजपा का मुकाबला कर उसे हराने जा रहा है और सरकार बनाकर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करेगा। उन्होंने संसद में लोकतंत्र की ऐतिहासिक जीत के लिए इंडिया गठबंधन और साथ देने वाले सभी नेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाजवादी लोग हमेशा महिलाओं के आरक्षण और उन्हें आगे बढ़ाने के पक्षधर रहे हैं।

भाजपा साजिश और षडयंत्र करती है। भाजपा महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकती है। हम लोगों ने भाजपा की बदनीयत को कामयाब नहीं होने दिया। लोकसभा में भाजपा की बदनीयत की हार हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती है। जब आरक्षण गिनती से मिलना है तो जब तक गिनती नहीं होगी तक तक आरक्षण कैसे मिलेगा। भाजपा जनता से झूठ बोल रही है। झूठ बोलने में भाजपा हिटलर राज से भी आगे निकल गयी है। हिटलर की सरकार में झूठ बोलने के लिए एक मंत्री होता था यहां भाजपा की सरकार में बैठे सभी लोग झूठा प्रचार कर रहे हैं। भाजपा प्रोपेगेंडा के सहारे चलती है। जनता भाजपा को समझ चुकी हैं, अब इनका प्रोपेगंडा कामयाब नहीं होगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि संसद में पास हो चुके और अधिसूचित महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा के शपथ लिए लोग झूठ बोल रहे हैं। सड़कों पर झूठा प्रचार कर रहे है, कह रहे हैं महिला आरक्षण बिल पास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जो महिला आरक्षण बिल संसद में 2023 में सभी दलों के सहयोग से पास हो चुका है, उसको लेकर भाजपा झूठ बोल रही हैं। इस बार तो इनकी बदनीयत और साजिश की हार हुई है। जनता ने देख लिए भाजपा का षडयंत्र कितना बड़ा था, उसका पर्दाफाश हो गया है। भाजपा झूठ बोलकर अपना उल्लू सीधा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण के साथ हर तरह के संरक्षण की जरूरत है। भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ अन्याय, अत्याचार हो रहा है।

## ग्रामीण युवाओं को उद्योग स्थापना का मौका, आवेदन आमंत्रित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद लखनऊ में बेरोजगार युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ब्याज सहायता युक्त ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में नए उद्योग स्थापित कर रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ए.के. गौतम ने बताया कि जनपद लखनऊ के लिए इस वर्ष 12 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को बैंक ऋण पर केवल 4 प्रतिशत ब्याज स्वयं वहन करना होगा, जबकि शेष ब्याज का भार सरकार अनुदान के रूप में वहन करेगी। वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांग श्रेणी के लाभार्थियों को टर्म लोन पर पूरा ब्याज सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। योजना में सामान्य वर्ग के पुरुष आवेदकों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों को मात्र 5 प्रतिशत अंशदान देना होगा।

आवेदन के लिए आयु 18 से 50 वर्ष के बीच और न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। साथ ही, आवेदक ने पूर्व में किसी भी वित्तीय संस्था या खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड से ऋण अनुदान प्राप्त न किया हो। आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षिक प्रमाण पत्र, ग्राम प्रधान का अनापत्ति प्रमाण पत्र, जनसंख्या प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, जाति प्रमाण पत्र तथा निवास प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।

## मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह में उत्तर प्रदेश को देश में मिला दूसरा स्थान

● सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दी बधाई

● प्रदेश के 11.3 लाख कर्मचारियों ने पूरा किया न्यूनतम 4 घंटे का प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग (आईगोट) कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर देश के कुल शिक्षण में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान सुनिश्चित किया गया। इस दौरान 14.25 लाख कर्मियों ने 1.25 करोड़ से अधिक शिक्षण घंटे पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि राज्य के कार्मिकों की सक्रिय सहभागिता, उच्च स्तर की प्रतिबद्धता, अनुशासन और सतत अधिगम (लगातार सीखना) के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण का प्रतिफल है।

मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह (2 से 10 अप्रैल) के दौरान उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों ने अपनी कार्यक्षमता, कार्यक्षेत्र एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन हासिल किया है। उत्तर प्रदेश ने ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मेंस श्रेणी में देश के राज्यों के बीच दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि योगी सरकार की दूरदर्शी नीतियों, प्रभावी क्रियान्वयन तंत्र, कार्मिकों की टीम भावना और समन्वित प्रयासों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। साधना सप्ताह के दौरान राज्य के 11.3 लाख से अधिक कर्मचारियों द्वारा न्यूनतम 4 घंटे का प्रशिक्षण पूरा किया गया। यह शासन प्रणाली में गुणात्मक सुधार की दिशा में एक सशक्त संकेत है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि पर प्रदेश के सभी अधिकारी-कर्मचारी, संबंधित विभागों और नोडल संस्था उपाम की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से इस अभियान के सफल संचालन में विभागीय स्तर पर किए गए समन्वय, निगरानी एवं प्रोत्साहनात्मक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जो प्रशंसा के योग्य है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आयोजित साधना सप्ताह के दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से ज्ञानार्जन एवं क्षमता-विकास के इस महत्त्वपूर्ण अभियान में गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की गई है। इसके तीन मुख्य उद्देश्य हैं, तकनीकी रूप से सुदृढ़ एवं सक्षम होना, हमारी समृद्ध परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों की सम्यक समझ विकसित करना, नागरिक को शासन-प्रक्रिया के केंद्र में रखते हुए ठोस, प्रभावी एवं मापनीय परिणाम प्राप्त करना। भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की परिकल्पना को सुदृढ़ आधार प्रदान करते हैं।

## पीएम के संभावित कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की हो चाक चौबंद व्यवस्थाः सीएम

● महिला सम्मेलन के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से करा ली जायें पूर्ण

● जुलाई के प्रथम सप्ताह तक पूरा हो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण

विशेष संवाददाता

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को वाराणसी पहुंचे। प्रधानमंत्री के संभावित दौरे के द्दष्टिगत उन्होंने सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान होने वाले महिला सम्मेलन के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के आवागमन समेत वाहनों की पार्किंग, पेयजल आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के अलावा पूरे शहर की बेहतर स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए स्ट्रीट डॉग एवं छुट्टे पशुओं को आश्रय स्थलों में रखे जाने का निर्देश दिया। कहा कि स्ट्रीट वेंडरों का भी समुचित व्यवस्थापन सुनिश्चित कराया जाय। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने रूट डाइवर्जन की बेहतर व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया, ताकि आम जनमानस को कोई परेशानी न होने पाए।

बैठक में प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के दौरान लोकार्पित एवं शिलान्यास होने वाली परियोजनाओं की बाबत मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने रोपवे की परियोजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान तेजी से कार्य कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि गंजारी में निमार्णाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर कराते हुए शीघ्र पूर्ण कराएं। मंडलायुक्त ने बताया कि जुलाई के प्रथम सप्ताह तक स्टेडियम का कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

## विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के तहत 12.47 अरब स्वीकृत

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत 12 अरब 47 करोड़ 50 लाख रुपये की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है। यह धनराशि प्रदेश के विधान सभा और विधान परिषद के सदस्यों को विकास कार्यों के लिए प्रथम किश्त के रूप में जारी की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि विधान सभा की 403 सीटों में से वर्तमान में 400 सदस्यों के लिए 10 अरब रुपये (जीएसटी सहित) तथा विधान परिषद के 100 में से 99 सदस्यों के लिए 2 अरब 47 करोड़ 50 लाख रुपये (जीएसटी सहित) स्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार कुल 499 सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम किश्त के रूप में प्रति सदस्य 2 करोड़ 50 लाख रुपये की दर से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत धनराशि से संबंधित क्षेत्रों में आवश्यक विकास कार्य कराए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निधि का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं शासनादेशों के अनुरूप ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि जनता को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

## 2023 में पास महिला आरक्षण विधेयक को करें लागू : प्रणीति

● आराधना मिश्रा ने कहा योगी सरकार विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कराने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजे, कांग्रेस समर्थन में

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य और सांसद प्रणीति शिंदे ने मंगलवार को लखनऊ में कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महिला आरक्षण का पूरा समर्थन करते हुए भाजपा को महिलाओं के आरक्षण के मुद्दे पर धोखा देने पर घेरा और भाजपा के द्वारा सत्ता के लिए महिलाओं के इस्तेमाल का आरोप लगाया। प्रणीति शिंदे ने भाजपा मोदी सरकार से 2023 में संसद में पास महिला आरक्षण को तुरंत लागू करने की मांग की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने भाजपा पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि क्या भाजपा अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष किसी महिला को बना सकती है? बीजेपी



महिलाओं को सम्मान अधिकार नही देना चाहती सिर्फ चुनावी लाभ के लिए ड्रामा कर रही है,

प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, मीडिया वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, वरिष्ठ प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रवक्ता सचिन रावत, प्रवक्ता अलीमुल्लाह खान उपस्थित रहे।

सांसद प्रणीति शिंदे ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हम पहले दिन से महिला आरक्षण का समर्थन करते हैं, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा के अंदर महिला आरक्षण पर कांग्रेस के समर्थन को स्पष्ट किया और 2023 में पास हुए महिला आरक्षण बिल को तुरंत लागू करने की मांग की और कांग्रेस पार्टी का बिल को पूर्ण समर्थन दिया, लेकिन महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर बिना जनगणना किये सीटों को बढ़ाना गलत है हम इसके खिलाफ हैं, यह असंवैधानिक है, उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि बीजेपी महिला आरक्षण विधेयक लागू ही नहीं करना चाहतीं हैं इसीलिए 2023 में महिला आरक्षण बिल पास होने के बावजूद लागू नहीं किया और इस आरक्षण को डिलिमिटेशन के साथ जोड़कर विवादित कर महिलाओं का हक मारने का काम किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस डिलीमेटशन के खिलाफ नहीं है, आखिर भाजपा 2011 के जनगणना पर आप क्यों डिलीमेटशन करना चाहती हैं, अभी जनगणना चल रही है, डिजिटल होने की वजह से 2027 तक जनगणना पूरी हो जाएगी उसके बाद सीटों की बढ़ोतरी संविधान सम्मत हो, हम समर्थन में हैं लेकिन भाजपा मोदी सरकार ने महिला आरक्षण बिल को रोकने के लिए डिलिमिटेशन के नाम का मुखौटा लगाकर इसको टालने दिया।

सांसद प्रणीति शिंदे ने कहा कि आज महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर बीजेपी सिर्फ प्रोपोगंडा कर रही है, सिर्फ राजनीति कर रही है, सवाल यह है कि जब बिल 2023 में पास हो गया था तो उसे लागू क्यों नहीं किया, इसी समय जब राज्यों में चुनाव चल रहे हैं, आचार संहिता लागू है ऐसे में मोदी सरकार द्वारा जो कानून संसद में लाया गया वह आचार संहिता का भी उल्लंघन है। प्रणीति शिंदे ने कहा कि जो मोदी महिलाओं के अत्याचार पर नही बोलते, मणिपुर पर संसद के अंदर नाम तक नही लिया, महिला आरक्षण को लेकर महिला हितैषी को लेकर रोने का नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा सत्ता के लिए महिलाओं का इस्तेमाल करती है, सिर्फ सत्ता के लिए भाजपा और मोदी ने महिला आरक्षण को लागू न कर उसकी आड़ में डीलिमिटेशन बिल पारित कराने की साजिश की।

संक्षेप

## पुलिस गिरफ्त में वांछित व बाल अपचारी

प्रतापगढ़। अलग अलग घटनाओं में पुलिस ने बाल अपचारी समेत दो लोगों को पकड़कर विधिक कार्रवाई की है। कोतवाली लालगंज के दरोगा बृजेश कुमार मंगलवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर एससीएसटी के मुकदमे मे वांछित सुरेंद्र वर्मा उर्फ बब्बू पुत्र अशोक कुमार निवासी वर्मा नगर सराय भागवानी को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी घटना में उदयपुर थाने के दरोगा संजय यादव ने गश्त के दौरान किशोरी के अपहरण के मुकदमें में वांछित बाल अपचारी को पकड़कर विधिक कार्रवाई की है।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, गृहस्थी राख

प्रतापगढ़। अज्ञात कारणो से लगी आग से गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गये। लीलापुर थाना क्षेत्र के सरायताल मकईपुर गांव निवासिनी बब्बू सिंह की पत्नी अनीता सिंह के अनुसार बीती बीस अप्रैल की रात उसके छप्पर मे आग लग गयी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक गृहस्थी के अधिकांश सामान जलकर राख हो गये। पीड़िता ने पडोस के कुछ लोगों पर आगजनी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दो किशोरियों की राप्ती में डूबने से मौत

श्रावस्ती। जिले में राप्ती नदी के तेज कटान और सुरक्षा इंतजामों के अभाव ने मंगलवार को गिलौला ब्लॉक के नारायणपुर गांव में दो मासूम बच्चियों की जान ले ली। सोनवा थाना क्षेत्र के इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है और ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ गई है।

पुलिस के अनुसार सोनवा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी गुलसन पुत्री छोटकऊ (14) और अंशु देवी पुत्री धर्मराज (11) मंगलवार दोपहर गांव के पास राप्ती नदी में नहाने गई थीं। बताया जा रहा है कि नदी किनारे तेज कटान और फिसलन के कारण दोनों बच्चियां अचानक गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर सुनकर तत्काल बचाव प्रयास शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

## हत्या के आरोप में पत्नी, प्रेमी समेत तीन गिरफ्तार

प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी, प्रेमी और एक साथी को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को सोमवार देर शाम डीहा स्थित दुआर नाला के पास से स्वाट टीम और थाना पुलिस के संयुक्त दल ने गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनंदन राय ने बताया कि तुला का पुरवा मजरा बेती निवासी रीना यादव ने 19 अप्रैल को पुलिस को सूचना दी कि उसके पति देवतादीन (40) का शव सुबह छह बजे घर के बाहर चारपाई पर पड़ा मिला। शरीर पर मुंह-नाक के पास खून और गले पर रस्सी के निशान थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, जिसकी रिपोर्ट मिलने पर गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि देवतादीन की पत्नी रीना ने ही प्रेमी सुभाष पाल व उसके साथी गुड्डू पटेल के साथ मिलकर गला दबाकर उसकी हत्या की थी। इसके बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह और स्वाट टीम प्रभारी अमित चौरसिया के संयुक्त दल को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी डीहा स्थित दुआर नाला के पास मौजूद हैं जिसके बाद घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## तीन मोटरसाइकिल, झोपड़ी में लगायी आग, एक हिरासत में

देवरिया। जिले के एक गांव में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में गाने के चयन को लेकर युवाओं के दो समूहों के बीच हुए विवाद के बाद कथित तौर पर आग लगाये जाने से तीन मोटरसाइकिल और एक झोपड़ी जलकर राख हो गई। घटना खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव सोमवार देर रात को हुई। पुलिस के अनुसार, यह कार्यक्रम एक उपनयन संस्कार के अवसर पर आयोजित किया गया था। पुलिस के अनुसार, दिन के अनुष्ठान के बाद शाम को आर्केस्ट्रा और रात्रि भोज का आयोजन किया गया था।

# डीएम ने सुनी जन फरियाद

## नवागत जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने संभाली श्रावस्ती की प्रशासनिक कमान



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जनपद श्रावस्ती में नवागत जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने मंगलवार को 38वें जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। वर्ष 2016 बैच की आईएएस अधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग इससे पूर्व उत्तर प्रदेश शासन में विशेष सचिव, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के पद पर कार्यरत थीं। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पदभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं को सर्वोच्च रखते हुए जनपद में सुशासन और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा सरकारी योजनाओं का लाभ समय से पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे।

कार्यभार संभालने के बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय में प्रथम जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए कहा कि श्रावस्ती बाढ़ प्रभावित और आकांक्षात्मक जनपद है, इसलिए इन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित रहने, बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ने तथा पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनता दर्शन, तहसील दिवस एवं आईजीआरएस की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद सहित अन्य अधिकारियों ने निदेशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

# एसपी ने सुनी जनपीड़ा ,दिये त्वरित कार्रवाई के निर्देश



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें जमीनी विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद एवं अन्य विभिन्न प्रकरण शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मामलों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है, जिससे लोगों को त्वरित न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत हो रही है। यह पहल आम नागरिकों के विश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ पुलिस व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

# जमीन विवाद में टॉवर पर चढ़ी युवती, पुलिस के समझाने पर उतरी



प्रतापगढ़। जमीनी विवाद में विपक्षियों पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार की सुबह एक युवती टावर पर चढ़ गयी। मामले की जानकारी होने पर हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर युवती को नीचे उतरवाया। पुलिस ने दोनों पक्ष का समझौता कराकर मामले को शान्त करा दिया। लीलापुर थाना क्षेत्र के देवली गांव में कल्लू वर्मा का विपक्षी रामफेर वर्मा से जमीन का विवाद चल रहा है। मामले को लेकर कोर्ट में वाद भी दायर है। इसे लेकर कल्लू वर्मा की पुत्री दामिनी सुबह करीब पांच बजे गांव स्थित टॉवर पर चढ़ गयी। पीड़िता का आरोप है कि विपक्षी रामफेर पुत्र राम आनन्द वर्मा उसके हिस्से की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। मामले की शिकायत करने पर पुलिस भी सुनवाई नही कर रही है। इसलिए न्याय को लेकर उसे टॉवर पर मजबूरन चढ़ना पड़ा। फिलहाल पुलिस किसी तरह समझा बुझाकर युवती को टॉवर से नीचे उतरवाया और थाने ले गयी। जहां दोनों पक्ष के बीच समझौता करा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि कल्लू पक्ष से दामिनी व रामफेर पक्ष से संत कुमारी के बीच समझौता करा दिया गया है, दो दिनों के अंदर राजस्व व पुलिस को सूचित करने के साथ ही लोग पैतृक जमीन का बंटवारा करके अपने हिस्से पर काबिज होकर कार्य करेंगे। मामले में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## शिक्षकों का तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण हुआ शुरू



प्रतापगढ़। नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में मंगलवार से तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम चरण में कुल तीन सौ तैतालिस शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जिन्हें डिजिटल एप से जनगणना करने को लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ कुल चौदह प्रशिक्षक शिक्षकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन खण्ड शिक्षा अधिकारी सांगीपुर जंगीलाल मौर्य की देखरेख मे किया जा रहा है। इधर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र की अगुवाई में शिक्षकों ने तहसीलदार गरिमा वर्मा को ज्ञापन सौंपकर वरिष्ठता व कनिष्ठता के आधार पर डयूटी लगाए जाने की मांग की। इस मौके पर शिक्षक नेता प्रभाकर दुबे, राजेशचंद्र पाण्डेय, धर्मेन्द्र शुक्ल, हिमांशु ओझा, कमलेश मिश्र, कामना त्रिपाठी, अरूण पाण्डेय, आशुतोष शुक्ल, अजय यादव, अविनाश यादव, पन्नालाल, अम्बरीश मिश्र, उमेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

# होमगाड्र्स परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

## डीएम-एसपी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश



सिद्धार्थनगर- उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स परीक्षा 2025 को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने मंगलवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, नौगढ़ और जय किसान इंटर कॉलेज, सकतपुर सनई जैसे परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया। अधिकारियों ने विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी माहौल में संपन्न होनी चाहिए।

उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने, केंद्रों पर लगातार सतर्क निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी अव्यवस्था या अनियमितता की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ! पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने भी परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने और परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों और तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को उनके दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता और पारदर्शिता के साथ करने को कहा गया। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स परीक्षा 2025 को बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक संपन्न कराना है।

# बुद्धा फ्ल्यू स्टेशन महादेवा पेट्रोल पंप पर अव्यवस्था, मनमानी से भड़के वाहन स्वामी




सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महादेवा के निकट स्थित बुद्धा फ्ल्यू स्टेशन पेट्रोल पंप पर सोमवार रात भारी अव्यवस्था देखने को मिली। रात करीब 8 बजे से 10 बजे तक दोपहिया और चारपहिया वाहन स्वामियों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिसके बाद देर रात लगभग 10 बजे पेट्रोल-डीजल का वितरण शुरू किया गया। आरोप है कि वितरण शुरू होने से पहले कुछ दोपहिया वाहन स्वामियों को बाल्टी में पेट्रोल भरकर अनाधिकृत तरीके से दिया गया, जिससे लाइन में लगे अन्य लोगों में नाराजगी फैल गई। इस पर कई वाहन स्वामियों ने विरोध भी जताया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बांसी थाने से पहुंचे पुलिसकर्मी हेमंत व उनके सहयोगियों ने काफी मशक्कत कर भीड़ को संभाला और वितरण प्रक्रिया को सुचारू कराया। इसके बावजूद लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ा। स्थानीय वाहन स्वामियों का कहना है कि इस पेट्रोल पंप पर आए दिन तेल की किल्लत और कर्मचारियों की मनमानी के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से व्यवस्था सुधारने और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है। गौरतलब है कि बुद्धा फ्ल्यू स्टेशन महादेवा पेट्रोल पंप बांसी तहसील के ग्राम पठनपुरवा-महादेवा क्षेत्र में स्थित है और क्षेत्र के प्रमुख पेट्रोल पंपों में गिना जाता है।

## आठवें वेतन आयोग से पूर्व पेंशनरों के हित में सौंपा ज्ञापन



श्रावस्ती। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में पेंशनरों ने धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी श्रावस्ती के माध्यम से उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग लागू होने से पूर्व के पेंशनरों की पेंशन का पुनरीक्षण कर सभी लाभ देने की मांग की गई। पेंशनरों ने कहा कि वित्त विधेयक 2025 में तिथि के आधार पर किया गया भेदभाव समाप्त कर पुराने पेंशनरों को भी आठवें वेतन आयोग में शामिल किया जाए। साथ ही 29 अगस्त 2008 के राजपत्र के अनुसार कर्मचारियों, पेंशनरों व शिक्षकों के लिए अलग सीपीआई बनाई जाए तथा उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार पेंशन को लंबी सेवा का बकाया वेतन मानते हुए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल की जाए। अन्य मांगों में पेंशन राशिकरण कटौती 10 वर्ष में बंद करने, 65 वर्ष के बाद हर पांच वर्ष पर 5 प्रतिशत वृद्धि, पेंशन को आयकर मुक्त करने, कोरोना काल के 18 माह के डीए/डीआर एरियर भुगतान, वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में 50 प्रतिशत छूट, आयुष्मान भारत में 10 लाख तक कैशलेस इलाज और महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर मूल वेतन में जोड़ने की मांग शामिल रही। इस दौरान अध्यक्ष गुरू नरायण पाठक, मंत्री अवधेश कुमार यादव, राम बरन तिवारी, फौजदार मिश्र, तुलसी राम वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, फूलचन्द्र गुप्ता, राम कुमार वर्मा, जगराम मिश्र, विनोद कुमार मिश्र, सरोज देवी सहित अन्य पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# मधुसूदन अग्रहरि बने व्यापार मंडल के नवागत जिलाध्यक्ष

सिद्धार्थनगर- उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सिद्धार्थनगर जिले के लिए नए नेतृत्व का चयन किया है। संगठन ने मधुसूदन अग्रहरि को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह निर्णय मंगलवार को जनपद बस्ती में आयोजित व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। बैठक में संगठन विस्तार और व्यापारियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई, साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई अहम निर्णय भी लिए गए। प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल और प्रदेश महामंत्री बनार्जी लाल अग्रहरि की उपस्थिति में मधुसूदन अग्रहरि को सिद्धार्थनगर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रदेश नेतृत्व ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मधुसूदन अग्रहरि को निर्देश दिया है कि वे 15 दिनों के भीतर जिले की पूरी कार्यकारिणी का गठन कर प्रदेश नेतृत्व को सूचित करें। बैठक में प्रदेश महामंत्री सचिन कंछल, प्रदेश मंत्री राम अजोर कसौधन, बस्ती के जिलाध्यक्ष सुभाष अग्रहरि, संत कबीर नगर के जिलाध्यक्ष कपीश चंद, बस्ती के जिला महामंत्री किशन सिंह और संत कबीर नगर के जिला महामंत्री श्रीधर जी सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित थे।




# 9 बीघा जमीन के विवाद में धोखाधड़ी का आरोप

- रजिस्ट्री के जरिए फंसाने की कोशिश, डेढ़ करोड़ की डील में चेक बाउंस

सिद्धार्थनगर- शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में एक बड़े जमीन फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है। बुढनईया गांव में 5 करोड़ 50 लाख रुपये की जमीन डील को लेकर यह आरोप लगा है। पीड़ित शम्भूनाथ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 3 बीघा जमीन की रजिस्ट्री की आड़ में सुनियोजित तरीके से 9 बीघा जमीन हड़पने की साजिश रची गई।शम्भूनाथ के अनुसार, बुढनईया मेन रोड पर स्थित 9 बीघा जमीन का सौदा मोहम्मद मुस्लिम से 5.50 करोड़ रुपये में तय हुआ था। इसमें 6 बीघा के लिए 4 करोड़ रुपये और 3 बीघा के लिए 1.50 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए थे। 12 अप्रैल 2026 को केवल 3 बीघा जमीन की रजिस्ट्री होनी थी। इस प्रक्रिया के तहत परमात्मा पुत्र पारसनाथ की डेढ़ बीघा, तथा शम्भूनाथ पुत्र परमात्मा, रमाशंकर पुत्र परमात्मा और रविन्द्र पुत्र परमात्मा की 10-10 मंडी जमीन सुयश बूबना, राजेश कुमार जायसवाल और मोहम्मद मुस्लिम के नाम पंजीकृत की गई। पीड़ित शम्भूनाथ का आरोप है कि



3 बीघा की रजिस्ट्री के बहाने वकील, दस्तावेज लेखक और कथित क्रेताओं की मिलीभगत से पहले से ही 9 बीघा जमीन के कागजात तैयार कर लिए गए थे। उनसे यह कहकर हस्ताक्षर कराए गए कि दस्तावेज केवल 3 बीघा से संबंधित हैं, जबकि कथित तौर पर शेष 6 बीघा जमीन भी लिखवाने की तैयारी थी। पीड़ित का दावा है कि दूसरी बार फिंगरप्रिंट लगने थे, लेकिन नेटवर्क समस्या के कारण प्रक्रिया रुक गई, जिससे अतिरिक्त 6 बीघा जमीन जाने से बच गई। इस मामले का सबसे बड़ा विवाद भुगतान को लेकर है। पीड़ित के अनुसार, 1.50 करोड़ रुपये की डील के बावजूद रजिस्ट्री में केवल 40 लाख रुपये का प्रतिफल दर्शाया गया। 63 लाख रुपये खातों में स्थानांतरित किए गए, जबकि 33 लाख रुपये के तीन चेक दिए गए। शेष 54 लाख रुपये नकद रजिस्ट्री के बाद देने का वादा किया गया था।शम्भूनाथ का आरोप है कि उन्हें ₹पैसा गाड़ी में रखा है₹ कहकर भरोसा दिलाया गया, लेकिन रजिस्ट्री के बाद न तो 54 लाख रुपये नकद दिए गए और न ही 33 लाख रुपये के चेक क्लियर हुए। अब चेक बाउंस का मामला भी जांच के दायरे में है।

## शोहरतगढ़ में मनोनीत सभासदों को दिलायी गयी शपथ



सिद्धार्थनगर- शोहरतगढ़ नगर पंचायत सभागार में मंगलवार को मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। उपजिलाधिकारी विवेकानंद मिश्र ने रविंद्र वर्मा, बैजनाथ कन्नौजिया और शिवशरण चौधरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि नगर विकास में नव मनोनीत सभासदों की भी अहम भूमिका होगी। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने पर जोर दिया और महिलाओं को 33% आरक्षण देने की पहल को ऐतिहासिक बताया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या का स्वागत किया। समारोह में कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नियमों को ठेंगा दिखाना पड़ा भारी, सैकड़ों यात्रियों से भरी बस सीज

- एआरटीओ- यात्री कर अधिकारी के कार्यवाही से मचा हड़कंप : कहीं खुशी तो कहीं गम
- अतिरिक्त चालक व परिचालक बस छोड़कर फरार, यात्रियों ने लगाया आरटीओ जिंदाबाद के नारे




जिला संवाददाता

श्रावस्ती। परिवहन विभाग द्वारा तय मानको को बलाए ताक पर रखकर निर्धारित क्षमता से कई गुना अधिक सवारियों को ढोते समय प्राइवेट बस सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा यात्री कर महेश यादव अधिकारी हत्थे चढ़ गई।

यात्री कर अधिकारी महेश यादव द्वारा छानबीन निरीक्षण परीक्षण करने के बाद चौधरी गोल्डी बस सर्विस को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया। इस कार्रवाई को लेकर प्राइवेट बस संचालकों में हड़ कंप मच गया है वहीं यात्रियों ने इस कार्रवाई को लेकर आरटीओ जिंदाबाद के नारे लगाए गए। गौर तलब हो कि चौधरी गोल्डी बस सर्विस की बस श्रावस्ती जनपद के सेमरी चौराहे से दिल्ली लाल किला मैदान के लिए नियमित रूप से संचालित होती है चौधरी गोल्डी सर्विस की बस संख्या यूपी 27 अळ 61 51 दिनांक 20 अप्रैल 26 को सौ सवारियों के आस पास ठूस ठूंस भरकर दिल्ली से शाम 8:00 बजे श्रावस्ती जनपद के लिए प्रस्थान किया। स्लीपर के प्रत्येक एक सीट पर 7 से 8 यात्रियों को बेरहमी से बैठाया गया सिंगल स्लीपर सीट पर पांच यात्रियों को बैठाया गया। चालक के केबिन में बोनट पर चार से अधिक लोगों को सेट किया गया। बच्चों बड़ों समेत 100 सवारियों को उक्त बस में भूसे की तरह भर गया। कुछ के लिए बस के अंदर गैलरी मे अस्थाई सीट लगाई गई। जो अन्य यात्री बचे थे उन्हें गैलरी की फर्श पर बैठाया गया।ऐसी व्यवस्था में यात्रियों का शरीर हिलना डुलना भी मुश्किल था।

बस चालक परिचालक द्वारा प्रति यात्रियों से 700 से 900 किराए के तौर पर लिया गया। जब यात्रियों ने सेट की मांग की गई तो उनको झूठा आश्वासन देते हुए कहा गया की 50 किलोमीटर आगे कंपनी की एक बस खाली खड़ी है उसमें लोगों को सीटे मिल जाएगी। उक्त बस के भीतर प्रकाश व्यवस्था तथा स्लीपर पर पर्दा का पूर्ण अभाव था जिससे खासकर महिला यात्री काफी आहत व परेशान रहीं। बस में मूत्रालय की व्यवस्था नदारत थी ।किराए देने के बाद भी जब सीट नहीं दी गई तो परिचालक तथा यात्रियों के बीच तकरार होने लगी। बस संचालन में लगे चालक परिचालक खलासी द्वारा यात्री महिला पुरुषों से अभद्रता करते रहे। 75 किलोमीटर यात्रा तय करने की बावजूद न तो दूसरी बस की सुविधा दी गई और ना ही सीट यात्रियों ने जब फिर पुरजोर विरोध किया तो चालक द्वारा बस में खराबी का बहाना बनाते हुए सुनसान स्थान पर सड़क के किनारे कई घंटे खड़ा रखा गया। जिससे यात्रियों में बेचैनी और बढ़ गई। इस मनमानी और अव्यवस्था को लेकर कुछ यात्रियों ने रात में ही बस की भीतर यात्रियों के दुर्दशा, मानक से कई गुना अधिक यात्रियों की मौजूदगी का वीडियो तथा फोटोग्राफ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्रावस्ती विनीत कुमार मिश्रा के व्हाट्सएप पर भेज कर समस्या निराकरण और कार्रवाई के लिए गुहार लगाई। उन्होंने कार्रवाई का पूरा भरोसा दिया। ए आरटीओ विनीत कुमार मिश्रा ने यात्रियों के समस्याओं को गंभीरता से लेकर रात में ही अपनी रणनीति तैयार कर ली थी। 21 अप्रैल को दिन की 12:00 बजे जैसे ही यह बस इकौना की पास पहुंची वैसे ही यात्री कर अधिकारी महेश यादव बस का पीछा करते हुए अपने दल बल के साथ बस को कब्जे में लेकर बस में मौजूद यात्रियों का वीडियो बनाया यात्रियों तथा बस चालक परिचालक से गहन पूछताछ किया निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने की दशा में बस को कब्जे में लेकर यात्री कर अधिकारी महेश वर्मा द्वारा चीज कर विधि कार्रवाई की गई इस कार्रवाई के प्रारंभ होते ही यात्रियों ने आरटीओ साहब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बस संचालकों की पूरी पोल पट्टी खोल दिया. वहीं इस कार्यवाही को लेकर ऐसे अन्य प्राइवेट बसें जो इस तरीके से मनमानी कर चलती हैं उसमें हड़कंप मच गया है।

## स्कूली बस की चपेट में आकर छात्र की मौत



सिद्धार्थनगर - ढेबरुआ थाना क्षेत्र के औरहवा गांव में मंगलवार सुबह 8 वर्षीय छात्र आदित्य कुमार की स्कूली बस की चपेट में आकर मौत हो गई। वह बरसाती इंटर कॉलेज का कक्षा 2 का छात्र था और बस का इंतजार कर रहा था। बहनों के बस में चढ़ने के बाद चालक ने बस आगे बढ़ा दी, जिससे आदित्य गिरकर बस के नीचे आ गया। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन और चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बस में केयरटेकर नहीं था। पुलिस ने बस और चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# एम्बुलेंस कर्मी को ब्रेन हैमरेज

## परिजनों ने लगाया काम के दबाव में अस्वस्थ होने का आरोप



गीडा, गोरखपुर। स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले एम्बुलेंस कर्मियों की जिंदगी खुद इमरजेंसी में फंसी नजर आ रही है। पिपरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात 102 एम्बुलेंस सेवा के एक ईएमटी सोमवार दोपहर ड्यूटी के दौरान मानसिक तनाव और काम के अत्यधिक दबाव के कारण ब्रेन हैमरेज का शिकार हो गए। जिसकी हालत वर्तमान में नाजुक बनी हुई है।

मूल रूप से आजमगढ़ के जहानागंज निवासी विजय यादव (33) वर्ष 2017 से पिपरौली सीएचसी पर तैनात हैं। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जब वे अपनी ड्यूटी पर थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वर्तमान में परिजन उन्हें आजमगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे हैं।

घटना के बाद सोशल मीडिया पर पीड़ित की पत्नी संगीता यादव का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने एम्बुलेंस संचालित करने वाली संस्था जी.वी.के. ईएमआरआई के जिला स्तरीय अधिकारियों पर गंभीर उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि वॉयस ऑफ लखनऊ समाचार पत्र नहीं करता है।

पीड़ित एमटी के भतीजे अमित यादव ने बताया कि संस्था के अधिकारी कर्मचारियों से महीने के 30 दिन और 24 घंटे काम लेने की मानसिकता रखते हैं। कर्मचारियों पर प्रतिदिन 300 किलोमीटर एम्बुलेंस चलाने का अव्यावहारिक दबाव बनाया जाता है। यदि काम कम हो या कोई थकान की बात करे, तो अधिकारी आईडी ब्लॉक करने और दूरस्थ जिलों में तबादला करने की धमकी देते हैं।

परिजनों का सबसे बड़ा आरोप यह है कि इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद संस्था के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने फोन कर पीड़ित का हालचाल तक नहीं लिया। अस्पताल सूत्रों की मानें तो संस्था के दबाव के कारण सीएचसी पर तैनात अधिकांश एम्बुलेंस चालक और ईएमटी स्थानीय ग्रामीणों के मोबाइल से स्वयं 108 और 102 पर फोन कर फर्जी तरीके से एम्बुलेंस को सड़कों पर दौड़ा रहे हैं ताकि कागजों पर लक्ष्य पूरा किया जा सके। पीड़ित अपने परिवार के मुख्य आधार हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा 10 साल का एक बेटा और 7 साल की एक बेटी है। पिता की गंभीर स्थिति को देख बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वायरल वीडियो और परिजनों के आरोपों ने कंपनी के वर्क कल्चर को पूरी तरह कठघरे में खड़ा कर दिया है। *इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश झा के सीयूजी मोबाइल नंबर 8005192660 पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। उनका पक्ष आने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।*

# डंठल में लगी आग ने लिया भयावह रूप

## आम व सागौन के बागीचे भी चपेट में



गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र में इन दिनों खेतों में जले डंठलों की आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है। ठठौली, डेमुसा, टिकरी, बड़ोही ताल और रकहट समेत कई गांवों में लगी आग ने न सिर्फ खेतों को नुकसान पहुंचाया, बल्कि बाग-बगीचों, पर्यावरण और जीव-जंतुओं के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर दिया।

डंठल में लगी आग तेजी से फैलते हुए कई स्थानों पर गांवों के करीब तक पहुंच गई। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि कहीं भी बड़ी अनहोनी हो सकती थी। हालांकि ग्रामीणों की सूझबूझ और अथक प्रयासों से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और गांवों को सुरक्षित बचा लिया गया।

ठठौली गांव में आग ने आम और सागौन के बागीचों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वहीं टिकरी गांव में खेतों से उठी आग गांव के समीप तक पहुंच गई, जहां प्राथमिक विद्यालय, सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान भी खतरे की जद में आ गए थे। ग्रामीणों की तत्परता के चलते ये संस्थान सुरक्षित बच गए।

आग की इस घटना ने पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाया है। खेतों में लगी आग से अनेक छोटे जीव-जंतु, कीट-पतंगे और पक्षियों के घोंसले जलकर खाक हो गए। साथ ही छुट्टा पशुओं के लिए भी यह आग जानलेवा साबित हो रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर एक साथ आग लगने के कारण सूचना देने के बावजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच सकीं। ऐसे में ग्रामीणों को ही मोर्चा संभालना पड़ा और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। क्षेत्र के ठठौली के तारकेश्वर सिंह का सागौन का बागीचा, इंद्रजीत यादव के पंपिंग सेट का सेक्सन पाइप, टेकुआ माधो के श्रवण सिंह, धर्मवीर सिंह, दिनेश सिंह, राकेश सिंह, अरूण सिंह, अवधेश सिंह, नन्हे सिंह, बटर सिंह, संजय सिंह का आम का बागीचा व वांस की कोठी आग की चपेट में आकर झुलस गयी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि डंठल जलाने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता है।

# अधीक्षण अभियंता का हुआ जोरदार स्वागत



इटावा। आदिसागर अंकलीकर इंटर कालेज में रजनीश कुमार शर्मा अधीक्षण अभियंता लखनऊ से पधारे। विद्यालय के प्रबंधक विशुन कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। रजनीश कुमार शर्मा विद्यालय के छात्र और छात्राओं से मिले और उन्हें शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही आप अपने जीवन में उन्नति कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालय की भौतिक सुविधाओं तथा शिक्षण कार्य शैली की प्रशंसा की। इससे पूर्व श्री शर्मा इटावा पारेषण खंड कुनेरा अधीशाषी अभियंता के पद पर रह चुके है। उनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा जो कभी भुलाया नहीं जा सकता। सोहनी यादव प्रधानाचार्य अचला वर्मा नेहा शर्मा प्रीति शीला शर्मा अशोक नारायण सुमित यादव सुमित सिंह चेतन सिंह शिक्षा अग्रवाल लक्ष्मीगुप्ता, रहीस बेगम, बबली, शशि कला, गीता देवी, कुसुम, काजल, रमाकांत, प्रमोद, अन्नू यादव, दीपक वर्मा, मंगल सिंह वर्मा, आशीष कुमार, रवि कुमार, विशाल तथा संजय वर्मा आदि ने स्वागत किया है।

# शहर में धूमधाम निकली भगवान कालभैरव की पालकी यात्रा



इटावा। सोमवार की देर रात शहर में पंचम काल भैरव शमशान यात्रा का आयोजन एक कदम संस्कृति की ओरश के नाम से किया गया। सुमेर सिंह किला स्थित हनुमान गढ़ी से शुरू हुयी भव्य यात्रा बैंड बाजों के साथ मोक्षधाम पर पहुंचकर संपन्न हुई यहां पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ और सैकड़ो दीप जलाये गये दीपों से मोक्ष धाम जगमग उठा। यात्रा में शामिल युवा भक्ति गीतों पर खूब थिरके। हनुमान गढ़ी के महंत वीराचारी साधक भैरवानंद गिरी सागर महाराज ने बताया कि कालभैरव यात्रा का आयोजन करने का उद्देश्य सनातन धर्म की प्राचीन पद्धति के अनुसार उज्जैन, बनारस, काशी में काल भैरव भगवान अपने भक्तों का जायजा लेने भ्रमण पर निकलते हैं वैसे ही इटावा में सुमेर सिंह किला पर महाविद्या काली गुफा में काल भैरव भगवान का प्राचीन स्थान हैं। भगवान काल भैरव अपने भक्तों का जायजा लेने के लिए निकले थे। काल भैरव भगवान की यात्रा काली गुफा से भूतनाथ मंदिर होती हुई मोक्षधाम के लिये निकाली गई। काल भैरव यात्रा से पूर्व दोपहर में हनुमानगढ़ी पर ब्रह्मलीन स्वामी आनंदेश्वर गिरी लाल बाबा की पुण्यतिथि पर पूजन अर्चन के बाद भव्य भंडारा भी आयोजित हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। काली गुफा में माता महाकाली व भगवान काल भैरव का पूजन अर्चन कर श्रृंगार भी किया गया था। देर रात मोक्षधाम पर यात्रा संपन्न होने के बाद हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ और भक्तों के द्वारा दीपदान भी किया गया दीपदान से मोक्षधाम जगमग हो उठा।

# 'मसान पाकड़' में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटा

## राजस्व टीम ने दी हिदायत



गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंभीरपुर बासुडीहा के राजस्व ग्राम मसान पाकड़ में निजी जमीन की आड़ में सरकारी बंजर भूमि को ठिकाने लगाने वाले भू-माफियाओं के मंसूबों पर प्रशासन ने पानी फेर दिया है। आईजीआरएस पोर्टल पर हुई शिकायत और खबर का संज्ञान लेते हुए एसडीएम बांसगांव प्रदीप सिंह ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जिसके बाद सोमवार को राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।

सोमवार को तहसीलदार सुशील कुमार के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस बल की टीम गाटा संख्या 414 पर पहुंची। पुलिस बल की मौजूदगी के बीच राजस्व टीम ने जमीन की विधिवत पैमाइश की और उस पर 'सरकारी पत्थर' गड़वा कर अपनी सीमा स्पष्ट कर दी। टीम ने स्पष्ट किया कि गाटा संख्या 413 की प्लाटिंग के नाम पर जिस कीमती सड़क किनारे की बंजर भूमि गाटा संख्या 414 का सौदा किया जा रहा था, वह पूरी तरह सरकारी है।

राजस्व निरीक्षक ब्रह्मानंद दुबे ने मौके पर मौजूद लोगों और दलालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी ने भी सरकारी पत्थर के साथ छेड़छाड़ की या बंजर भूमि पर निर्माण की कोशिश की तो उनके खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि भू-माफिया गाटा संख्या 413 की प्लाटिंग बेचते समय ग्राहकों को लालच दे रहे थे कि वे सामने की मुख्य सड़क वाली सरकारी जमीन पर भी कब्जा दिला देंगे। ग्राम प्रधान सोनू सिंह की शिकायत के बाद मामले ने तूल पकड़ा और प्रशासन ने समय रहते इस बेशकीमती सरकारी संपत्ति को भू-माफियाओं के चंगुल से बचा लिया। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक ब्रह्मानंद दुबे, लेखपाल सौरभ सिंह, लेखपाल बृजेश कुमार दुबे और लेखपाल मुकेश कुमार प्रसाद सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# 2023 में गुपचुप तरीके से बदला गया 147-इ ओवरब्रिज का नक्शा : काली शंकर

चौरीचौरा, गोरखपुर। ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने आज 147-इ रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर एक सनसनीखेज खुलासा करते हुए क्षेत्रीय राजनीति में भूचाल ला दिया है। आधिकारिक मानचित्र (नक्शा) का तकनीकी अध्ययन करने के बाद यदुवंशी ने सार्वजनिक रूप से बताया कि जो ओवरब्रिज मुख्यमंत्री उप्र0 की घोषणा और मंशा के अनुरूप जनहित में वाई मॉडल में स्वीकृत हुआ था, उसे कुछ प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों ने अपने और अपने से जुड़े हुए कुछ लोगों के व्यक्तिगत स्वार्थ की सिद्धि के लिए वर्ष 2023 में पीछे के दरवाजे से संशोधित कराकर एल माडल में' बदलवा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बड़े बदलाव को पिछले तीन सालों से पूरी तरह गुप्त रखा गया था ताकि स्थानीय जनता को इस विश्वासघात की भनक तक न लग सके। 'उन्होंने कहा कि चौरीचौरा की लाखों जनता आज भी इसी भरोसे में है कि उनके क्षेत्र में आधुनिक 'वाई मॉडल का पुल बन रहा है। लेकिन हकीकत में कुछ चंद स्वार्थी तत्वों ने भ्रष्टाचार और अप विनाशकारी साबित होगा। इससे न केवल बाजार और जुड़े हुए ग्रामीण क साथ ही, ओवरब्रिज पर प्रस्तावित तीखा मोड़ भविष्य में भीषण सड़क दुर्घटनाओं को कारण बनेगा और बढ़ते ट्रैफिक के कारण जनता को रोजाना घंटों जाम की समस्या से जूझना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन और शासन को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि इस अनैतिक संशोधन को तत्काल प्रभाव से रद्द कर 'वाई मॉडल को बहाल नहीं किया गया, तो चौरी-चौरा की क्रांतिकारी धरती पर एकविशाल जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

## विद्यालय अधारित टीकाकरण शिविर का उद्घाटन

चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा स्थित जनता इन्टर कॉलेज परिसर में विद्यालय आधारित डिप्थीरिया व टिटनेस के टीकाकरण के शिविर का उद्घाटन सोमवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके चौधरी सहित जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.नंदलाल कुशवाहा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा डॉ वीके चौधरी, डब्लू एच ओ के एसएमओ डॉ विनय शंकर, डिप्टी डीएचआईओ सुनीता पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# तिलक समारोह में कार से लौट रहे दादा पौते की मौत

इटावा। चैबिया थाना क्षेत्र में रैपुरा भट्टा पास मंगलवार तड़के तिलक समारोह से लौट रहे दादा-पौत्र की कार को गिट्टी से भरे अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और दोनों उसमें बुरी तरह फंस गए। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां एक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मैनपुरी के समान कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम गजपुरा निवासी 40 वर्षीय गोविंद सिंह चैहान ग्वालियर में रिकवरी का काम करते थे। वह अपने परिवार के साथ वहीं विनय नगर सेक्टर एक में रहते थे। सोमवार को वह अपने चाचा देवेंद्र सिंह भदौरिया की पुत्री के तिलक समारोह में शामिल होने अपने गांव आए हुए थे। पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह तिलक चढ़ाने के लिए कन्नौज के मुगई गए थे। देर रात तिलक की रस्म पूरी होने के बाद गोविंद सिंह अपने रिश्तेदारों के साथ वापस लौटे। मंगलवार की सुबह तड़के वह अपनी कार से ग्वालियर के लिए रवाना हो गए। उनके साथ रिश्ते में दादा लगने वाले 70 वर्षीय गणेश सिंह भदौरिया भी कार में सवार थे। जो शहर कोतवाली के आनंद नगर निवासी थे और रोडवेज विभाग से लिपिक पद से रिटायर हो चुके थे। सुबह जैसे ही उनकी कार चैबिया थाना क्षेत्र के रैपुरा भट्टा के पास पहुंची, सामने से तेज रफ्तार में आ रहे गिट्टी से लदे एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी कार में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे दोनों लोग अंदर बुरी तरह फंस गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चैबिया थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही दमकल विभाग की टीम को भी बुलाया गया।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं मो. रफीक पुत्र मो. सादिक नि. 851 लकड़ी, मोहाल, सदर बाजार कैंट, लखनऊ ने अपने सबसे छोटे बेटे मो. आकिब कुरैशी को उसके गलत व्यवहार एवं चाल-चलन से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा भविष्य में किए गए किसी भी लेनदेन व अपराधिक कृत्य से मेरे व मेरे परिवार का कोई सरोकार न होगा।

**न्यायालय सूचना**

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं.-7**
**उपजिलाधिकारी महोदय न्यायिक कादीपुर सुलतानपुर**
**वाद सं.- टी202604680402156**
**धारा 116 उ.प्र. रा. सहिंता**
**तारीख पेशी- 12.05.2026**

देवनाथ सिंह

**बनाम**

1. विश्वनाथ पुत्र राम अधीन
2. राजनाथ उफ राज नरायन पुत्र
3. दिलीप उर्फ सन्तोष सुत पारसनाथ
4. कमला देवी पत्नी पारसनाथ

समस्त निवासीगण ग्राम हाजीपुर परगना अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर

5. ग्राम पंचायत हाजीपुर खीरी द्वारा ग्राम प्रधान हाजीपुर खीरी परगना अल्देमऊ तह. कादीपुर जिला सुलतानपुर
6. उ.प्र. सरकार द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी महोदय सुलतानपुर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएवं आपकी एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 12.05.2026 दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 16.04.2026 के दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**

## उम्मीद परियोजना के अंतर्गत अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक सम्पन्न

हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुँच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है जिसको लेकर हिलौली ब्लाक परिसर में बैठक आयोजित हुई। हिलौली खण्ड विकास अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता सभी विभागों के साथ ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक की गयी। बैठक में प्रमुख रुप से स्वास्थ्य विभाग (नोडल विभाग), पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आई.सी.डी.एस. एवं एन आर एल एम विभाग की प्रतिभागिता रही। बैठक में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इण्डिया से कपिल श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत करते हुए उम्मीद परियोजना के अंतर्गत कार्यक्रम की प्रगति को साझा किया। जिसमें विद्यालयों में गतिविधियाँ, समूह बैठक, स्वास्थ्य मेला, हस्ताक्षर अभियान, शपथ कार्यक्रम आदि के द्वारा जन-जागरुकता कार्य किया जा रहा है। बैठक में अधीक्षक डॉ. दीपक वर्मा ने कहा कि सभी विभागों के साझा प्रयास द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ समुदाय में सही से पहुंचे इसके लिए इस बैठक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग में गेहूं की फसल जलकर खाक



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम चैनपुर मे खडी.गेहू की फसल में अज्ञात कारणों से लगी आग से कमलेश पाण्डेय के डेढ़ बीघा गेहूं जल गये। वही अन्य किसानो की खेतों मे गेहूं पड़ी पराली जल गई। मंगलवार को दोपहर चैनपुर मे गेहूं के खेतों मे अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे पूर्व प्रधान कमलेश पाण्डेय की डेढ़ बीघा गेहूं की खडी. फसल जल गई। वहीं सुधीर सिंह व सुशीला सिंह की करीब चार बीघे की गेहूं की पराली जल गई। विकराल रुप से खेतों मे फैली आग पर ग्रामीणों ने काबू न पाता देख फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस, फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों की मदत से बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर पहुंचे राजस्व लेखपाल ने आग से लगी फसल के नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही है। इस सम्बन्ध मे उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह से जानकारी करने पर बताया कि राजस्व लेखपाल भेज कर फसल के नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

## 30 अमर शहीदों की गाथाएं होंगी प्रेरणा स्रोत



उन्नाव। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जनपद के 30 अमर शहीदों के जीवन पर आधारित पुस्तक ह्यवीर स्मारिका का विमोचन जिलाधिकारी गौरांग राठी ने किया। कार्यक्रम में एडीएम (एफआर) सुशील गौड़, एसडीएम सदर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त, डॉ. मीनाक्षी गंगवार, आशादीन तिवारी सहित कई गणमान्य लोग और शहीदों के परिजन मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह स्मारिका आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। वहीं मधु मिश्रा ने कहा कि शहीदों के बलिदान को याद रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बताया कि सैनिक परिवार देश की धरोहर हैं और उनके सम्मान में जिले में जल्द ही तोरण द्वार व शहीदों की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने मधु मिश्रा द्वारा सैनिक हित में किए गए कार्यों की सराहना की और उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें व डॉ. मीनाक्षी गंगवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

# सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन



इटावा। महात्मा ज्योतिबा राव फूले जन कल्याण समिति के तत्वधान में सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह के.पी. उत्सव गार्डन कुम्हावर रोड पचावली में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. आनंद सिंह कुशवाहा चिकित्सा अधीक्षक पुलिस चिकित्सालय ने दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा ज्योतिबा राव फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अध्यक्षता कृष्ण सिंह कुशवाहा वरिष्ठ समाजसेवी उदयपुर राजस्थान ने की। कार्यक्रम में पौने दो दर्जन जोड़ों की शादी सम्पन्न कराई गयीं। सभी सम्मानित गणमान्य अतिथियों ने नव युगल वर-वधू को शुभाशीर्वाद प्रदान किया। महात्मा ज्योतिबा राव फूले जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ऐश्वर्य प्रताप सिंह कुशवाहा, प्रबंधक विमल सिंह कुशवाहा संयोजक इंजी, रंजीत सिंह कुशवाहा युवा जिलामहामंत्री अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, सुरेंद्र प्रताप सिंह संयोजक जितेन्द्र शाक्य प्रधान जिलाध्यक्ष जन अधिकार पार्टी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेवाराम कुशवाहा, उपाध्यक्ष शिवेंद्र कुशवाहा, मुख्य व्यवस्थापक सुनील कुशवाहा, दिनेश कश्यप, बी.डी.कुशवाहा अश्वनी, शेखर कुशवाहा आदि सहयोगी गढ़ उपस्थित रहे कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे। विशिष्ट अतिथियों में सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा एरिया मैनेजर, शशी कुशवाहा ब्रांच मैनेजर एसबीआई, डॉ. एसएस कुशवाहा, डॉ.अजीत कश्यप, नवाव सिंह कुशवाहा डारेक्टर नवाव कोचिंग सोवरन सिंह कठेरिया भूमि संरक्षण विभाग, राम कुमार पाल से.नि.डेरी विभाग, लज्जाराम बाबू, दशरथ सिंह कुशवाहा, डॉ. कमल कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# प्रदीप व अखिलेश को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान मिला

उन्नाव (वीओएल)। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन और नवाचारी शैक्षिक गतिविधियों के लिए जनपद उन्नाव के आठ शिक्षकों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। लखनऊ के इंदिरानगर स्थित रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह में उन्नाव के शिक्षकों ने अपनी उपलब्धियों से जनपद का गौरव बढ़ाया। समारोह का आयोजन कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन, प्रयागराज के प्राचार्य अजय सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह, शिक्षा निदेशक (बेसिक शिक्षा), प्रोफेसर छत्रसाल सिंह (राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज), उप शिक्षा निदेशक सूर्य प्रकाश जायसवाल (कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन, लखनऊ), आगरा डाइट प्रवक्ता मनोज वार्ष्णेय सहित बीईओ प्रीति शुक्ला, धर्मेंद्र कटियार एवं मनोज बोस की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करने और छडडै परीक्षा में अधिकाधिक चयन सुनिश्चित करने वाले विद्यालयों से एक-एक शिक्षक को सम्मानित किया गया। जनपद उन्नाव से औरास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा व एसआरजी अखिलेश चंद्र शुक्ला को परीक्षा के प्रचार-प्रसार एवं शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्नाव के अन्य सम्मानित शिक्षकों में रविशंकर, अशोक कुमार, गंगा रतन, अवनींद्र सिंह, शिवम और नीरज शामिल रहे, जिन्होंने अपने विद्यालयों से बेहतर चयन सुनिश्चित कर जनपद का मान बढ़ाया। कार्यक्रम में डायट आगरा के प्रवक्ता डॉ मनोज वार्ष्णेय, बीईओ मनोज बोस, संतोष खरे, शैलेन्द्र संखधर, प्रदीप कुमार वर्मा, अखिलेश शुक्ल, आकाश अग्रवाल, जय शंकर, संतोष कुमार, प्रकाश तिवारी, जीतेन्द्र सिंह, सुरेश जायसवाल, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, संजीव संखवार, विद्या सागर मिश्र सहित कई शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि जनपद के शिक्षकों की यह उपलब्धि विद्यार्थियों को नई दिशा देने के साथ ही विद्यालयों में सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण तैयार कर रही है। वहीं डॉ मनोज वार्ष्णेय ने बताया कि शिक्षकों के निरंतर एवं सामूहिक प्रयासों से सभी जनपद में एनएमएमएस परीक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है और परिणामों में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है।





## फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

असोहा, उन्नाव। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना असोहा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बहला-फुसलाकर एक किशोरी को भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीती 3 अप्रैल 2026 को पीड़िता पक्ष की तहरीर पर थाना असोहा में मुकदमा संख्या 85/2026 धारा 137(2) व 87 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में नामजद आरोपी शुभम उर्फ मटरू रैदास पुत्र अगनू निवासी ग्राम कोटवा घटना के बाद से ही फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने लगातार साक्ष्य संकलन किया और पीड़िता के बयान धारा 180/183 बीएनएसएस के तहत दर्ज किए। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर सक्रिय रूप से तलाश शुरू की गई।

# गार्ड भर्ती शिविर रहा फ्लॉप, दो दिन में सिर्फ तीन अभ्यर्थी पहुंचे

जसवंतनगर, इटावा। ब्लॉक परिसर में आयोजित सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर भर्ती के लिए लगाया गया दो दिवसीय शिविर अभ्यर्थियों की कमी के चलते फ्लॉप साबित हुआ। जहां सैकड़ों युवाओं के पहुंचने की उम्मीद थी, वहीं दो दिन में मात्र तीन अभ्यर्थी ही इंटरव्यू के लिए पहुंचे। भर्ती प्रक्रिया में शामिल रिक्रूटमेंट इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से करीब 450 पदों पर सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर की भर्ती की जानी थी। यह अवसर निजी और सरकारी संस्थानों में रोजगार पाने के इच्छुक युवाओं के लिए सुनहरा मौका था, लेकिन क्षेत्र के युवाओं ने इसमें अपेक्षित रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने बताया कि आए तीन अभ्यर्थियों में से दो का चयन कर लिया गया है, जबकि एक अभ्यर्थी निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतर सका।

**आवश्यक सूचना**

संस्था मैनेजिंग कमेटी आफ श्री शंकर आदर्श विद्यालय इमलो पाण्डेयपट्टी, जौनपुर पत्रावली संख्या-V-8010 के प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 03-05-2026 को साधारण सभा की विधिमान्य सदस्यता सूची से पंजीकृत नियमावली / चाइलाज के अनुसार किया जाना है। साधारण सभा के विधिमान्य सदस्यगण निम्नांकित कार्यक्रमानुसार प्रबन्ध समिति के चुनाव में अपने मान्य परिचय पत्र के साथ प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**प्रबन्ध समिति चुनाव कार्यक्रम**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक | दिन | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन की कार्यवाही | 03-05-2026 | रविवार | प्रातः 8.00-900 बजे तक |
| 2 | नामांकन पत्रों की जाँच | 03-05-2026 | रविवार | प्रातः 9.00-10:00 बजे तक |
| 3 | नामांकन पत्रों की वापसी | 03-05-2026 | रविवार | प्रातः 10.00-11.00 बजे तक |
| 4 | मतदान (चुनाव यदि आवश्यक हुआ) | 03-05-2026 | रविवार | प्रातः 11.00-12:00 बजे तक |
| 5 | चुनाव परिणाम की घोषणा | 03-05-2026 | रविवार | मध्यान्ह 12.30 बजे। |

**चुनाव स्थलः** श्री शंकर आदर्श इण्टर कालेज इमलो पाण्डेयपट्टी, जौनपुर परिसर।

**(श्याम बिहारी त्रिपाठी)**
**अध्यक्ष**
**श्री शंकर आदर्श इण्टर कालेज इमलो, पाण्डेयपट्टी, जौनपुर।**

**(अजीत कुमार चौबे)**
**प्रबन्धक**
**श्री शंकर आदर्श इण्टर कालेज इमलो. पाण्डेयपट्टी, जौनपुर।**

संक्षेप

## ट्रैक्टर से दबकर अबोध बच्चे की मौत

पसगवां खीरी। थाना उचौलिया क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में ट्रैक्टर दबकर कान्हा पुत्र चुटकई उम्र करीब 5 वर्ष की मौत हो गयी। बताया जा रहा की वीरपाल सिंह का पोता कान्हा घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर के पास खेल रहा था वही वीरपाल सिंह के दूसरे बेटे का पोता आयुष पुत्र कल्लू उसी ट्रैक्टर पर बैठा था जिससे धोखे से क्लच दब गया और ट्रैक्टर पीछे की और जाने लगा जिसके टायर के नीचे आने से कान्हा बुरी तरह घायल हो गया जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर से उसे मृत्यु घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम सा छा गया जिसके बाद बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया है वहीं इस दुखद घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देने और शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। एसपी को दी गई तहरीर में पीड़िता ने आरोप लगाया कि कुकरा निवासी एक युवक ने अपना नाम बदलकर उससे नजदीकियां बढ़ाई और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। 17 मार्च को आरोपी उसे अपने घर ले गया, जहां उसकी वास्तविक पहचान सामने आई। विरोध करने पर आरोपी व उसके परिजनों द्वारा मारपीट कर कमरे में बंधक बनाए रखने और लगातार शोषण करने का आरोप है। पीड़िता के अनुसार उसके पास मौजूद सोने-चांदी के जेवर और करीब 10 हजार रुपये भी छीन लिए गए, साथ ही आधार कार्ड रखकर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि बाद में आरोपी उसे शाहजहांपुर जिले के एक गांव ले गया और कुछ दिन बाद थाना मैलानी क्षेत्र में सुनसान स्थान पर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता का कहना है कि शिकायत के बावजूद स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने एसपी से आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ दुष्कर्म, धोखाधड़ी, मारपीट और लूटपाट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रेन की चपेट में आई महिला की मौत

सीतापुर। सिधौली रेलवे स्टेशन पर मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। लखनऊ से पीलीभीत जा रही 55086 पैसेंजर ट्रेन के प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचते ही एक महिला अपने छह माह के मासूम बच्चे सहित ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला प्लेटफार्म के दूसरी ओर से गुजर रही थी, तभी अचानक ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, वहीं बच्चे का एक हाथ कटकर अलग हो गया। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। महिला के पास मिली पर्ची के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर मृतका की पहचान रेनू (25) पत्नी राकेश, निवासी सूरजपुर थाना संदना के रूप में की। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# खड़े टैंकर से टकरायी बाइक, दो युवकों की मौत




सीतापुर। सिधौली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे ने दो घरों के चिराग हमेशा के लिए बुझा दिए। तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े टैंकर से जा टकराई, जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान सूरत (25) पुत्र सुशील और नंदराम (30) पुत्र दूंदे, निवासी ग्राम सिंगपुर के रूप में हुई है। दोनों लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती अपने परिजन को देखने गए थे और वापस लौटते समय मानवा के पास यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली भेजा, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही सिंगपुर गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। एक ही गांव के दो युवकों की एक साथ मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और सड़क किनारे खड़ा टैंकर बताया जा रहा है, जिसने दो जिंदगियों को पलभर में खत्म कर दिया।

## खुशियों से लौट रही बारात पर हादसे की मार

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को पलभर में दहशत में बदल दिया। बारात से लौट रहे दूल्हा-दुल्हन की कार साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, महोली कोतवाली क्षेत्र के महसुनिया गंज निवासी शिवम (28) की बारात सोमवार को हरदोई के आजादनगर में दिनेश के घर गई थी। विवाह संपन्न होने के बाद मंगलवार को विदाई के उपरांत दूल्हा-दुल्हन कार से वापस महोली लौट रहे थे। इसी दौरान भिठारी पुरवा के पास सामने से आ रहे एक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में दूल्हा शिवम, दुल्हन शालिनी (25) और चालक अंकुल वर्मा (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने दूल्हा-दुल्हन की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि चालक का इलाज जारी है। अचानक हुए इस हादसे से दोनों परिवारों में चिंता और मातम जैसा माहौल है।

### तालाब में डूबने से विजय की मौत

सीतापुर। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर मजरा भिठौली गांव में मंगलवार दोपहर एक ऐसा हादसा हुआ, जिसने पूरे गांव को गहरे दुख में डुबो दिया। 17 वर्षीय किशोर विजय की तालाब में डूबने से मौत हो गई, और देखते ही देखते खुशहाल घर में चीख-पुकार मच गई। बताया जाता है कि विजय अपने साथियों के साथ कटेहरी पुलिया के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। खेल-खेल में वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते पानी की लहरों में समा गया। साथियों ने जब काफी देर तक उसे नहीं देखा, तो घबराकर परिजनों को सूचना दी। परिजन और ग्रामीण दौड़े-दौड़े मौके पर पहुंचे और तालाब में खोजबीन शुरू की। काफी मशक्कत के बाद विजय को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विजय अपने परिवार का सबसे छोटा बेटा था, जो अभी पढ़ाई कर रहा था। पिता राम भजन मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पेट पालते हैं। बेटे की असमय मौत ने इस गरीब परिवार को अंदर तक तोड़ दिया है। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## क्रय केंद्रों पर बदइंतजामी एसडीएम ने लगायी फटकार



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील क्षेत्र में गेहूं खरीद व्यवस्था की पोल मंगलवार को खुल गई, जब एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कृषि उत्पादन मंडी परिसर में संचालित क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कई केंद्रों पर बदइंतजामी के कारण किसान भीषण गर्मी में धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते मिले। निरीक्षण के दौरान पेयजल, छाया, बिजली और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न होने पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। किसानों ने बताया कि केंद्रों पर न तो छाया की समुचित व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की सुविधा। घंटों इंतजार के बावजूद कोई राहत नहीं मिलती, जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में किसानों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर पेयजल, टेंट, बैठने की व्यवस्था और बिजली की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने जल्द ही सभी केंद्रों पर स्थिति सामान्य करने का दावा किया है।

## डीजल की किल्लत से भटकते रहे ड्राइवर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर की लखीमपुर रोड स्थित पेट्रोल पंपों पर सोमवार रात डीजल खत्म होने से हालात बिगड़ गए। डीजल न मिलने से वाहन चालक अपने-अपने वाहन लेकर पूरी रात इधर-उधर भटकते रहे, जबकि पेट्रोल की आपूर्ति सामान्य बनी रही।

शाम करीब 7 बजे के बाद अचानक पंपों पर डीजल खत्म हो गया। जानकारी मिलते ही चालक एक पंप से दूसरे पंप तक दौड़ते नजर आए, लेकिन कहीं भी डीजल उपलब्ध नहीं हुआ। डीजल न होने के कारण पंपों से लोग मायूस होकर लौटते रहे। सबसे ज्यादा परेशानी ट्रक, पिकअप और अन्य मालवाहक वाहनों के चालकों को उठानी पड़ी। कई वाहन सड़कों और किनारों पर खड़े नजर आए, जिससे आवागमन पर भी असर पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अचानक हुई इस किल्लत से जरूरी काम प्रभावित हुए और परिवहन व्यवस्था चरमरा गई। वहीं, पंप संचालकों ने आपूर्ति बाधित होने को वजह बताया है और जल्द आपूर्ति सामान्य होने की बात कही है।

## शाहमहोली में मजदूरों का फूटा गुस्सा, सड़क जाम की कोशिश से हड़कंप



हरगांव/सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित शाहमहोली चैराहे पर मंगलवार सुबह उस समय माहौल गरमा गया, जब एम.के.ए. रेमिडीज प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के बाहर मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन छेड़ दिया। वेतन में भेदभाव और बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी को लेकर मजदूरों का गुस्सा खुलकर सड़कों पर उतर आया। प्रदर्शन में शामिल महिला श्रमिकों ने आरोप लगाया कि उनसे रोजाना करीब 10 घंटे काम लिया जाता है, लेकिन बदले में मात्र 5800 रुपये मासिक वेतन दिया जाता है। वहीं, इसी काम के लिए पुरुष श्रमिकों को करीब 8000 रुपये तक भुगतान किया जा रहा है। इस असमानता को लेकर महिलाओं में खासा आक्रोश देखने को मिला। मजदूरों ने मांग रखी कि 10 घंटे की ड्यूटी के बदले कम से कम 10 हजार रुपये वेतन तय किया जाए, साथ ही हर महीने चार सवेतन अवकाश दिए जाएं और छुट्टी लेने पर वेतन कटौती की व्यवस्था खत्म हो। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब आक्रोशित मजदूरों ने सीतापुर-लखीमपुर मार्ग जाम करने की कोशिश की, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर हालात को काबू में किया। वहीं फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़ी रेनू राठौर के बयान ने विवाद को और हवा दे दी। उन्होंने कहा कि मजदूरों को नियमों के तहत ही काम करना होगा, अन्यथा वे काम छोड़ सकते हैं। हालांकि, समस्याओं के समाधान के लिए 15 दिन का समय मांगा गया है। फिलहाल मामला शांत जरूर है, लेकिन मजदूरों के भीतर सुलग रहा असंतोष कभी भी फिर भड़क सकता है।

### प्रबंधन ने मानी मांगें, काम पर लौटे मजदूर

हरगांव/सीतापुर। फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से डायरेक्टर अशोक अग्रवाल और अनमोल अग्रवाल ने श्रमिकों की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए उन्हें जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शन कर रहे मजदूर शांत हो गए और पुनः काम पर लौट आए। मौके पर श्रमिक विभा अवस्थी, प्रीति यादव, रेनू राठौर, सोनू, अंकित सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## लगातार बढ़ रहे तापमान के बावजूद जिले के कई स्कूलों में नहीं बदला समय

लखीमपुर खीरी। जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, आज तापमान 40 डिग्री पार कर 41 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि महसूस होने वाला तापमान 42 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। बाहर चिलचिलाती धूप, तेज लू और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं के चलते हालात ऐसे हैं कि 5 मिनट भी धूप में खड़ा होना मुश्किल हो गया है, दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों पर आवाजाही लगभग थम सी जा रही है। इसके बावजूद जिले के कई स्कूलों ने अब तक अपने समय में कोई बदलाव नहीं किया है और अभी भी 1:30 से 2 बजे के बीच छुट्टी की जा रही है, जिससे छोटे-बड़े बच्चे तेज धूप और लू के थपेड़ों के बीच घर जाने को मजबूर हैं। इस पूरे मामले में जिला प्रशासन और जिला विद्यालय निरीक्षक की लापरवाही भी सामने आ रही है, क्योंकि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए अब तक किसी प्रकार की राहत या समय परिवर्तन का आदेश जारी नहीं किया गया है, जिसका फायदा स्कूल प्रबंधन उठा रहे हैं।

## अग्नि समन सेवा सप्ताह का समापन

पलियाकलां खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड पलिया यूनिट व आसवनी में मुख्य अतिथि अग्निशमन अधिकारी पलिया राहुल कुमार वर्मा की उपस्थिति में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल) का समापन सफलता पूर्वक हुआ। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाए जाने का मुख्य कारण 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉकयार्ड मुंबई में सेना का माल वाहक जहाज जिसमें अचानक आग लग गई थी जिसको बुझाने एवं आग को काबू में करने के लिए मुंबई फायर सर्विस के 66 अग्निशमन कर्मचारियों को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी। उन फायर फाइटर को श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सेवा दिवस 14 अप्रैल को मनाया जाता है। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। इस अवसर पर ईकाई प्रमुख ओ पी चौहान, आसवनी के युनिट हेड उदय प्रताप सिंह ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाये जाने का कारण एवं अग्नि से बचाव के बारे में सभी को भलीभांति अवगत कराया। राहुल कुमार वर्मा ने शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं 2 मिनट का मौन धारण कराया गया। मिल के संरक्षा अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई, मिल परिसर के अंदर फायर माक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिल के अधिकारी , कर्मचारी एवं अग्निशमन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

मोहम्मदी खीरी। कस्बा बरवर निवासी एक व्यक्ति को खुटार में साले के लड़के की बारात में जाते समय रास्ते में सड़क किनारे खड़े होने पर कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए शाहजहांपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया हालत नाजुक होने के चलते परिजन लखनऊ के लिए जाते समय मोहम्मदी में मौत हो गई पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बा के मोहल्ला देवी स्थान निवासी मृतक के बड़े बेटा अरुण ने बताया उसके पिता राजेंद्र 42 वर्षीय बाइक से ससुराल में साल के लड़के अखिलेश की बारात में सोमवार शाम 8 बजे करीब सम्मिलित होने जा रहे थे। खुटार के आगे रामपुर कला के पास पहुंचते ही बाइक खड़ी कर सड़क किनारे खड़े किसी के आने का इंतजार कर रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए शाहजहांपुर लाया गया जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक होने के चलते लखनऊ ले जाने के लिए मोहम्मदी ले आए और पैसे का इंतजाम कर ही रहे थे तभी अचानक तबियत बिगड़ गई और सरकारी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी रामदेवी पुत्र अरुण और शिवम को रोते बिलखते छोड़ गया है।

## शादी से पहले उजड़ गया आशियाना....

महोली/सीतापुर। ककरहिया गांव में मंगलवार का दिन उस परिवार के लिए कभी न भूलने वाला बन गया, चार घर पूरी तरह जलकर राख हो गए, वहीं दो घरों को दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आंशिक रूप से बचा



जहां कुछ ही दिनों बाद शादी की शहनाइयां गूंजने वाली थीं। महेश पुत्र घनी के घर में 25 तारीख को शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, हर तरफ खुशियों का माहौल था३ लेकिन अचानक लगी आग ने सब कुछ तबाह कर दिया। देखते ही देखते छोटी सी चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया और आग ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। घरों से उठती लपटें और आसमान में फैलता धुआं मानो किसी बड़े हादसे की गवाही दे रहा था।

ग्रामीणों ने पूरी कोशिश की, पानी और मिट्टी से आग बुझाने में जुटे रहे, लेकिन आग की भयावहता के आगे सब बेबस नजर आए। इस दर्दनाक हादसे में श्यामू, दयाल, इंद्रपाल, विपिन समेत कुल 6 लोगों के घर प्रभावित हुए। लिया। लेकिन नुकसान इतना ज्यादा था कि बचा हुआ भी किसी काम का नहीं रहा। आग ने सिर्फ घरों को नहीं, बल्कि सपनों को भी जला डाला। करीब 20 हजार रुपये की नकदी, कीमती जेवर, दो मोटरसाइकिलें आग की भेंट चढ़ गईं। एक बेबस भैंस झुलस गई और एक बकरी की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीण अतुल के अनुसार इस हादसे में करीब 8 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। आग बुझाने के दौरान महेश, कालीचरण, राम भरोसे, किरन और दुनिया दयाल झुलस गए। उन्हें तुरंत एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। राहत की बात बस इतनी रही कि इस भीषण हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन जिन घरों में शादी की खुशियां सज रही थीं, वहां अब सिर्फ राख, आंसू और सन्नाटा बचा है।

### ईंट भट्टे में लगी आग लाखों का नुकसान

संदना/सीतपुर। मंगलवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब सरोसा गांव मार्ग स्थित मां पूर्णागिरी ब्रिक फील्ड (ईंट भट्टा) पर अचानक भीषण आग भड़क उठी। तेज हवाओं के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और भट्टे पर रखा भारी मात्रा में पिंजौड़ी, खल-भूसा जैसे ईंधन जलकर राख हो गया। आसमान में उठता काला धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद मजदूरों और ग्रामीणों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। ईंधन में अंदर तक सुलग रही आग को बुझाना काफी चुनौतीपूर्ण रहा। करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। भट्टा स्वामी बीरू मिश्रा के अनुसार, आग से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## आम आदमी के लिए गैस व तेल की किल्लत

- विभागीय व उच्चाधिकारियों की अनदेखी से क्षेत्र में नही हो रही गेहूं खरीद
- किसान गेहूं को बिचौलियों के हाथों औने-पौने दामों पर बेचने को विवश

धौरहरा खीरी। ईरान व इजराइल के बीच आपसी जगं से दिन ब दिन हालात बद से बद्तर होते जा रहे थोड़े दिन पहले घरेलू व व्यवसायिक गैस के चक्कर में आम आदमी आज भी लाइन में लग गया।इसी बीच नई मुसीबत के तहत क्षेत्र में डीजल व पेट्रोल के लिए पंम्पो पर आम आदमी से लेकर किसानों तक लाइन में खड़ा दिख रहा।और तो और सीधे किसानों से गेहूं खरीदने के लिए क्षेत्र में खरीद केंद्र कागजों पर चल रहे। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में मौजूद आम आदमी गैस डीजल व पेट्रोल को लेकर कितना परेशान हैं इसकी बानगी देखिए।

1---- ईरान व इजराइल देशों के बीच चल रहे युद्ध से तराई क्षेत्र के हालात बद से बद्तर हों गये। क्षेत्र के निवासी ग्रामीण घरेलू व व्यवसायिक गैस के लिए एजंसियों पर लाइन लगाने को मजबूर हो गए।

2--- और तो और खेती किसानी से लेकर व्यवसायिक गतिविधियों के लिए आम आदमी को पेट्रोल पंपों से डीजल व पेट्रोल मिलने से भारी कठिनाई उठानी पड़ रही तपती धूप में खेतों में खडी फसलों में डीजल से सिंचाई की जाती है शादी व्याह के सीजन के चलते लोग तेल न मिलने के कारण पंम्पो पर लाइन लगाने को विवश हो गया।

3---- उत्तर प्रदेश सरकार के फरमान के साथ बीती एक अप्रैल से सरकारी गेहूं खरीद प्रणाली क्षेत्र में औंधे मुंह गिर गई। जिला प्रशासन के निर्देश पर क्षेत्र में सेंटर आवंटन तो हुए लेकिन कागजों पर हकीकत में किसान अपनी गेहूं की फसल को बिचौलियों के हाथों औने-पौने दामों पर बेचना पड रहा क्योंकि क्षेत्र में मौजूद खरीद केन्द्रो पर जिम्मेदारो ने बैनर तो लगाएं लेकिन गेहूं खरीद करने में अन्य संसाधनों का कमी होने के चलते खरीद प्रक्रिया लागूं नहीं हो पा रही।

### क्या बोले जिम्मेदार

उपरोक्त समस्याओ के हालातों पर जानकारी देते हुए एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि ने कहा कि क्षेत्र में आम आदमी को गैस,डीजल,पेट्रोल को लेकर बने हालात से पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत करा दिया गया व जिन किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है उन्हीं का गेहूं खरीदने के निर्देश मिले हैं।

## कटौती का रोस्टर गड़बड़ाने से किसानों को मिलने वाली बिजली घटी

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में चल रही लू के थपेडों से लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है वही बिजली की अंधाधुंध कटौती आग में घी डालने का काम कर रही गांव में किसानों को 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का वादा की हवा निकल गई है महा जे 5 से 6 घंटे कटौती के बीच बिजली मिल पाना संभव हो पा रहा है ऐसे में किसानों के गन्ना की फसल सूखने के कगार पर पहुंच रही है। क्षेत्र में चल रही गर्म हवाओं के बीच किसानों को फसल की सिंचाई के लिए सर्वाधिक बिजली की आवश्यकता पड़ती है अधिकारियों की उदासीनता के चलते ऊपर से कोड नहीं है की बात कहकर बिजली की अंधाधुंध कटौती की जा रही है गांव में आवाजाही के बीच महज 5 से 6 घंटा आपूर्ति मिल पा रही है ऐसे में किसान की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई जिम्मेदार अधिकारी सीयूजी नंबर बंद कर आराम फरमाने में लगे हैं। एसडीओ शुभम मौर्य ने बताया ऊपर से दिन मैं बिजली की कटौती को रात में की जा रही है और दिन में तेज हवाओं के चलते आपूर्ति बंद रखी जाती है। जिसके चलते पर्याप्त बिजली किसानों को उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।

# भारतीय प्रयोगशाला से यूरोपियन देशों को जवाब : डॉ.धुरिया



लखीमपुर खीरी। डॉ वी बी धुरिया ने बताया मै जर्मन होमियोपैथी रिसर्च सेन्टर इकाई संयुक्त अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान एवं जर्मन स्पैजरिक परिषद (भारत) लखीमपुर खीरी के निदेशक के पद पर पिछले कई वर्षों से होमियोपैथी, वैकल्पिक चिकित्सा विज्ञान का प्रचार प्रसार, चिकित्सा अनुसंधान कर पा रहए है।

मैं भारत सहित एशियाई देशों में रहने वाले छोटे-छोटे बच्चों जिन्होंने मीठी गोलियों को लोकप्रिय बनाया और अपने परिवार कुल, समाज को यह संदेश दिया कि अच्छे स्वास्थ्य, हानि रहित चिकित्सा सेवा एवं पैथी को यहाँ तक पहुँचाने में जो विश्वास भरोसा विश्व स्तर पर आज होमियोपैथी वैकल्पिक चिकित्सा विज्ञान का जो सम्मान है उसमें आप सब जनमानस की प्रथम भूमिकाएं हैं। देश विदेश में हजारों संस्थान विशेषज्ञ निरन्तर पैथी को और अच्छा वैज्ञानिक रूप देने में एवं मानव समाज के साथ पशु चिकित्सा के लिए अनुसंधान कर अच्छे परिणाम हासिल किये है। होमियोपैथी वैकल्पिक चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने के लिए जनपद लखीमपुर खीरी, जर्मन होमियोपैथी रिसर्च सेन्टर पीछे नहीं है। देश के जाने माने विशेषज्ञों की श्रेणी एवं अनुसंधानकर्ता वैज्ञानिक / दार्शनिक डॉ० वी०बी० धुरिया ने चिकित्सा विज्ञान के लिए राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र प्रकाशित किये और एक वैज्ञानिकता के साथ भारतीय प्रयोगशालाओं में सफलता पूर्वक किये गये हैं। जर्मन, इटली, अमेरिका, लन्दन, भारत, जापान, यूरोपियन, ऐशियाई देशों आदि में सफलता के साथ सफर पूरा किया। होमियोपैथी जर्मनी चिकित्सक के ररूप में डॉ० धुरिया 2008 (भारतीय) है। इस पहले सैकड़ों वर्षों से भारतीयों की पीड़ा थी क्योंकि इसमें केवल यूरापियन देशों के शोधकर्ता वैज्ञानिक ही शामिल थे लेकिन 2008 में भारतीय युवा दार्शनिक शोधकर्ता डॉ० धुरिया ने टिंचर स्पैजरिक इशेन्स बनाने की वैज्ञानिक तकनीकि प्राकृतिक अनुपात हानि रहित अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशित शोध प्रामाणिकता ने पूर्व में हुए सभी विश्व स्तरीय शोधकताओं के औषधीय विधि भारतीय नवाचार तकनीकि के सामने बौनी सी हो गई हमें गर्व है कि पूरी दुनिया टिंचर औषधि तकनीकि भारतीय प्रयोगशाला की भारतीय धरोहर के रूप में प्रयोग करेगी।

भारत सरकार मंत्रालय के शोध गजट में शामिल 2023 चिकित्सा शोध, अन्तर्राट्रीय अनुसंधान जर्नल्स में प्रकाशित कई राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान मानद उपाधियों एवं पदकों से सम्मानित किया जा चुका है।

## बांसबेरिया में आग का कहर कई घर जलकर खाक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील क्षेत्र के गांव बांसबेरिया में मंगलवार को भीषण आग लगने से कई घर जलकर खाक हो गए। आग की चपेट में आने से एक गाय और तीन बकरियों की मौत हो गई, जबकि कोई जनहानि नहीं हुई। आग की लपटों ने देखते ही देखते कई परिवारों के आशियानों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रभावित परिवारों में ननकी देवी, भान सिंह, प्रमोद सिंह, सर्वेश, लालाराम, जगदीश, मानसिंह, देवकरन, राजीव, तौलेराम, रामकिशन, जबर अली, परशराम, राजेश, मदनलाल, राजेंद्र, फूलचंद, शिवकुमार और महादेव समेत अन्य शामिल हैं। सूचना मिलते ही एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के निर्देश पर तहसीलदार भीमचंद टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद विकराल आग पर काबू पाया, जिससे और बड़ा नुकसान होने से बचाव हो सका। आग से प्रभावित पशुओं का तत्काल इलाज कराया गया, जबकि मृत पशुओं का आकलन किया जा रहा है। तहसीलदार ने मौके पर राहत कार्यों की निगरानी करते हुए पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। प्रशासन की ओर से मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## गरीबों की रोजी के लिए सड़क पर उतरे विकास

सीतापुर। अतिक्रमण को लेकर दर्ज हुए मुकदमे के बीच राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के अध्यक्ष विकास चतुर्वेदी हिन्दूएक अलग ही छवि में सामने आए हैं। जहां प्रशासन उन्हें नियमों के उल्लंघन का आरोपी मान रहा है, वहीं कई लोग उन्हें गरीब पटरी दुकानदारों की आवाज के रूप में देख रहे हैं। बताया जा रहा है कि मंडी चैराहे से हरदोई रोड तक हटाए गए ठेले-खोमचे वालों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया था। ऐसे में विकास हिन्दू उनके समर्थन में आगे आए और दोबारा उन्हें बैठाने की कोशिश की। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी उनके तेवर नरम नहीं पड़े। समर्थकों का कहना है कि अगर गरीबों के हक के लिए आवाज उठाना गुनाह है, तो ये लड़ाई जारी रहेगी। फिलहाल मामला जांच में है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने विकास हिन्दू को समर्थकों के बीच एक हक की लड़ाई लड़ने वाले चेहरे के रूप में स्थापित कर दिया है।

## खून से लथपथ मिला युवक का शव

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा मिला। घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, कुतुबनगर पुलिस चैकी क्षेत्र के गौरासी खुर्द के पास वजीरनगर-रामकोट मार्ग किनारे राहगीरों ने एक युवक को गंभीर हालत में पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर किसी वाहन के टूटे बम्पर के टुकड़े मिलने से पुलिस इसे सड़क हादसा मान रही है। आशंका है कि पैदल जा रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हालांकि शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिलने से अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक युवक की उम्र करीब 30 वर्ष, मध्यम कद-काठी और सांवला रंग है। वह गहरे रंग के कपड़े पहने हुए था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर शिनाख्त की कोशिश कर रही है।

संक्षेप

## मोबाइल टॉवर पर चढ़ी युवती

आजमगढ़। जनपद के सरायमीर थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 19 वर्षीय युवती प्रेमी से शादी करने की जिद में नन्दाव मोड़ स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। युवती को टॉवर पर चढ़ा देख आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद युवती को सुरक्षित नीचे उतार लिया। इसके बाद पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस के अनुसार युवती का दीदारगंज थाना क्षेत्र के नंदाव गांव निवासी एक युवक से लंबे समय से प्रेम संबंध था। दोनों अलग-अलग समुदाय से हैं, जिसके चलते युवती के परिजन इस रिश्ते का विरोध कर रहे थे। बताया गया कि करीब तीन महीने पहले युवती अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जनवरी में दोनों को बरामद कर लिया था और युवती के परिजनों की तहरीर पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया था। बाद में युवक जमानत पर रिहा हो गया। सूत्रों के मुताबिक, प्रेमी के जमानत पर छूटने की जानकारी मिलते ही युवती दोबारा उससे शादी करने की जिद पर अड़ गई। परिजनों के विरोध से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवती से पूछताछ की जा रही है।

## ट्रक ट्रेलर की टक्कर में दो की मौत

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के सरोखनपुर नेशनल हाइवे 731 पर ट्रक ट्रेलर की टक्कर में जहां दो. लोगों की मौत हो गयी वहीं एक गंभीर घायल हो गया है। बताते है कि मंगल वार की सुबह ट्रक संख्या ³'.42.NX.2765 सुल्तानपुर से आलू लादकर वाराणसी जा रही थी। ज्योंही बदलापुर के सरोखनपुर स्थित हाइवे पर पहुंची ही थी कि ट्रेलर संख्याBf.52. T¢. 2322 से भिड़ंत हो गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस व एन एच की पेट्रोलिंग टीम ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने राम करन गुर्जर निवासी जयपुर व एक अन्य को मृत घोषित कर दिया। वहीं दुर्घटना में घायल ट्रक चालक इंद्रकुमार निवासी जगदीश पुर जन पद सुल्तान पुर की हालत गंभीर देखते हुये प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज विधिक कार्यवाही में जुटी हुयी है।

## डीएम ने बांटे स्थानांतरण के शस्त्र लाइसेंस

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह के हाँथो जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के लगभग एक दर्जन पात्र लोगो को मंगलवार को वरासत स्थानांतरण का शस्त्र लाइसेंस वितरित किया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी की मंशा तथा शासन की प्राथमिकता है की किसी पात्र व्यक्ति का कार्य ससमय बिना किसी परेशानी के निस्तारित किया जाय, जिसके क्रम में आज पात्र लोगो को यह लाइसेंस वितरित किया जा रहा है। मुख्य राजस्व अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, शस्त्र लिपिक राजेश कुमार यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अक्सर खराब रहता है एटीएम

जौनपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नौपेड़वा बाजार शाखा में बैंक की लचर व्यवस्था के कारण खाताधारकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्राहकों का आरोप है कि बैंक परिसर में लगा ए.टी.एम. अक्सर खराब रहता है, जिससे डिजिटल बैंकिंग के दौर में भी लोगों को नगदी और अन्य जानकारी के लिए कतारों में खड़ा होना पड़ता है। 21 अप्रैल को एक खाताधारक अपनी बैंक संबंधी जानकारी के लिए ए.टी.एम. से मिनी स्टेटमेंट निकालने पहुँचा था। हमेशा की तरह ए.टी.एम. मशीन खराब मिली। जब परेशान होकर खाताधारक बैंक के अंदर स्टेटमेंट लेने पहुँचा, तो वहां तैनात कर्मचारियों का रवैया भी सहयोगात्मक नहीं रहा। कर्मचारियों पर टालमटोल का आरोप शिकायतकर्ता का कहना है कि बैंक कर्मचारी काम करने के बजाय ग्राहक को एक काउंटर से दूसरे काउंटर पर इधर-उधर दौड़ाते रहे। काफी देर तक परेशान करने और बार-बार मिन्नतें करने के बाद ही कर्मचारी ने मिनी स्टेटमेंट दिया यूनियन बैंक की इस शाखा में न तो मशीनें सही काम करती हैं और न ही कर्मचारियों का व्यवहार संतोषजनक है।

# नहर निर्माण की कच्छप गति किसानों पर पड़ रही भारी

जिला संवाददाता(vol)

- मुख्य अभियंता का दौरा हवा-हवाई
- कई वर्षों से पानी के इंतजार में किसान

सोनभद्र। दुद्धी तहसील की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शुमार कनहर सिंचाई परियोजना में नहर निर्माण की कच्छप गति अब धीरे-धीरे किसानों पर भारी पड़ने लगी हैं। कनहर बांध के निर्माण हुए करीब तीन साल होने को है लेकिन नहर निर्माण की गति इतनी धीमी है कि अभी तक लगभग 50 प्रतिशत काम भी पूरा नही हों सका है जबकि कनहर सिंचाई परियोजना के चीफ इंजिनियर का दौरा लगातार जारी है। कनहर परियोजना के चीफ हर महीने दो महीने में नहर निर्माण का जायजा लेते ही फिर भी आखिर प्रगति क्यों नही बढ़ रही है, यह सवाल उठना लाजिमी है। कनहर परियोजना से 108 गाँव के किसान लगातार पानी का इंतजार कर रहे है लेकिन नहर का निर्माण नही होने से किसानों के खेतों तक अभी तक पानी नही पहुंच सका है जिससे किसानों में निराशा है।

### 108 गांव के किसान कर रहे पानी का इंतजार

सोनभद्र। कनहर सिंचाई परियोजना के नहर से दुद्धी और चोपन ब्लॉक के करीब 108 गावों को सिंचाई के लिए पानी देने की योजना है लेकिन अभी तक विभाग द्वारा नहर का निर्माण ही पूरा नही कराया जा सका है जिससे किसान मायूस है।

### ठेकेदार के भरोसे नहर निर्माण, नहीं रहते मौके पर जिम्मेदार

सोनभद्र। कनहर सिंचाई परियोजना द्वारा भले ही नहर निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन सिंचाई विभाग के कोई भी जिम्मेदार मौके पर नही रहते है इसलिए ठेकेदार मनमानी तरीके से कच्छप गति से नहर निर्माण में लगे हुए है। सूत्रों की माने तो जब उच्च अधिकारियों का दौरा होता है तब उससे एक दो पहले जेई, एई एवं एक्सीयन दिखाई देते है। लोगों का कहना है कि नहर का निर्माण जिस गति से चल रहा है यदि वहीं गति चलती रही तो अभी दो-तीन साल और समय लग सकते है।

## समस्या का शीघ्र निराकरण व्यापारी हित में आवश्यक



सोनभद्र। 21 अप्रैल उद्योग बंधु की बैठक विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न व्यापारी समस्याओं के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई समस्याओं की निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि राज्य कर विभाग द्वारा ट्रिब्यूनल की व्यवस्था तो कर दी गई है परंतु वेबसाइट एवं टेक्निकल खामियां होने के कारण व्यापारियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है अब व्यापारियों के समक्ष यह समस्या आ रही है कि ना ही वह कोर्ट ही जा सकता है ना ही उपरोक्त खामियों की वजह से ट्रिब्यूनल में अपील ही दाखिल कर पा रहा है। श्री शर्मा ने इस समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि यह एक अहम समस्या है इसका शीघ्र निराकरण व्यापारी हित में अति आवश्यक है। श्री शर्मा ने कहा कि नगर में ना ही कोई पार्किंग की व्यवस्था है ना ही ट्रांसपोर्ट नगर है व्यापारियों के लिए माल लोडिंग और अनलोडिंग कराना सर दर्द बना हुआ है पटरी पर खड़ी गाड़ियों का भी कई बार भारी भरकम चालान कर दिया जाता है जिससे व्यापारियों में को एक और जहां असुविधा होती है वहीं दूसरी ओर व्यापारियों में आक्रोश भी रहता है। श्री शर्मा ने सीडीओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि फ्लाईओवर के नीचे से खड़ी रोडवेज एवं प्राइवेट बसों का संचालन चिंता जनक है उपरोक्त के संदर्भ में पिछले एक वर्ष से उद्योग बंधु की बैठक में कई बार इस मुद्दे को उठाया जा चुका है परंतु इस छोटी सी समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ जबकि यह भी अवगत कराया गया है कि रोडवेज की बस फ्लाईओवर के नीचे संचालित होने के कारण कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है जिसमें क्रिटिकल कंडीशन के मरीज रहते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि नगर में आए दिन जाम की समस्या से रूबरू होना पड़ता है ई- रिक्शा का अव्यवस्थित तरीके से संचालन जाम की बड़ी वजह है शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को जोन अथवा सेक्टर वार बांटे जाएं प्रत्येक जोन की अलग-अलग कलर कोडिंग होनी चाहिए जिससे ई-रिक्शा तयं जोन के अंदर, तय रूट पर ही चलेंगे इससे बहुत कुछ जाम की समस्या का समाधान हो सकता है जिला अध्यक्ष ने कहा कि हर घर जल से नल योजना दम तोड़ रही है मुख्यालय से सटे गांव पुसौली बढौली आदि विभिन्न गांव में आज तक पानी नहीं पहुंच सका।

## चेन काटने की आरोपी चार महिलाएं गिरफ्तार



आजमगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित रोडवेज परिसर के पास महिला का चेन काटने वाली चार महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई चैन और नकदी भी बरामद की है।

घटना 20 अप्रैल 2026 की है, जब वादिनी चन्द्रवती देवी पत्नी स्व. प्रभुनाथ सिंह चैहान निवासी पुरादुर्जन राम, थाना दक्षिण टोला, मऊ अपने दामाद के साथ दवा लेने के लिए जा रही थीं। इसी दौरान रोडवेज के पास एक ऑटो में सवार चार महिलाओं ने योजनाबद्ध तरीके से उन्हें निशाना बनाया। बताया गया कि एक महिला ने बातचीत और नाटक के जरिए वादिनी को भ्रमित किया, जिससे वह घबरा गईं। इसी मौके का फायदा उठाकर अन्य महिलाओं ने उनके गले से सोने की चैन काट ली। घटना के बाद जब वादिनी ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोगों और उनके साथ आए व्यक्ति की मदद से चारों महिलाओं को मौके पर ही पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस संबंध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 174/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में चारों महिलाओं ने घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि वे ऑटो में बैठकर यात्रियों को निशाना बनाती हैं और इसी तरह धोखे से चैन व नकदी चोरी करती हैं। उन्होंने सठियांव क्षेत्र में भी इस तरह की घटना करना कबूल किया है। गिरफ्तार अभियुक्ताओं में शीला देवी पुत्री सीताराम, निवासी सिधुआपार, थाना बड़हलगंज, जनपद गोरखपुर, गुड्डी पत्नी मुन्नु, काजल पत्नी करन व संजना पत्नी परवाना कुमार, निवासी लखनपारा, थाना बड़हलगंज, जनपद गोरखपुर शामिल है। इनके पास से पुलिस ने एक पीली धातु की चैन, 2 हजार नकद बरामद किया। पुलिस द्वारा चारों अभियुक्ताओं के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक सूर्यपाल, थाना कोतवाली, जनपद आजमगढ़ द्वारा की गई।

## 50 हजार का इनामी गिरफ्तार



आजमगढ़। जनपद के थाना मेंहनगर क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 50 हजार रुपये के इनामिया वांछित गैंगस्टर को एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी अंतरप्रांतीय गिरोह का सक्रिय सदस्य है, जो अवैध शराब तस्करी सहित कई आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह हरियाणा से बिहार तक अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करता था। वर्ष 2023 में थाना देवगांव क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद होने के बाद इस गिरोह का खुलासा हुआ था। मामले में धोखाधड़ी, जालसाजी और आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। बाद में गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ फील्ड यूनिट प्रयागराज और मेंहनगर पुलिस की टीम ने 18 अप्रैल 2026 को विकास सोरण को गिरफ्तार किया। आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लाकर स्थानीय थाने में दाखिल किया गया, जहां उसके खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त विकास सोरण, हरियाणा के हिसार जनपद का निवासी है और उसके खिलाफ विभिन्न राज्यों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट और आबकारी अधिनियम के मामले भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर पहले 25 हजार और बाद में 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रणेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी और एसटीएफ की टीम शामिल रही, जिन्होंने इस कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

## 10 सूत्री मांगों को लेकर पेंशनर्स ने दिया धरना

सोनभद्र। अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी पेंशनर्स फेडरेशन एवं सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्णयानुसार मंगलवार को सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा ने 10 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना जिलाध्यक्ष सूरज बली सिंह की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11 बजे से संपन्न हुआ। इसके बाद प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र के माध्यम से अपराह्न 3 बजे उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। धरने में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत पेंशनर्स व शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। 10 सूत्री मांग पत्र में प्रमुख मांगें हैं वित्त निधेयक 2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद हटाकर पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाना, कर्मचारियों-पेंशनरों के लिए अलग सीपीआई बनाना, ओपीएस बहाल करना, पेंशनरों के राशिकरण की कटौती 10 वर्ष पर बंद करना, 65 वर्ष बाद प्रत्येक पांच वर्ष पर पांच प्रतिशत पेंशन वृद्धि, पेंशन को आयकर से मुक्त रखना, कोरोना काल का 18 महीने का डीए एरियर भुगतान, वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में 50 प्रतिशत छूट, आयुष्मान भारत में कैशलेस उपचार सीमा 10 लाख करना, महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर मूल वेतन/पेंशन में मर्ज करना। धरने को योगेंद्र ठाकुर, शिवचरण, डॉ. विक्रम प्रसाद, ई. राधेश्याम सिंह, बैजनाथ प्रसाद, पांडे नागेश्वर तिवारी, शिव गणेश, अर्जुन प्रसाद, उदय लाल मौर्या, जलधारी देवी, नसीम बेगम, सूरज प्रसाद पाठक, अवधेश प्रसाद सिंह, रामराजराम आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने प्रांतीय आह्वान पर संघर्ष के लिए तैयार रहने का निर्णय लिया।

## किसान यूनियन ने पंचायत कर सौंपा ज्ञापन



जौनपुर। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित धरना स्थल पर किसान पंचायत का आयोजन किया। इस पंचायत में किसानों, गरीबों और मजदूरों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष शैलेश वर्मा ने इसकी अध्यक्षता की।

इस दौरान जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक 12 सूत्रीय मांगपत्र जिला प्रशासन को सौंपा गया। मांग पत्र में किसानों के मनमाने बिजली बिलों को ठीक करने और जनपद में चीनी मिल स्थापित कर किसानों को आर्थिक लाभ पहुंचाने की प्रमुख मांगें शामिल थीं। इसके साथ ही, किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर मिट्टी जाँच केंद्र खोलने की भी मांग की गई। अन्य मांगों में किसानों की खतौनी में हुई त्रुटियों को शीघ्र सुधारना, किसानों को परेशान करने वाले लेखपालों पर कार्रवाई करना और प्रत्येक न्याय पंचायत में कृषि विद्यालय खोलना शामिल था। ग्राम की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की मांग भी उठाई गई। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड पर ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। ग्रामसभा कटवार में मंजू विश्वकर्मा के रास्ते खुलवाने के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई न होने का मुद्दा भी उठाया गया। इसमें रास्ते पर गंदे पानी के बहाव को रोकने और अवैध कब्जे को तुरंत हटाने की मांग की गई। ब्लॉक रामनगर के अंतर्गत ईदगाह मड़ियाहूं से मैनपुर तक खराब सड़क के मानक विरुद्ध निर्माण की जाँच कर उसे नियमानुसार बनवाने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त, ग्राम समाज की बंजर भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा किए जा रहे कब्जे और बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की गई।

## वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवारों को ट्रेलर ने मारी टक्कर, दो की मौत

मीरजापुर। यूपी-एमपी की सीमा पर स्थित मीरजापुर जिले के लहुरियादह गांव में मंगलवार का दिन दो युवकों के लिए अमंगलकारी साबित हुआ है। यहां आज सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। दुर्घटना का मंजर देख लोगों का कलेजा फट पड़ा है।

जानकारी के मुताबिक ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में मंगलवार सुबह नौ बजे के करीब वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवारों को पीछे से ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक चालक को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

मध्य प्रदेश के रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र के बुदामा गांव निवासी 57 वर्षीय लक्ष्मी नारायण पाल अपने नाती 18 वर्षीय अंकित कुमार पाल निवासी नेवढ़िया थाना सोहागी जिला रीवा, (मध्य प्रदेश) के साथ बाइक पर सवार होकर प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी 56 वर्षीय अपने समधी हरिशंकर पाल उर्फ कैर के यहां गए। यहां से तीनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर सोमवार की शाम अपने रिश्तेदार के यहां बरात में शामिल होने के लिए मध्य-प्रदेश के मऊगंज जिले के कचनार गांव गए थे। मंगलवार सुबह तीनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे सुबह नौ बजे के करीब जैसे ही लहुरियादह गांव में हाइवे पर पहुंचे थे कि तभी मध्यप्रदेश की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्मी नारायण पाल व हरिशंकर पाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा अंकित पाल गंभीर से घायल हो गया। हेलमेट पहनने की वजह से अंकित के सिर में चोटें नही आई जबकि पैर में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ विनोद सिंह, शिवाकांत पांडेय एसआइ पुनीत गुप्ता ने घटना की जांच करते हुए घायल बाइक चालक को उपचार हेतु न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर चोट को देखते हुए उसे मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मध्य प्रदेश निवासी मृतक लक्ष्मी नारायण पाल को दो पुत्र हैं। प्रयागराज जिला निवासी हरिशंकर पाल उर्फ कैर को दो पुत्र और दो पुत्री हैं। जिसमें एक पुत्र अविवाहित है। दोनों मृतक खेती-बाड़ी कर परिवार का गुजर बसर करते थे। घटना की खबर पाकर मृतकों के रिश्तेदार व स्वजन रोते-बिलखते हुए ड्रमंडगंज थाने पहुंचे। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम से घर लौट रहे बाइक सवार दो लोगों की ट्रेलर की टक्कर से मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल बाइक चालक अंकित पाल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। ट्रेलर को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## सड़क का काम रोके जाने के विरोध में प्रदर्शन



जौनपुर। परियावा गांव में ग्राम निधि से बन रही इंटरलॉकिंग सड़क का काम रोके जाने के विरोध में मंगलवार को सैकड़ों महिला-पुरुषों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने न्याय दो के नारे लगाए और सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह को ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधान ने बताया कि यह रास्ता लगभग 100 साल पुराना है। वर्ष 2010 से 2015 के बीच पूर्व प्रधान प्रभावती देवी के कार्यकाल में यहां 600 मीटर खड़ंजा का निर्माण हुआ था। वर्तमान में यह खड़ंजा पूरी तरह जर्जर हो चुका है और इसे पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। वर्तमान ग्राम प्रधान ने ग्राम निधि से इंटरलॉकिंग सड़क बनाने का कार्य शुरू किया था। हालांकि, कुछ विपक्षीगणों और आसपास के काश्तकारों ने काम करने से रोक दिया। मौके पर खड़ंजे की चौड़ाई 9 फीट बताई गई है। सूचना मिलने पर 112 नंबर की पुलिस टीम भी पहुंची, लेकिन कार्य को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। टीम ने पूर्व में बने खड़ंजे की चैड़ाई का आकलन किया और निर्माण कार्य जारी रखने का निर्देश दिया। इसके बावजूद, विपक्षीगणों ने कथित तौर पर मारपीट पर उतारू होकर काम को फिर से रुकवा दिया। ग्राम प्रधान और प्रभावित दलित परिवारों का कहना है कि यह उनके आवागमन का एकमात्र रास्ता है, जिसे जबरन रोका जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि 150 दलित परिवारों के आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए विपक्षीगणों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो सके।

## मेडिकल हाल में हुई चोरी का खुलासा

आजमगढ़। जीयनपुर थाना क्षेत्र में मेडिकल स्टोर से हुई चोरी की घटना का पुलिस ने अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 15 हजार नकद, एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, 17 अप्रैल 2026 को अंजान शहीद निवासी जावेद अख्तर ने थाना जीयनपुर में तहरीर देकर बताया था कि उनके आफाक मेडिकल स्टोर के कैश काउंटर से अज्ञात चोरों ने 20 हजार चोरी कर लिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत 21 अप्रैल की सुबह करीब 3:55 बजे पुलिस टीम ने बागखालिस से बक्खोपुर मार्ग पर घेराबंदी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अभिषेक सिंह उर्फ आकाश सिंह (24) और अन्तिमा सिंह (31) निवासी ग्राम किशुनपुरा थाना जहानागंज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की घटना स्वीकार कर ली है। इनके पास से 15 हजार नकद बरामद हुआ, जबकि अभिषेक सिंह के पास से एक अवैध 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी मिला। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, दोनों अभियुक्तों पर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक गोपाल प्रसाद मौर्य, उपनिरीक्षक अमित कुमार वर्मा, महिला उपनिरीक्षक गीतांजली यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## पूर्व मंत्री अरुण कुमार की राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई

जौनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह मुन्ना के निधन हो जाने पर उनके पैतृक आवास रामनगर कोट पर पहुंच कर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ खान एवं पार्टी के अन्य कार्यकताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प एवं पार्टी का तिरंगा अर्पित कर नमन किया। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह जी ने कहा कि छात्र राजनीति एवं यूथ कांग्रेस से अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत करने वाले स्व.अरुण कुमार सिंह मुन्ना का सम्पूर्ण जीवन कांग्रेस पार्टी की मजबूती और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा, वे जौनपुर जिले की रारी विधानसभा से विधायक, उत्तर प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री के पद को सुशोभित किया है। कांग्रेस संगठन में यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के बाद सन 2003 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान किया था। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि आज हमने एक स्पष्टवादी व, बेबाक नेता खो दिया, स्व. अरुण कुमार सिंह मुन्ना का सम्पूर्ण जीवन गांधी के सिद्धांतों पर आधारित था। वे सत्य को भी अपना प्रमुख सिद्धांत मानते थे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव सत्यवीर सिंह ने कहा कि अरुण कुमार सिंह के रूप में कांग्रेस का एक स्तंभ इस दुनिया से चला गया, उनके स्थान की पूर्ति संभव नही है। सत्यवीर सिंह ने कहा कि स्व.अरुण कुमार सिंह का व्यक्तित्व बहुआयामी था, जरुरतमंदों और पार्टी कार्यकताओं के लिए हमेशा तैयार मिलते थे, गांधी नेहरू परिवार की उनकी निकटता छात्र जीवन से ही थी। कांग्रेस पार्टी सेवादल के मुख्य जिला संगठक आरिफ सलमानी ने अपने नेता को सलामी देकर अंतिम विदाई दी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, इरशाद खान, जब्बार अली सलमानी, जिला महिला अध्यक्ष रेखा सिंह, ब्लाक अध्यक्ष राजकुमारी मिश्रा, अतुल सिंह, नगर अध्यक्ष निशु केसरी, चंद्र शेखर शुक्ला, इरशाद खान, जय प्रकाश कंकड़ी, घनश्याम मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी स्व. मुन्ना जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## स्वास्थ्य केंद्र में लगी आग, मची अफरा-तफरी

बदलापुर /जौनपुर। बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला वार्ड में आग लगने से अफरा तफरी मच गयी। जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे चिकित्सा केंद्र प्रभारी डॉ संजय दुबे द्वारा इसकी सूचना अग्निशमन केंद्र को दी गयी। अग्नि शमन कर्मियों ने अस्पताल पहुंच तत्काल आग बुझाया हालांकि चिकित्सा अधीक्षक के मुताबिक महिला वार्ड में उस समय कोई मरीज नहीं था। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की बीती रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला वार्ड में करीब 10 बजे के लगभग एसी से धुआं उठने लगा। देखते ही देखते भीषण आग गयी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ संजय दुबे की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। डॉ0 संजय दुबे ने बताया कि जिस समय आग लगी थी। उस समय महिला वार्ड में कोई भी मरीज भर्ती नहीं था।

## पालकी से ससुराल पहुंचा दूल्हा, दुल्हन पालकी में सवार होकर चली ससुराल

सोनभद्र। आधुनिक दौर में लग्जरी गाड़ियों में बरात लेकर दूल्हा शान से दुल्हन को लेने पहुंचता है। वहीं सोमवार को सोनभद्र जिले के दुद्धी ब्लॉक के हरपुरा गांव में एक बरात ऐसी भी निकली जिसे देखने के लिए लोग जहां थे वहीं रूक गए। दरअसल, दूल्हा अपनी पुरानी परंपराओं को जीवित रखने के लिए पालकी से बरात लेकर दुल्हन के घर तक पहुंचा। बचपन में काफी लोगों ने सुना होगा कि दादा और नाना की बरात पालकी व बैलगाड़ी से गई थी, जिसमें उन्हें ससुराल पहुंचने में कई दिन का सफर तय करना पड़ा था। वर्तमान समय में अगर कोई यह कहे कि किसी की बरात पालकी में जाएगी तो लोग यकीन नहीं करेंगे। दुद्धी ब्लॉक के हरपुरा गाँव निवासी मुंन्द्रिका गुप्ता के पुत्र मनोज गुप्ता ने पालकी को आकर्षक ढंग से सजाकर ब्याह रचाने निकल गए। बरात हरपुरा से टड़हे झारखण्ड गांव में पहुंची, जहां वीरेंद्र साव की बेटी तारामणी से शादी हुई। पालकी से बारात गाँव पहुंची तो बरात देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने अपने मोबाइल से दूल्हे और पालकी के साथ इस पल को सेल्फी के माध्यम से कैद किया। झारखण्ड से दुल्हन लेकर मंगलवार जब दूल्हा पालकी से अपने घर लौटा तो पालकी में दुल्हन देख लोग आश्चर्य चकित थे कि आज लोग जहाँ हाइटेक व्यवस्था के साथ शादी कर रहे हैं वहीं ये दूल्हा-दुल्हन एक साथ पालकी से सातों जन्म साथ -साथ रहने की शुरूआत कर रहे हैं। गाँव में कई वर्षों बाद पुरानी परंपरा पालकी में दुल्हन को देख गाँव में चर्चा का का विषय बनी रही। पालकी में बैठी दुल्हन जिस गांव और चैराहे से निकली वहां लोग देखने के लिए अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए और पालकी में बैठी दुल्हन की पुरानी परम्परा को अपने अपने कैमरे में कैद करते देखें गए।

## कचहरी परिसर का बंद डाकघर खुलवाने की मांग

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी राबर्ट्सगंज को पत्र देकर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में स्थित बंद उप-डाकघर को तत्काल खुलवाने की मांग की। पत्र की प्रतिलिपि प्रवर डाक अधीक्षक, मिजार्पुर मंडल, मिजार्पुर को भी भेजी गई। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि कचहरी परिसर स्थित उप-डाकघर लंबे समय से अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं न्यायालय के कर्मचारियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा है। इस डाकघर के माध्यम से प्रतिदिन सैकड़ों रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, नोटिस, अदालती आदेश एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का प्रेषण किया जाता था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यह डाकघर बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया गया है, जिसके कारण अधिवक्तागणों, वादकारियों तथा न्यायिक अधिकारियों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अत्यावश्यक न्यायिक दस्तावेजों को भेजने के लिए अब 3-4 किमी दूर स्थित मुख्य डाकघर जाना पड़ता है, जिससे समय व धन दोनों की हानि हो रही है और न्यायिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिंदु यादव एडवोकेट ने कहा कि जनहित एवं न्यायिक कार्यहित में कचहरी परिसर स्थित उक्त डाकघर को तत्काल प्रभाव से स्थाई रूप से खुलवाने हेतु संबंधित डाक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। इस अवसर पर पवन कुमार सिंह, राजेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव, रामप्रसाद यादव, चतुर्भुज शर्मा, टीटू प्रसाद गुप्ता, शाहनवाज आलम खान, चंदन जायसवाल, पवन कुमार द्विवेदी, अनुराग पांडेय, अभिषेक सिंह मौर्य, कामता प्रसाद यादव, आदर्श देव पांडेय, रविंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

मीरजापुर। पूर्वी दिल्ली निवासी एक शातिर अपराधी को यूपी की मीरजापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था जो फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद में अपराधों के रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सहित इनामियां अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में यह गिरफ्तारी की गई है। दरअसल, पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस टीम को मंगलवार को यह सफलता हाथ तब लगी है, जब अहरौरा थाना पुलिस पर उ.प्र. गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम से सम्बन्धित 25 हजार के ईनामियां वांछित पंकज कश्यप पुत्र मदन कुमार निवासी शास्त्री पार्क उस्मानपुर जनपद पूर्वी दिल्ली, दिल्ली को थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत लखनियादरी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

संक्षेप

## पशुपालन विभाग ने चलाया संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**देवरिया।** विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत ग्राम उसरा बाजार, तिवई, कोईलगड़हा एवं जंगल ईमिलिहां में पशुपालन विभाग के पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया। जिसमें विशेषकर सुअर पालन करने वाले पशुपालकों को पम्पलेट आदि के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी ने सुअरों को रिहायशी इलाकों से दूर रखने,पशुबाड़े के आस -पास गंदा पानी व मल-मूत्र एकत्र होने से रोकने,साफ-सफाई के साथ नियमित किटाणु नाशक दवाओं का पशुबाड़े के आस पास छिड़काव करने एवं मच्छररोधी जाली से पशुबाड़े को ढकने के लिए सुझाव दिया। पशुओं को नियमित टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित किया। इन उपायों से ही संचारी रोग जैसे दिमागी बुखार, मलेरिया,लेप्टोस्पायरोसिस आदि से बचाव संभव है ।बीमार पशुओं को अलग रखकर टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से आकस्मिक चिकित्सा हेतु एंबुलेंस सेवा का लाभ उठावें।इस अभियान में पशुपालकों को कृमि नाशक दवाओं का वितरण एवं किटाणु नाशक दवाओं का छिड़काव भी किया गया जिसमें सुनील कुमार एवं महेंद्र यादव ने विशेष सहयोग किया।

## बाइक चोर भेजा गया जेल

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद पुलिस ने बाइक बरामद करके सुधीर कुमार वर्मा पुत्र श्याम सुंदर वर्मा निवासी पूरे मितई मजरे बभनपुर को विधिक कार्यवाही करते हुए मंगलवार को जेल भेज दिया है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के पैगम्बरनगर निवासी दीपक कुमार पुत्र सत्यनारायण ने बीते 17 अप्रैल को नसीराबाद थाने में लिखित तहरीर दी थी कि वह ग्राम पूरे मितई मजरे बभनपुर में एक तिलक समारोह में शामिल होने गया था जहां से उसकी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। मोटर साइकिल बरामदगी और विधिवत जांच के बाद पुलिस ने 21 अप्रैल 2026 को अभियुक्त सुधीर वर्मा पुत्र श्याम सुंदर वर्मा निवासी पूरे मितई मजरे बभनपुर को विधिक कार्यवाही करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पूर्व पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने 17 अप्रैल की रात अपने ही गांव में आयोजित तिलक समारोह से उक्त मोटरसाइकिल चोरी की थी। चोरी के बाद उसने बाइक को अपने घर में छिपाकर रखा था। कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम उपनिरीक्षक देवेश साहू, मुख्य आरक्षी रामनरेश भार्गव और आरक्षी योगेंद्र कुमार की अहम भूमिका रही।

## खुले में रखा ट्रांसफार्मर दे रहा हादसे को आमंत्रण

**परशदेपुर,रायबरेली।** नगर पंचायत परशदेपुर में स्थित नवीन स्वास्थ्य केन्द्र परिसर के अन्दर खुले में रखा विद्युत ट्रांसफार्मर हादसे को दावत दे रहा है। संबंधित जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान कराने के बजाय किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। कस्बे के नवीन स्वास्थ्य केन्द्र परिसर के अंदर तालाब किनारे जमीन से लगभग तीन फीट की ऊंचाई पर खुले में विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर रखा गया है ।ट्रांसफार्मर के चारों तरफ सुरक्षा जाली न होने के कारण लोगों में हमेशा ही एक बड़े खतरे का अंदेशा बना रहता है ।कम ऊंचाई व खुले में रखे ट्रांसफार्मर के आसपास लोगों का आना जाना लगा रहता है ।

# मदरसा बना रिश्तों की नियुक्तियों का अड्डा

## रिश्तों की सीढ़ी पर चढ़कर मिली नौकरी, सिस्टम बना मूकदर्शक, मदरसा मुहम्मदिया फैजे रसूल के फर्जीवाड़े की खुली पोल

जिला संवाददाता (vol)




**कुशीनगर।** जनपद के तमकुहीराज तहसील अन्तर्गत पिपरा कनन बोदा टोला स्थित मदरसा मुहम्मदिया फैजे रसूल में नियुक्तियों को लेकर ऐसा खेल सामने आ रहा है, जिसमें नियमों से ज्यादा रिश्तों की भूमिका अहम दिखाई दे रही है। चयन प्रक्रिया कागजों में भले ही पारदर्शी दिखे, लेकिन अंदरखाने सब कुछ पहले से तय होने के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, नियुक्तियों के दौरान बनाई गई चयन समितियां निष्पक्षता के बजाय धनबल, प्रभाव और संबंधों के दायरे में सिमटी नजर आ रही हैं।

यहां खेल सीधा नहीं, बल्कि बेहद सुनियोजित है। नियम मौजूद हैं, लेकिन उनका इस्तेमाल पालन के लिए नहीं, बल्कि ह्यमैनेजह्न करने के लिए किया गया है। कागजों पर सब कुछ दुरुस्त, विज्ञापन निकला, चयन समिति बैठी, इंटरव्यू हुआ, लेकिन हकीकत में फैसले पहले ही तय हो जाते हैं। सवाल यह है कि जब चयन प्रक्रिया शुरू होती है, तो क्या वास्तव में योग्यता देखी जाती है, या सिर्फ रिश्तों की गिनती ?जांच में अब धीरे-धीरे कई परतें खुल रही हैं—रिकॉर्ड में गड़बड़ी, चयन प्रक्रिया में हेरफेर और समिति गठन में अनियमितताएं। यह संकेत दे रहा है कि मामला सिर्फ एक-दो नियुक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि एक व्यवस्थित तरीके से चल रहे खेल का हिस्सा हो सकता है ।स्थानीय लोगों में इसे लेकर नाराजगी बढ़ रही है। उनका कहना है कि शिक्षा संस्थानों को निजी प्रभाव का केंद्र बनाना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ भी गंभीर अन्याय है।

### फ्लैश बैक, विदेश में रहकर शिक्षिका उठाती वेतन

पिपरा कनक बोदा टोला स्थित मदरसा मुहम्मदिया फैजे रसूल का मामला तब सुर्खियों में आया, जब 13 अप्रैल को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी भरत लाल गोंड ने यहां औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब उपस्थिति रजिस्टर खंगाला गया, तो एक ऐसा सच सामने आया जिसने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए। रजिस्टर में सहायक अध्यापिका तालीमुन निशा के नाम के सामने 25 मार्च से 27 मार्च और 30 मार्च तक आकस्मिक अवकाश दर्ज था। पहली नजर में यह सामान्य प्रविष्टि लगी, लेकिन जब इस अवकाश को लेकर प्रधानाचार्य और लिपिक से पूछताछ हुई, तो उन्होंने लिखित में स्वीकार किया कि यह अवकाश खुद प्रबंधक द्वारा दर्ज किया गया है। यहीं से संदेह की शुरूआत हुई। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि जिस अवधि में शिक्षिका का अवकाश दर्ज है, वह उस समय देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में मौजूद थीं। इसके बावजूद उनके फरवरी और मार्च महीने का वेतन न केवल बिल बनाकर भेजा गया, बल्कि भुगतान भी करा लिया गया। दस्तावेजों की पड़ताल में यह भी सामने आया कि संबंधित शिक्षिका, प्रबंधक की ही बेटी हैं। इस खुलासे के बाद मामला महज लापरवाही का नहीं, बल्कि सुनियोजित फजीवाड़े का खुलासा हुआ। जांच में यह पोल भी खुल गयी कि नियुक्ति के समय नियमों को दरकिनार करने के लिए प्रबंधन में बदलाव किया गया था, ताकि परिजनों की तैनाती का रास्ता साफ हो सके। मदरसा विनियमावली 2016 के तहत प्रबंधक या समिति के सदस्य अपने पुत्र-पुत्री की नियुक्ति नहीं कर सकते, बावजूद इसके नियमों को नजरअंदाज किया गया। फजीवाड़े की पुष्टि होते ही 16 अप्रैल को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने रवींद्रनगर धूस थाने में तहरीर देकर प्रबंधक और उनकी शिक्षिका बेटी के खिलाफ सरकारी धन के कुटरचित गबन और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद एसपी के निर्देश पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और अब मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### वर्ष 2016 मे हुई विदेश रहकर वेतन उठाने वाली शिक्षिका की नियुक्ति

बताया जाता है कि तकरीबन 15 शिक्षकों और साढ़े पांच सौ छात्रों वाले मदरसा मुहम्मदिया फैजे रसूल मदरसा को वर्ष 2015 से अनुदान मिलना शुरू हुआ था, जबकि संबंधित शिक्षिका की तैनाती 2016 में हुई थी। इस पूरे प्रकरण के सामने आने के बाद न सिर्फ मदरसे में हड़कंप मचा है, बल्कि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अब निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं देखना यह है कि क्या योगी सरकार मे फजीर्वाड़ा करने वाली इस मदरसे पर कोई ठोस कार्रवाई की जाती है या फिर यह मामला भी अधिकारियों के टेबल पर फाइलों में दफन होकर रह जायेगी।

# गेहूं के डंठल से लगी आगे में छह घर जलकर राख



**कुबेरस्थान, कुशीनगर।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के गंगारानी गांव के आस पास से गेहूं की खेत में लगी आग तेज हवा के झोंके के साथ जलता हुआ कुबेरस्थान पडरौना सड़क पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचकर बडगांव गांव में आग पकड़ लिया। जिससे आधा दर्जन लोगों की झोपड़ी लकड़ी आदि जलकर राख हो गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव गंगारानी के आस पास गेहूं की खेत के डंठल में लगी आग तेज आंधी वाली हवा के साथ विकराल रूप में आग पूरब दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा था। इसे देख आस पास के गावो के लोग अपने घर के आस पास पानी डालना शुरू कर दिए ।देखते देखते आग कुबेरस्थान पडरौना मार्ग पर पहुंच गया जो बेलवानिया गांव के उत्तर से सड़क पार कर हमारा पंप के बगल में फ्रेस मड में पकड़ लिया। आग का विकराल रूप देख ग्रामीणों ने फायर सर्विस को सूचित किया। जिसके बाद गेहूं के खेत के डंठल का आग ग्रामीणों सहित फायर सर्विस बुझाने लगा तब तक फायर सर्विस का पानी भी समाप्त हो गया और आग बडगांव गांव में पहुंच गया। जिसमें ग्रामीण काफी मशक्कत के बाद अपने निजी संसाधन से आग पर काबू पा लिया। आग से बडगांव के टीमल, हलीम, अकबर, मंजूर, अभीबुल्लाह, बसीर, सकल प्रसाद, ब्रिझन, फेंकू नरसिंह, दिलीप आदि का झोपडी लकड़ी आदि जल कर राख हो गया।

## स्कूल खुलने से पहले परिसर में का विशाल वृक्ष गिरा, टला भीषण हादसा

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम घाँटी स्थित बरई टोला प्राथमिक विद्यालय भवन पर मंगलवार तड़के एक विशालकाय जंगली छितवन का पेड़ गिर जाने से बड़ा हादसा टल गया। घटना में विद्यालय भवन आंशिक रूप से नुकसान हुआ है, जबकि किसी भी बच्चे, शिक्षक अथवा स्थानीय व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई। भीषण गर्मी, तेज धूप और लू को देखते हुए विद्यालय संचालन का समय बदलकर सुबह 7:30 बजे से कर दिया गया था। विद्यालय खुलने से पूर्व तड़के करीब 5 बजे अचानक विद्यालय परिसर के समीप खड़ा विशालकाय जंगली छितवन का पेड़ भरभराकर भवन पर गिर पड़ा। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। भवन की स्थिति देखकर लोगों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि यदि यह घटना विद्यालय खुलने के समय होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना तत्काल शिक्षा विभाग एवं स्थानीय प्रशासन को दे दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि समय परिवर्तन के कारण बच्चे विद्यालय नहीं पहुंचे थे, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। उन्होंने बताया कि भवन क्षतिग्रस्त होते होते बचा है। कम नुकसान पहुंचा है। उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर को शीघ्र साफ कराने तथा बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मां

## भटवलिया उपकेंद्र पर मरम्मत कार्य कल 4 घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**देवरिया।** उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति देने के उद्देश्य से 33/11 केवी भटवलिया विद्युत उपकेंद्र पर 11 केवी लाइन में आवश्यक कार्य कराया जाएगा। इसके चलते बुधवार 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक भटवलिया उपकेंद्र से निकलने वाले वाटर वर्क्स फीडर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी विभाग की ओर से बताया गया है कि इस दौरान संबंधित फीडर से जुड़े सभी मोहल्लों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे पहले से पानी भरने सहित अन्य जरूरी कार्य समय रहते निपटा लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिक जानकारी के लिए उपकेंद्र के सीयूजी नंबर 9415961082 पर संपर्क किया जा सकता है। अधिशासी अभियंता चंद्रमा प्रसाद व एसडीओ प्रत्यूष वल्लभ ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह कार्य विद्युत आपूर्ति को सुचारू और बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है।

## बहू से पीड़ित परिवार की एसपी से न्याय की गुहार

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के बनई मऊ गांव की महिला विद्यावती पत्नी श्रीपाल यादव ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर न्याय की गुहार लगाई है। विद्यावती ने बताया कि उसकी बहू रिंकी पत्नी राम सजीवन आए दिन घर वालों से लड़ाई झगड़ा व गाली गलौज करती है। रिंकी के क्रियाकलापों से पूरा परिवार भयभीत है। विद्यावती की माने तो रिंकी आए दिन धमकी देती रहती है कि वह पूरे परिवार को झूठे मामले में फंसा देगी और जेल करा देगी। विद्यावती ने बताया कि रिंकी सोशल एप मौज व अन्य मोबाइल के क्रियाकलापों में लगी रहती है। उसने अपने देवर राम प्रकाश यादव को छेड़खानी व दुराचार के झूठे आरोपों में भी फसाने की धमकी दी है। रिंकी की धमकियों से पूरा परिवार परेशान है। विद्यावती का यह भी कहना है की बहू कहती है कि आदमी लगवा कर पूरे परिवार को मरवा देंगे। बहू से पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली को रजिस्टर्ड पत्र भेज कर न्याय और जान माल के सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# बुद्धा पार्क पर धन का बंदरबांट

**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट के ठीक सामने स्थित बुद्धा पार्क में लगभग पांच करोड़ रुपये से कराए जा रहे निर्माण कार्य में अब भ्रष्टाचार का संकेत सिर्फ आरोप व चर्चाओं तक सीमित नहीं रह गया है, क्योंकि सरकारी रिपोर्ट ने गड़बड़ी की परतें खोलनी शुरू कर दी हैं। आईजीआरएस शिकायत पर हुई जांच में जिला उद्यान अधिकारी की रिपोर्ट ने जो तस्वीर पेश की है वह न सिर्फ प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे। बल्कि पूरे सिस्टम की निष्क्रियता, मिलीभगत और लीपापोती को उजागर करती है।

- आईजीआरएस जांच बनी मजाक, इंजीनियर देता रहा तारीख पर तारीख
- बुद्धा पार्क में डेट गेमः इंजीनियर गायब, जांच अधिकारी परेशान
- पार्क में भ्रष्टाचार की बूः जांच अधिकारी को में नहीं मिले डीपीआर

जिला उद्यान अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या के अनुसार, 27 फरवरी 2026 को प्रांतीय खंड कसया के अवर अभियंता के साथ रवीन्द्रनगर स्थित बुद्धा पार्क में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। मौके पर मौजूद सुपरवाइजर फिरोज खान से जब डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) मांगी गई, तो उन्होंने साफ कहा कि ह्यडीपीआर मेरे पास नहीं, साइट इंजीनियर के पास है ह्न फोन पर संपर्क करने पर साइट इंजीनियर ने खुद को अवकाश पर बताते हुए 28 फरवरी तक लौटकर निरीक्षण कराने का भरोसा दिया। लेकिन यहीं से शुरू हुआ ह्यतारीख पर तारीखह्न का खेल। फिर साइट इंजिनियर की ओर से 7 मार्च व 9 मार्च की नई तारीख तय की गयी। इसके बावजूद साइट इंजिनियर द्वारा निर्धारित तिथि पर न तो जांच अधिकारी को निर्माण स्थल का निरीक्षण कराया गया और न ही डीपीआर उपलब्ध करायी गयी। परिणाम स्वरूप पूरा मार्च महीना बीत गया, सूत्रों के मुताबिक, बार-बार आश्वासन के बावजूद साइट इंजीनियर न तो मौके पर उपस्थित हुए, न ही कोई अभिलेख उपलब्ध कराया, जिससे जांच कर रहे अधिकारी की निराशा नजर आए।सवाल यह है कि आखिरकार एक जिम्मेदार पद पर तैनात साइट इंजीनियर लगातार जांच से बचने की कोशिश क्यों कर रहे है ?

सूत्रों की मानें तो डीएम द्वारा गठित एक अन्य जांच टीम जब निर्माण स्थल का निरीक्षण किया, तो वहां की स्थिति ने और भी चौंका दिया। निरीक्षण में पाया गया कि इंटरलॉकिंग कई जगहों पर धंस चुकी है, निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है और कई तकनीकी खामियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। अधिकारियों ने मौके पर ही साइट इंजीनियर को जरूरी निर्देश दिए लेकिन यह कार्रवाई भी औपचारिकता से आगे बढ़ती नहीं दिख रही। सबसे बड़ा और गंभीर सवाल यह है कि जिस डीपीआर के आधार पर पांच करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट तैयार किया गया, वही दस्तावेज आईजीआरएस जांच के दौरान जांच अधिकारी को उपलब्ध नहीं कराया गया है। यह स्थिति न केवल नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि यह भी संकेत है कि कहीं न कहीं निर्माण कार्य मे खेला हुआ है। ऐसे में यह आशंका और भी गहरा जाती है कि पूरे प्रोजेक्ट में धन के दुरुपयोग और बंदरबांट की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## भीषण गर्मी व लू ने रोकी जिंदगी की रफ्तार दिन में बाजारों चौराहों पर सन्नाटा

**देवरिया।** भीषण गर्मी और लू ने जनजीवन की गतिविधियों पर ब्रेक सा लगा दिया है ।सुबह से ही पड़ रही भीषण गर्मी और गर्म पछुआ हवाओं ( लू ) से बचने के लिए लोग बाग घरों में दुबकने को मजबूर हैं ।दिन में बाजारों , चट्टी चौराहों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है जबकि सायंकाल 6:00 बजे से देर रात तक बजारों ,चौराहा पर लोग निकल रहे हैं ।तापमान 41, 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और गर्म पछुआ हवाओं से गर्मी के सीजन में बोई जाने वाली फसलों खासकर सब्जियों की खेती करने वाले किसानों को हर दूसरे दिन पानी चलाकर फसलों को बचाना पड़ रहा है। गर्मी और लू से पशुओं की हालत भी बेहाल है ताल तलाईयां , नहरों के सूखने से पशु पक्षी बेहाल हैं शहर में बन्दरों का झुंड इधर-उधर पानी की तलाश में भटक रहा है ।बाग बगीचों के कटने से बन्दरों का झुंड आबादी के तरफ रुख किया हुआ है जो इन दिनों तपतीधूप, गर्मी से परेशान है फिर पौधों की कमी से बंदर का झुंड इधर उधर पानी व छांव के लिए भटक रहा है । नहरों में भी पानी नहीं होने से और दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ।भीषण गर्मी और तेज हवा में आग की एक चिंगारी कॉल बन करके लोगों को सता रही है पराली जलने से कई गांव में आग लगने की भी सूचना है। भीषण गर्मी और लू से सबसे अधिक स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है हालांकि जिलाधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन किए जाने से कुछ राहत मिलने की संभावना है सुबह घर से खुशी-खुशी स्कूल जाने वाले विद्यार्थी दोपहर में मुरझाए चेहरे के साथ पसीने पसीने होकर घर लौट रहे हैं । कोर्ट कचहरी,कार्यालयों में अपने कार्य से पहुचने वालो की हालत देखते बन रही है ।शादी विवाह की लगन शुरू होने से आने जाने वालों की भीड़ बस स्टेशनों ,रेलवे स्टेशनों पर झुलस रहे है। रोजमर्रा रोजी रोजगार करने वाले परेशान है ।इसबीच गर्मी के कारण खरबूज ,तरबूज ,सत्तू ,बेल के सरबत ,ठंडा पेय,नारियल पानी, जूस की बिक्री बढ़ गयी है

# दिशा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक कार्यों पर जताया संतोष




**देवरिया।** विकास कार्यों को गति देने और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को ह्यदिशाह्न (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) की बैठक सांसद देवरिया शशांक मणि की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर संतोष जताते हुए सराहना की।

बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति विद्युतीकरण योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, समग्र शिक्षा और डिजिटल इंडिया पब्लिक इंटरनेट एक्सेस प्रोग्राम (सीएससी) समेत अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही हाईवे और रेलवे परियोजनाओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई। सांसद शशांक मणि ने कहा कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गुणवत्ता के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारने और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। गर्मी को देखते हुए बिजली आपूर्ति का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठा। विद्युत विभाग को शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। वहीं गेहूं खरीद की प्रगति पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जानकारी ली। इस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि जनपद में संचालित 107 क्रय केंद्रों के माध्यम से अब तक करीब 6 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। भंडारण के लिए 763 गांठ बोरा उपलब्ध हैं, जबकि 150 गांठ बोरा टेंडर के माध्यम से जल्द प्राप्त होंगे। इससे कुल 25 हजार मीट्रिक टन गेहूं के भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है।

गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। कृषि मंत्री ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी आश्रय स्थलों पर पशुओं के लिए पेयजल, भूसा-चारा, तिरपाल, पंखा सहित जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। गर्मी के मौसम में पशुओं की देखभाल में किसी प्रकार की कमी न रहने देने पर जोर दिया गया। बैठक में सांसद सलेमपुर रामाशंकर राजभर, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायकगण व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने निर्देश दिया कि बैठक में दिए गए निर्देशों का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ मई को

**रायबरेली।** उप राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, समस्त सिविल जज, समस्त अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, समस्त सिविल जज(क श्रेणी) के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह ने की। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

## सैनिक बन्धु की बैठक में समस्याओं के निस्तारण को दिये गये निर्देश



**कुशीनगर।** जिला सैनिक बन्धु की बैठक आज मुख्य विकास अधिकारी वन्दिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विंग कमांडर आलोक सक्सेना, अपर प्रधान, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई और आगे की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में कुल 28 पूर्व सैनिक/विधवाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान पूर्व सैनिकों से संबंधित कुल 4 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें मार्ग विवाद, न्यायालय में लंबित प्रकरण, धन वापसी तथा असामाजिक तत्वों द्वारा धमकी एवं मार्ग अवरोध जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में गुलाब सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), दयाशंकर यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, डीएसपी कुशीनगर आर.पी. सिंह, सूबेदार एस.के. हुड्डा, एनसीसी बटालियन पडरौना सहित सम्मानित पूर्व सैनिक कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन दयाशंकर पाण्डेय, हवलदार शारदा प्रसाद एवं अन्य पूर्व सैनिक/विधवाएं उपस्थित रहीं। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रभाकर नाथ तिवारी, राजेश कुमार गुप्त, जालंधर प्रसाद एवं अन्य कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## बारह दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद इलाज के दौरान युवक की मौत

**सलोन,रायबरेली।** कोतवाली अंतर्गत सम्राट ढाबा के निकट बीती 9 अप्रैल को सलोन बाईपास नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक करीब दस फीट दूर जा गिरा था ।हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक सिंह पुत्र धनंजय सिंह निवासी खमरिया पूरे कुशल को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे एम्स रेफर किया गया था ।युवक के सिर में गंभीर चोट आई थी, जिसके चलते उसे एम्स के इमरजेंसी वार्ड रेड जोन और फिर आईसीयू वेंटिलेटर पर रखा गया था ।करीब 12 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद मंगलवार सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। माता-पिता भाई समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।वहीं क्षेत्रीय लोगों में तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई न होने को लेकर भारी नाराजगी है ।स्थानीय लोगों ने हाईवे पर सख्त ट्रैफिक नियंत्रण और स्पीड मॉनिटरिंग की मांग उठाई है।

## जनपद न्यायालय का समय सुबह 7 से एक बजे तक निर्धारित

**रायबरेली।** जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह ने बताया है कि न्यायालय के अनुसार प्रत्येक वर्ष मई और जून माह में सुबह की अदालत का समय सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है ।उन्होंने बताया कि उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए जनपद न्यायपालिका में 1 मई 2026 से 30 जून 2026 तक न्यायालय/कार्यालय का समय निर्धारित किया गया है। जिसमें अधिकारी और कर्मचारी सुबह 6:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक न्यायालय/कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

# होमगाड्र्स परीक्षा को बैठक लेकर संपन्न



**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेष पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उ०प्र० पुलिस में होमगाड्र्स के पदों पर इनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को शुचितापूर्ण, नकलविहीन, निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि उक्त परीक्षा 25, 26 व 27 अप्रैल को प्रत्येक दिवस को दो पाली में प्रथम पाली समय प्रातः 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक व द्वितीय पाली समय अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। जनपद में प्रत्येक पाली में कुल 3504 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। प्रश्नगत परीक्षा के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं परीक्षा को शुचिता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। परीक्षा केन्द्र पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केन्द्रों की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ससमय अवश्य कर लेंगे और परीक्षा दिवस पर परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व कम से कम 3 घंटा पहले अनिवार्य रूप से पहुंच जायेगें। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम इत्यादि का निरीक्षण करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर का भ्रमण कर आवागमन के मार्गों तथा विशेष परिस्थितियों में प्रयुक्त होने वाले वैकल्पिक मार्गों की जानकारी ससमय अवश्य कर लें। सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा के दौरान केन्द्र व्यवस्थापक से समन्वय बनाते हुए परीक्षा केन्द्र पर समस्त व्यवस्थाएं एवं औपचारिकताएं पूर्ण करायेंगे। केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, परीक्षा सहायक व कार्यदायी संस्था (गोपनीय), कार्यदायी संस्था (सुरक्षा), के प्रतिनिधि, तैनात पुलिस बल से समन्वय स्थापित कर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराकर उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुरूप ससमय अनुपालन कराते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट/ स्टैटिक मजिस्ट्रेट, उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा निर्गत निदेर्शों का अक्षरशः त्रुटिरहित अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला समन्वयक परीक्षा संचालन डॉ श्रीकांत उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

# पहलगाम के गुनहगार

पहलगाम नरसंहार को एक वर्ष हो गये, लेकिन इसके साजिशकर्ता अभी जिंदा हैं। धर्म के आधार पर नरसंहार कराने वाला पाकिस्तान का जिहादी जनरल मुनीर इस समय शांति दूत बना है और ट्रंप का लाडला बनकर मध्यस्थता करा रहा है। स्पष्ट है कि ट्रंप के नेतृत्व में अमरीका अब आतंकवाद के खिलाफ नहीं है। वह 9/11 के जख्म को भूल गया है और फिर से आतंकी पाकिस्तान के साथ गलबहियां कर रहा है। व्हाइट हाउस में मुनीर के और ट्रंप का फेवरेड फील्डमार्शल बनने से भारत ने पाकिस्तान को अलग-थलग करने की जो कूटनीतिक मुहिम वर्षों से चलायी थी, वह पूरी तरह फेल हो गयी है। अब पाकिस्तान अमरीका का ही नहीं बल्कि भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध के बढ़ते खतरों के बीच कई इस्लामी देशों के आंख का तारा बन गया है। ऐसे में अब भारत को आदर्शवादी विदेशनीति पर चलने के बजाय वास्तविक स्थितियों को स्वीकार करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर बहुत ही सफल था। हमारी सेना ने अपने पराक्रम से तीन दिन में पाकिस्तान को



बहुत नुकसान पहुंचाया, लेकिन समय से पहले ट्रंप जैसे अस्थिर व्यक्ति के दबाव में युद्ध रोकना भारत को बहुत महंगा पड़ा है। इससे पाकिस्तान दुनिया में यह संदेश देने में सफल हो गया कि उसने भारत को मजबूती से जवाब दिया और कई युद्धक विमान गिरा दिये। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने तीन दिनों में पाकिस्तान की ठीक-ठाक पिटाई की थी, लेकिन नैरेटिव के मोर्चे पर पाकिस्तान भारत के खिलाफ हवा बनाने में सफल रहा। आज पाकिस्तान अगर इस्लामी देशों के आंखों का तारा बना है, ट्रंप का फेवरेड है, तो इसके पीछे ऑपरेशन सिंदूर को समय से पहले रोकना ही मुख्य कारण है। अगर चार-छह दिनों तक और पाकिस्तान की पिटाई की जाती और आर्थिक और सैनिक रूप से जर्जर कर दिया जाता है, तो मुनीर तानाशाह भी नहीं बन पाता और पाकिस्तान की आज यह हैसियत भी नहीं होती। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर रोकने की जो कूटनीतिक गलती की गयी, उसे सुधारना बहुत जरूरी है। पहलगाम हमला दरअसल भारत के दिल पर हमला था, भारत की एकता, अखंडता और आइडिया ऑफ इंडिया के विचार पर हमला था। इसलिए पहलगाम के साजिशकर्ता चाहे जहां हों, उनका हिसाब हर हाल में किया जाना चाहिए। जब तक मसूद अजहर और हाफिज सईद जिंदा हैं, तब तक भारत को चैन से नहीं बैठना चाहिए। इजराइल की तरह भारत के दुश्मन जहां हों, जिस बिल में छिपे हों, वहां-वहां पहुंचकर, आतंकियों को खोजकर, चुन-चुन कर मारा जाये। पाकिस्तान ऐसा देश नहीं है जो सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक या ऑपरेशन सिंदूर से मान जायेगा। जब पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिये गये, तब भी पाकिस्तान नहीं माना था। इसलिए भारत को अगर दुनिया में एक महाशक्ति के रूप में अपनी पहचान बनानी है, तो आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक मोर्चे पर मजबूती से आगे बढ़ने के साथ ही सैन्य प्रहार से दुश्मनों को भी ठीक करना होगा। यह दुर्भाग्य है कि हमारी सेना हमेशा अपने पराक्रम से दुश्मनों को पस्त कर देती है लेकिन कूटनीतिक मोर्चे पर हमेशा हार होती है। आपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान के साथ वही गलतियां दोहराई जो 1965 और 71 में की थी। इसलिए पाकिस्तान के प्रति भारत को अब अपनी ढुलमुल नीति छोड़ कर स्पष्ट और आक्रामक कूटनीति के जरिए पाकिस्तान को टफ-टाइम देना चाहिए। इसमें पाकिस्तान में बैठे आतंकियों को चुन-चुन कर मारने के साथ ही ब्लूचिस्तान में विद्रोही गुटों को आर्थिक, सैनिक और कूटनीतिक समर्थन, सिन्ध प्रांत में पाकिस्तान विरोधी गुटों को एकजुट कर पाकिस्तान के खिलाफ खड़ा करने और तालिबान की मदद कर पाकिस्तान के खैबरपख्तूनख्वा में पाश्तो गुटों को मजबूत करने जैसे उपाय शामिल हो सकते हैं। सरकार पाकिस्तान को लेकर संभवतः कुछ कर रही है, लेकिन जो भी कर रही है उसकी स्पीड और स्केल को बहुत ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है। कुल मिलाकर पाकिस्तान को पहलगाम और कश्मीर में आतंकी हरकतों की कठोर सजा देने की जरूरत है। छोटे-मोटे स्ट्राइक या दो-तीन दिनों के ऑपरेशन से पाकिस्तान नहीं सुधरने वाला।

### विचार

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

– हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान होते हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

# लापरवाही से साजिश तक, सुलगते सवाल

**मनोज वार्ष्णेय**

> पानीपत ही क्यों भारत के दूसरे स्थानों पर भी पहले भी आगजनी या तोडफोड़ की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इनसे सबक कितना लिया यह घटनाओं की पुनरावृत्ति बताती है। वर्तमान हालात में पचपदरा की घटना बहुत गंभीर है।

देश की सर्वाधिक आधुनिक तथा जीरो प्रदूषण का तमगा प्राप्त करने के लिए तैयार पचपदरा रिफाइनरी में आग की घटना के बाद फिर से राजनीति की दुर्घटनाएं आरंभ हो गई हैं। तेरह वर्ष में भी अधूरी इस रिफाइनरी में प्रधानमंत्री के आने और उनके उद्घाटन के साथ ही जनसभा की तैयारियों को लेकर कम राजनीति नहीं थी कि आग लगने की घटना पर आरोप-प्रत्यारोप आरंभ हो गए हैं और संभवतः यह तब तक जारी रहेंगे, जब तक इसको पूरी तरह से सही करके फिर से संभवतः प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित नहीं कर दिया जाएगा। राजनीतिक दलों में इसके उद्घाटन को लेकर एक खबर यह चल रही थी कि यह ऐसे समय में हो रहा है जब भाजपा की प्रतिष्ठा बने बंगाल चुनाव के लिए मतदान का दिन आ चुका है और यहां की हार-जीत सियासी मैदान में बहुत कुछ तय करेगी। कांग्रेस सांसद उम्मेदराम बेनीवाल भी रिफाइनरी के मामले में मुखर होकर सामने हैं। वे संसद में इस पर प्रश्न भी कर चुके हैं और उनके अनुसार इसके पीछे अनुभवहीन लोगों को काम दिया जाना है। जब से इस रिफाइनरी की नींव पड़ी है, तब से ही यह राजनीतिक खेल में फंसी हुई है।

पचपदरा की नींव 13 साल पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल में रखी गई थी। कहा गया था कि यह 37, 230 करोड़ रुपए में तैयार हो जाएगी। इस बीच कोरोना ने इसकी रफ्तार रोकी। कभी शासन बदला, तो भाजपा का कार्यकाल आया, जिसकी मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर भी लोगों ने यह आरोप लगाए कि वह इसे टाल रही हैं। काम धीरे-धीरे चलता रहा और यह अपनी लागत बढ़ाती हुई तकरीबन 80 हजार करोड़ के पास पहुंच गई। अगर अभी की स्थिति देखें तो एक बात पूरी तरह से साफ है कि यह अभी पूरी बनी नहीं है, संभवतः इसके पूरी तरह से बनने में अभी दो वर्ष और लगेंगे। तब तक इसकी लागत एक लाख करोड़ भी हो सकती है। इस रिफाइनरी में आग लगने की घटना के बाद से सोशल मीडिया और पारंपरिक मीडिया



पर एक प्रश्न तेजी से पूछा जा रहा है कि 16 अप्रैल को जब यूएस बेस्ड एक्स हैंडलर अरविंद ने रिफाइनरियों की सुरक्षा पर सवाल उठाया, तो उसे अनदेखा क्यों किया गया। उन्होंने स्पष्ट लिखा था कि कोई विरोधी भू-राजनीतिक लाभ के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को हानि पहुंचाना चाहता है। यह पोस्ट तब और महत्वपूर्ण होती है, जब खाड़ी में तेल की जंग परमाणु जंग जैसी खतरनाक स्थिति तक पहुंचने को है और हाल में भारत के जहाजों पर खुद मित्र देश ईरान ने गोली चलाकर उन्हें रोक दिया था। यह बात भी ध्यान देने की है कि इस वक्त देश में गैस सिलेंडर तथा पेट्रोल को लेकर जितनी अफवाहें हैं, वह भी कम नहीं हैं। आखिर इस अग्निकांड पीछे कारण क्या है? यह प्रश्न सभी पूछ रहे हैं और उन घटनाओं को भी अब मुखर किया जा रहा है, जो इस रिफाइनरी में पहले हो चुकी हैं।

### पचपदरा रिफाइनरी में अग्निकांड

बताया जाता है कि पहले भी इस रिफाइनरी में एक दुर्घटना में मजदूर की मौत हो चुकी है। इसके अलावा भी कई और छोटी-मोटी घटनाएं घट चुकी हैं। इस मामले को अनुभवहीन निर्माण कंपनी से जोड़ा जा रहा है। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और श्रेय लेने की सोच की नींव पर बनी इस रिफाइनरी के उद्घाटन से पहले इसकी सुरक्षा के लिए क्या प्रबंध हुए, अब यह प्रश्न सबसे अधिक ट्रेंड कर रहा है।

अभी कुछ ही दिन पहले पानीपत की रिफाइनरी में मजदूरों ने तोडफोड़ की थी और हालत नहीं संभलने पर सुरक्षाबल भी पीछे हट गए थे। यह हड़ताल वेतन वृद्धि, काम के घंटे कम करना तथा दूसरी सुविधाओं में वृद्धि की मांग को लेकर थी। कई दिनों तक यह झगड़ा होता रहा। इसके बाद नोएडा में भी मजदूर वर्ग ने हड़ताल की और वही तोडफोड़। नोएडा की घटना को तो यहां तक कहा गया कि इसमें विदेश फंड भी हो सकता है। जब पूर्व में दो मामले हो चुके हैं और यह ताजातरीन हैं, तो उनको भी ध्यान में रखा था क्या? और रखा था तो राजनीतिक शिकायतों के बाद लाखों की भीड़ वाली रैली क्यों रखी गई? यह बात भी पूछी जा रही है कि अगर हादसा उद्घाटन के दौरान होता तो क्या होता?

पानीपत ही क्यों भारत के दूसरे स्थानों पर भी पहले भी आगजनी या तोडफोड़ की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इनसे सबक कितना लिया यह घटनाओं की पुनरावृत्ति बताती है। वर्तमान हालात में पचपदरा की घटना बहुत गंभीर है। जयपुर में वर्ष 2009 में भी सीतापुरा में इंडियन ऑयल डिपो में आग लगने से एक हफ्ते से अधिक तक जनता परेशान रही थी तथा कम से कम एक दर्जन लोगों की मौत हुई थी। घायलों की संख्या भी सैंकड़ों में थी। मुंबई के ओएनजीसी के तट पर आग से 12 लोगों की जान 2005 में गई, तो विशाखापत्तनम रिफाइनरी में 1997 की आग सभी को याद होगी। यहां पर पचास से अधिक लोगों की जान गई थी। हल्दिया रिफाइनरी, कायली रिफाइनरी, जामनगर रिफाइनरी की घटनाएं भी झकझोर देने वाली हुई हैं। यदि इन आगजनी की घटनाओं को मानवीय भूलों से हटकर देखें तो पेट्रोकैमिकल क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं भारत में ही नहीं दुनियाभर में होती हैं। कई बार यह परीक्षण या परिचालन के दरमियान हो जाती हैं, तो कई बार ये अचानक ही हो जाती हैं, इसका कारण तापमान के उच्चस्तर को पार कर जाना भी हो सकता है, जैसा कहा जा रहा है।

पचपदरा की आग लगने की घटना और उस पर तत्काल काबू पाना यह भी कोई सरल काम नहीं था। वैसे तो इस तरह की रिफाइनरियों में सुरक्षा के लिए पूरी व्यवस्था होती है पर प्रधानमंत्री का दौरा था इसलिए यहां पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था रही होगी। इसमें फायर बिग्रेड से लेकर दूसरी व्यवस्थाएं शामिल हैं। यह कहना कि कोई साजिश या गलती है जल्दीबाजी होगी, हां यह जरूर देखना होगा कि प्रधानमंत्री के दौरे से पहले यहां पर उनकी सुरक्षा के लिए आयी सुरक्षा एजेंसियों ने कोई ऐसी रिपोर्ट तो नहीं दी थी। क्या एलआईयू की रिपोर्ट थी और उसने पानीपत की घटना को भी ध्यान में रखा था? सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यूएस बेस्ड अरविंद की नुकसान पहुंचाने वाली पोस्ट पर भी काम किया गया था क्या? अब इस रिफाइनरी को फिर से तैयार होने में कितना समय लगेगा, खासकर उस यूनिट को जिसमें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। माना जा रहा है कि अब कम से कम तीन महीने तो कुछ भी नहीं हो सकता। हां, यह जरूर है कि खाड़ी युद्ध के समय में दुनिया को भारत की ताकत दिखाने की बात कुछ दिनों के लिए टल गई है। बस पचपदरा यही पूछ रहा है कि आखिर तेरह का साल बाद उद्घाटन की घड़ी में यह अपशकुन किस कारण से हुआ है। इस आग लगने की जांच रिपोर्ट जब आएगी तब आएगी, लेकिन दशक से रोजगार की आस में बैठे यहां के स्थानीय निवासी, युवाओं तथा भारतीय पेट्रोकेमिकल उद्यमियों के लिए इंतजार और बढ़ गया है।

### सोशल मीडिया

मां, माटी, मानुष के नाम पर सत्ता में आई ममता ने बालू माफिया, जमीन माफिया, रिजॉर्ट माफिया को बढ़ावा दिया, भाजपा सरकार बनते ही हरेक भ्रष्टाचारी से पाई पाई की वसूली होगी। अमित शाह.



भारतीय जनता पार्टी लोकसभा में अपनी हार की हताशा का बदला आम जनता को धूप, गर्मी, प्यास-भूख और सड़क जाम के दंड भोगने के रूप में क्यों दे रही है? अखिलेश यादव.



बहुजन समाज पार्टी महिला आरक्षण का स्वागत करती है साथ ही एससी एसटी व ओ बी सी वर्ग की महिला को अलग से आरक्षण देने की पुरजोर मांग भी करती है। मायावती.



# प्रभु का संदेश

### अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं

### व्यंग्यलोक

दुनिया भर में बड़े-बड़े भूकम्पों और भूचालों के बीच बाबा तुम पूछ रहे हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं। कुछ रिश्ते खून के नहीं होते हैं और इसी कारण उनको नाम देना परेशानी का सबब बना रहता है। हालांकि जब तक रिश्ता बना रहता है तब तक उसमें चाश्नी से भी अधिक मिठास मिलती रहती है। जहां रिश्ते में खटास पड़ी की दूध से मक्खी की तरह नाता तोड़ देना पड़ता है। बिना रिश्ते के तो लिव इन रिलेशनशिप में भी रहना पड़ता है। इस रिश्ते को भी कोई नाम नहीं दिया जाता है क्योंकि समाज की मान्यता का ठप्पा नहीं लगा रहता है। लोग पूछते जरूर हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन इसका जवाब वे भी खुलकर नहीं दे पाते हैं। कुछ कुछ ऐसा ही इस रिश्ते में भी रहता है। जाहिर सी बात है कि तुम भी यह सब जानते हो लेकिन बहुत भोले बन रहे हो। वैसे तुम इतने नादान हो नहीं। तुम्हारा तो ऐसे रिश्तों से शतकों से नाता रहा है। तुम्हें यदि नहीं मालूम है तो अपने घर के बड़े-बूढ़े, नाते-रिश्तेदारों, आस-पास वालों से ही पूछ लो। क्या तुम्हें नहीं मालूम कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। क्या तुम्हारे कभी ऐसे कोई रिश्ते नहीं रहे। सच बताना और क्या तुम बता सकोगे कि तुम्हारे जो रिश्ते थे, उन्हें तुम कोई नाम दे पाए थे या फिर आज अगर मैं पुछूं तो क्या बता पाओगे कि तुम्हारा वह वाला रिश्ता क्या कहलाता था। और एक बात और बताओ कि क्या तुमने भी कोई रिश्ता बनाकर नहीं रखा है। हो सकता है कि तुम्हें रिश्ते के योग्य तब नहीं माना गया हो लेकिन तुम्हारे साथ कोई तो थे जिन्होंने रिश्ते बनाकर रखें थे। सभी को रिश्ते बनाने पड़ते हैं। नहीं भी चाहेंगे तब भी रिश्तेदारी बन जाती है और निभ भी जाती है। बिना रिश्ता बनाए आखिर कौन सर्वाइव कर पाता है। एक दूसरे का अस्तित्व ही इन अनाम से रिश्तों में छुपा रहता है। पतंग संग डोर भी तो जरूरी है। बिना पतंग डोर की कोई वैल्यू नहीं है और ठीक इसी तरह बिना डोर पतंग भी कैसे हवा में आकाश की ऊंचाई को छू सकती है। जानता हूं कि तुम्हें मालूम है कि ऐसे रिश्ते क्या कहलाते हैं लेकिन तुम्हारी भी तो मजबूरी है। वैसे तुम खुद ही बता सकते हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन तुम बताओगे नहीं और जिनके सामने यह राज उगलवाना चाहते हो, क्या वे नासमझ हैं। उन्हें नासमझ समझने की भूल मत करना बाबा और जो कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं करना चाहिए। रिश्ते खंगाले जाते हैं। रिश्ते खंगालना जग की रीत है बाबू। सबका अपना समय आता है, रिश्ते बनते हैं और टूटते हैं। खून के रिश्तों की तरह ये अटूट तो होते नहीं। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जिन्हें भले ही सामाजिक मान्यता न मिलें तब भी वे रिश्ते रिश्ते ही होते हैं। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप उस रिश्ते को क्या नाम देते हो!



डॉ. प्रदीप उपाध्याय

# महिला शतरंज में वैशाली का कमाल, जीता कैंडिडेट्स



### खेल जगत

**सारिम अन्ना**

कैंडिडेट्स के महिला वर्ग में आठ खिलाड़ी थीं और उनमें रैंकिंग के आधार पर सबसे निचले पायदान पर भारत की ग्रैंडमास्टर आर वैशाली थीं। लेकिन उन्होंने कमाल करते हुए इस प्रतियोगिता को जीता और क्लासिकल फॉर्मेट शतरंज के विश्व चैंपियनशिप मैच (महिला) के लिए क्वालीफाई किया, जिसमें वह खिताब के लिए विश्व चैंपियन चीन की जू वेनजुन को चुनौती देंगी। खिताबी मुकाबला इसी साल खेला जायेगा, लेकिन इसके लिए तिथि व स्थान का घोषित होना शेष है। गौरतलब है कि ओपन वर्ग में भारत के डी गुकेश अपने विश्व खिताब का बचाव करेंगे और उन्हें उज्बेकिस्तान के जवोखिर सिंदरोव चुनौती देंगे, जिन्होंने कैंडिडेट्स में शानदार जीत दर्ज की।

साइप्रस में 15 अप्रैल 2026 को महिला कैंडिडेट्स शतरंज प्रतियोगिता के अपने अंतिम 14वें चक्र के मैच में 24-वर्षीय वैशाली ने कुछ तनावपूर्ण पलों को बर्दाश्त करते हुए रूस की कटरीना लाग्नो को पराजित किया। इस प्रतियोगिता में वैशाली ने 7 ड्रा, 1 पराजय व 5 जीत के साथ कुल 8.5 अंक अर्जित किये, जो कि कैंडिडेट्स जीतने के लिए यह पर्याप्त थे। ध्यान रहे कि खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई करने वाली वैशाली भारत की केवल दूसरी महिला खिलाड़ी हैं। उनसे पहले 2011 में भारत की कोनेरू हम्पी चीन की ही होउ यिफान को चुनौती देने का अधिकार प्राप्त किया था, लेकिन वह हार गईं थीं। हम्पी ने वैशाली व दिव्या देशमुख के साथ इस बार भी कैंडिडेट्स के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन सुरक्षा कारणों से वह साइप्रस नहीं गईं और उनकी जगह यूक्रेन की एना मुजीचुक को खेलने का अवसर मिला। जाहिर है इस शानदार उपलब्धि पर वैशाली बहुत खुश हैं- 'मेरे लिए इसका बहुत अधिक महत्व है... मैं सुपर हैप्पी हूं... मैं इस खुशी को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती हूं।' खिताबी मैच की ओर का मार्ग वैशाली के लिए भारत की ही दिव्या देशमुख ने आसान कर दिया था, जब उन्होंने वैशाली के संग संयुक्त लीड में चल रहीं बीबीसारा अस्सौबयेवा (8 अंक) के साथ अपने मैच को ड्रा खेला। इसका अर्थ यह था कि वैशाली के लिए जीत उन्हें स्पष्ट विजेता बना देती, बिना टाईब्रेक की आवश्यकता के। यही हुआ भी। लीजेंडरी महिला खिलाड़ी जुडित पोल्गर ने वैशाली की जुझारू प्रवृत्ति की तारीफ की और कहा कि इसी की वजह से वह कैंडिडेट्स जीतने में सफल रहीं, जबकि रैंकिंग में वह सबसे निचले पायदान पर थीं। लेकिन साथ ही पोल्गर ने यह भी कहा, 'अपने खेल के विभिन्न पहलुओं को सुधारने के लिए वैशाली को अविश्वसनीय कार्य करना होगा। जितनी गलतियां उन्होंने इस प्रतियोगिता में कीं उतनी अगर वह जू वेनजुन के खिलाफ खिताबी मुकाबले में करेंगी, तो बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। अगर वह अपनी त्रुटियों को दूर कर लें तो खिताबी मुकाबला संतुलित हो सकता है।' वैशाली को पोल्गर की बातों पर ध्यान देना चाहिए। अंतिम चक्र के मैच में लाग्नो ने वैशाली के खिलाफ सिसिलियन ड्रैगन का चयन किया। इसी मूव का चयन गैरी कास्परोव ने अपने 1995 के विश्व चैंपियनशिप मैच में वी आनंद के खिलाफ किया था।

वैशाली ने अपने जीवन में प्रतियोगी मैचों में सिसिलियन ड्रैगन के सिर्फ तीन गेम खेल थे, जिनमें से दो में उन्होंने जीत दर्ज की थी और तीसरे में वह पिछले साल सफेद मोहरों से भी विज्क आन जी से हार गईं थीं। लेकिन इस बार वैशाली ने मार्ग बदल दिया। उन्होंने एक लम्बा किला बनाया। नतीजतन ड्रैगन जो भारतीय दिलों पर खंजर की तरह काम करता है, वह इस बार पर्याप्त नहीं था। जब 14वां चक्र आरंभ हुआ तो प्रतियोगिता से सिर्फ दिव्या देशमुख व तान जहोंग्यी ही बाहर थीं, हालांकि 7.5 अंकों के साथ वैशाली व बीबीसारा संयुक्त लीडर थीं। इसका अर्थ यह हुआ कि कैंडिडेट्स जीतना का गणितीय अवसर छह खिलाड़ियों के पास था। पांच खिलाड़ी 7.5 अंकों पर समाप्त कर सकती थीं, विभिन्न अनुमानों के तहत और फिर अगले दिन रैपिड टाईब्रेक खेला जाता। प्रतियोगिता की स्थिति से इतर दोनों बीबीसारा व लाग्नो अपनी अपनी पहले चक्र की पराजय का बदला लेना चाह रही थीं क्रमशः दिव्या व वैशाली से। लेकिन ऐसा हो न सका और वैशाली स्पष्ट विजेता बनकर उभरीं। टाईब्रेक की भी जरूरत नहीं रही।

## आप की बात

### ऊर्जा आत्मनिर्भरता

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ ऊर्जा बहुत जरूरी है।

**मनोज कुमार द्विवेदी, लखनऊ.**

### गरीबों को आगे बढ़ायें

राष्ट्रीय जीवन में है प्रायः ऐसा होता है कि कुछ लोग योजनाओं का, कार्यक्रमों का, शिक्षा का अधिक लाभ उठाकर आगे निकल जाते हैं और बहुत से लोग पिछड़ जाते हैं। जो लोग पीछे रह जाते हैं उनको आगे लाने के लिए जरूरी है कि देश में समावेशी नीतियों को आगे बढ़ाया जाये। लेकिन यह सब जाति के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर होना चाहिए। समावेशी नीतियों के जरिए गरीबों को राहत देना जरूरी है। केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है। इसे गरीबों को बड़ी राहत मिलती है और सरकार को भी अनाज प्रबंधन में आसानी हो जाती है। इसलिए यह जरूश्री है कि गरीबों को अनाज मिलता रहे ताकि उनका जीवन यापन ठीक से होता रहे। देश में असमानता या अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई एक ऐसी सचाई है जिससे कोई भी मुंह नहीं मोड़ सकता है। दुर्भाग्य से आर्थिक सुधारों के बाद जब तेज आर्थिक प्रगति के युग का सूत्रपात हुआ, तो उसका गरीबों को उतना लाभ नहीं मिला जितना अमीरों को मिला। यही कारण है कि आर्थिक सुधारों के बाद पूंजी का केन्द्रीयकरण और तेजी के साथ बढ़ा है।

**धीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## मोहम्मद अरशद को केंद्रीय कार्यकारिणी में प्रांतीय महामंत्री बने



नगीना, बिजनौर। विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन उत्तर प्रदेश की केंद्रीय कार्यकारिणी में मोहम्मद अरशद को प्रांतीय महामंत्री मनोनीत किया गया है। विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बब्बू अवस्थी एवं मुख्य महामंत्री छोटेलाल दीक्षित द्वारा जारी केंद्रीय कार्यकारिणी में नगीना निवासी विद्युत कर्मचारी नेता मोहम्मद अरशद को प्रांतीय महामंत्री बनाया गया है इस मनोनयन पर बिजली कर्मचारियों ने खुशी का इजहार किया है। बिजली कर्मचारी संदीप कुमार, मंजीत सिंह, गौरव कुमार, दीपक चैहान, शिशव, विनोद कुमार, सुरेश यादव, एजाज अहमद, वासिफ अतीक, विजेंद्र मेंदोला, अजहर अहमद, संजीव कुमार, अभिषेक अग्रवाल, मोहम्मद आसिफ, ओंकार सिंह, अतुल राजपूत आदि ने मोहम्मद अरशद को बधाई देते हुए केंद्रीय अध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी का आभार व्यक्त किया। बताते चलें कि नगीना निवासी मोहम्मद अरशद वर्तमान में विद्युत वितरण मंडल रामपुर में एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं।

## पेंशनर्स ने किया प्रदर्शन

ललितपुर। केन्द्र एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सेवा निवृत्त एवं पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को चन्द्रशेखर राजकीय उद्यान में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत्त वाणिज्य कर अधिकारी एवं एसोसिएशन अध्यक्ष जे.के. सिंह ने की। धरना सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जिसमें तहसील महरौनी एवं तालबेहट से बड़ी संख्या में पेंशनर्स शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि पेंशन बुजुर्गों के जीवन का महत्वपूर्ण सहारा है, लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स की मांगों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हम भीख नहीं, अपना हक चाहते हैं। इस दौरान लखन लाल झा, श्रेयांश जैन, राजेंद्र प्रसाद, दिनेश चंद, साबिर अली, रामसेवक सैनी, आनंद स्वरूप रजक सहित कई वक्ताओं ने पेंशन पुनरीक्षण, सुविधाओं में वृद्धि और अन्य लंबित मांगों को लेकर अपनी बात रखी। तालबेहट से आए चंचलजी ने कविता पाठ के माध्यम से पेंशनर्स की पीड़ा व्यक्त की। धरना स्थल पर ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार विश्वकर्मा को सौंपा गया। साथ ही सामूहिक याचिका के समर्थन में बड़ी संख्या में हस्ताक्षर भी कराए गए। कार्यक्रम के दौरान नए सदस्यों को सदस्यता दिलाकर उनका सम्मान भी किया गया। धरना प्रदर्शन में तिलक राम कौशिक, ए.आर. रिछारिया, महेंद्र कुमार जैन, पी.एन. तिवारी, गंगाराम शर्मा, हबीब खान, एजाज नबी, सुरेश जैन, देवेंद्र श्रीवास्तव सहित सैकड़ों पेंशनर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरीश तिवारी ने किया।

## मानदेय न मिलने से आक्रोशित ग्राम रोजगार सेवक

ललितपुर। जनपद में मनरेगा कर्मियों एवं ग्राम रोजगार सेवकों ने मानदेय न मिलने और समस्याओं के समाधान न होने से नाराज होकर सामूहिक हड़ताल का ऐलान कर दिया है। इसी संबंध में मनरेगा कर्मी वेलफेयर एसोसिएशन इकाई मड़ावरा तथा ग्राम रोजगार सेवक संघ, विकास खंड तालबेहट द्वारा खंड विकास अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया कि एपीओ, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक पिछले कई महीनों से मानदेय न मिलने से आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। साथ ही मानदेय बढ़ोतरी सहित अन्य मांगों पर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार ज्ञापन देकर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद प्रांतीय स्तर पर हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि पूरे प्रदेश में मनरेगा कर्मी 16 से 25 अप्रैल 2026 तक कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, और हड़ताल अवधि में कर्मचारियों पर किसी प्रकार का कार्य दबाव न बनाया जाए।

# 51 जोड़ों का सर्वजातीय विवाह संपन्न

- सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण का माध्यम बनते है विवाह सम्मेलन: गंधर्व सिंह



ललितपुर। जनपद मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम रजवारा में बुधवार को समाज को एकता का संदेश देने वाला सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजन का नेतृत्व गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी द्वारा किया गया, जिसमें गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के 51 वर-वधुओं का पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम स्थल पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस सामूहिक विवाह के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहारा मिला, वहीं समाज में समानता, सहयोग और भाईचारे का सशक्त संदेश भी प्रसारित हुआ। मुख्य अतिथि गंधर्व सिंह लोधी बाबूजी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसी पहलें समाज के सभी वर्गों को जोड़ती हैं और इसे निरंतर जारी रखा जाना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक सौरभ सिंह लोधी ने बताया कि यह आयोजन लगातार चैथी बार आयोजित किया गया है, जो क्षेत्रवासियों और सहयोगियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने सभी आगंतुकों, समाजसेवियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री भारत सरकार प्रदीप जैन आदित्य, पं. बालकृष्ण नायक, पं.सुनील शर्मा, जयेश बादल, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, जिला पंचायत सदस्य रामू कुशवाहा, ग्राम प्रधान रजवारा महेश राय, पं.जयप्रकाश तिवारी (पूर्व प्रधान), राजकुमार राजपूत (जुगपुरा), शशिकांत सिंह लोधी एड., देवसिंह लोधी (महेशपुरा), विक्रम सिंह (ठेकेदार), गजेन्द्र सिंह लोधी (नयागांव), जयपाल सिंह (गुरसौरा), शिशुपाल सिंह (बरौदा), रतीराम (पटौरा), बब्लू लोधी, बहादुर सिंह लोधी सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों की सहभागिता रही। लोगों ने उत्साहपूर्वक इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन ललितपुर ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में सामाजिक एकता और सेवा भावना का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है।

## सड़क हादसे में 20 वर्षीय छात्र की मौत

ललितपुर। जखौरा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा जखौरा-राजघाट रोड पर सकरवार गांव के पास देर रात हुआ, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान फूलसिंह अहिरवार पुत्र जहन सिंह निवासी ग्राम भडरा के रूप में हुई है, जो स्नातक का छात्र था। प्राप्त जानकारी के अनुसार फूल सिंह एक शादी समारोह में शामिल होकर देर रात अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी मोटरसाइकिल अचानक सड़क पर आ गई एक गाय से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जखौरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जखौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि मृतक पढ़ाई में होनहार था और परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं। गांव में भी इस हादसे को लेकर गहरा शोक व्याप्त है।

# रघुनाथपुरा में एनएसएस छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान

ललितपुर। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एन.ए.ए.सी.) द्वारा मूल्यांकित पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय पनारी द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की प्रथम एवं द्वितीय इकाई की छात्राओं ने गोद लिए गांव रघुनाथपुरा में महिला सशक्तिकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा (आठवां संस्करण) के तहत मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन विषय पर विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया, जिसमें पोषण और प्रारंभिक देखभाल के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। महाविद्यालय की प्रबंधक सितारा देवी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और स्वावलंबन के माध्यम से समाज में अपनी सशक्त पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रबंध निर्देशिका डा.पूजा यादव ने पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रारंभिक अवस्था में उचित पोषण और प्रोत्साहन से मस्तिष्क का समुचित विकास संभव है। उन्होंने छात्राओं से समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। प्राचार्य डा.सूफिया ने कहा कि शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को जागरूक नागरिक बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर साधना नागल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को जारी रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण और पोषण संबंधी संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# आर्द्रभूमि का चयन कर करें सूचितःडीएम

## जिला पौधरोपण और पर्यावरण समिति की मासिक समीक्षा बैठक



**ललितपुर**। कलेक्ट्रैट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति एवं जिला आर्द्रभूमि समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, ललितपुर नवीन प्रकाश शाक्य द्वारा बैठक का शुभारम्भ करते हुए समिति को अवगत कराया कि वर्ष 2026 में कराये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु समस्त विभागों के लिए शासन स्तर से लक्ष्य निर्धारित किये जा चुके है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि समस्त विभाग 30 अप्रैल तक स्थल चयन की सूचना शीघ्र प्रभागीय निदेशक कार्यालय को प्रेषित करें। बैठक में प्रभागीय निदेशक द्वारा बताया गया कि मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास, सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र द्वारा आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबन्ध) नियम, 2017 के अंतर्गत जिला आर्द्रभूमि समिति के माध्यम से इस विषय में त्वरित कार्यवाही करते हुए जनपद में कम से कम 01 आर्द्रभूमि की अधिसूचना का प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है जिसके क्रम में अध्यक्ष द्वारा जनपद में तहसील तालबेहट के मानसरोवर झील को आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबन्ध) नियम, 2017 के अंतर्गत अधिसूचित किये जाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान, उपायुक्त मनरेगा, रमेश यादव, जिलापंचायत राज अधिकारी, कुंवर सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक, ओमप्रकाश, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भगवान सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई, सचिन पचोरी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ राजेश भारती एवं अन्य विभागों से सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिकों ने डीएम जसजीत कौर को दी बधाई



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए कि विगत बैठक के जो प्रकरण लंबित हैं, उन्हें विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें, यदि किसी विभाग से कोई समस्या हो तो उन्हें संज्ञानित करें ताकि संबंधित अधिकारी से लंबित समस्या का निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा।

उन्होंने सभी पूर्व सैनिक शिकायतकताओं की शिकायत को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के सापेक्ष शिकायतकताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन उनकी शिकायतों के समाधान के लिये गंभीर है और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समयपूर्वक तत्पर के साथ निस्तारण कराया जाएगा। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।

## एसपी ने बैठक कर होमगार्ड परीक्षा का लिया जायजा

फतेहपुर। जनपद में होने वाली आगामी होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने को पुलिस अधीक्षक ने महर्षि बामदेव सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। सुरक्षा, व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद में होने वाली आगामी होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को कराए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने महर्षि बामदेव सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, परीक्षा केंद्रों की संवेदनशीलता के आकलन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। केंद्रों के आसपास सतर्क निगरानी रखी जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सतर्कता के साथ करें।

## महिला सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

ललितपुर। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के निदेर्शानुसार स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन विषय पर अकादमिक कार्यक्रम का आयोजन लेक्चर थियेटर-2 में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता तथा स्वास्थ्य व सामाजिक विकास में महिलाओं की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

# डीएम ने किया कई अधिकारियों से जवाब -तलब



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर के अध्यक्षता में आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास त्यागी द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर उपलब्ध शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के डिफॉल्टर पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदार चांदपुर तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नगीना व बिजनौर का जवाब तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर उपलब्ध शिकायतों का पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद भी कुछ अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी जन शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील हैं। समय से शिकायतों, समस्याओं का निस्तारण न करने पर शासन के निर्देशों का सीधे तौर पर उल्लंघन हैं, जो कि किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि शासन के निर्देशों का उल्लंघन करने पर लापरवाह व दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरी गंभीरता और सजगता के साथ आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्रतिदिन अवलोकन करें और यथासंभव शीघ्रता के साथ उनको पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई पोर्टल पर प्रतिदिन कोई भी सन्दर्भ डिफाल्टर न होने दें। अगर किसी भी अधिकारी का सन्दर्भ जनसुनवाई पोर्टल पर डिफाल्टर या संतोषजनक स्थिति में नही पाया जाता है, तो सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए शासन को अवगत करा दिया जायेगा। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी न्यायिक शरद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, उपनिदेशक कृषि डॉक्टर घनश्याम सिंह सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## नेत्र परीक्षण शिविरि में हुई आंखों की जांच, 20 चित्रकूट रवाना

बांदा। पैलानी तहसील अंतर्गत चंदवारा गांव स्थित किशोरी जी के मंदिर परिसर में लक्ष्य सेवा संस्थान ने नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड चित्रकूट के चिकित्सकों नेत्र सहायक डा. बालकृष्ण तिवारी व उमाशंकर शुक्ल, विनय यादव ने दो सैकड़ा मरीजों के आंखों की जांच की। करीब 90 नेत्र रोगियों को निशुल्क चश्मा का वितरण किया। एक सैकड़ा मरीजों को दवा दी गई। 20 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जानकीकुंड स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय भेजा गया। इस दौरान चश्मा विभाग के बृजेश कुमार, मेडिसिन विभाग के संतोष मिश्रा के अलावा ग्राम प्रधान चंदवारा अरविंद सिंह समेत कई ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## शादी से पहले विवाहिता की मौत, आज आनी थी बारात



बांदा। फतेहगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डढ़वामानपुर निवासी रामऔतार कबीर के घर मे शादी की तैयारियां चल रही थी। शादी की सभी रस्मो के साथ मऊरानीपुर थाना क्षेत्र से मंगलवार को बारात आनी थी। लेकिन विधाता को कुछ और ही मंजूर था। पुत्री श्वेता कबीर उम्र 19 वर्ष के पिता ने बताया कि शादी की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी थी। मंगलवार की सुबह लगभग पांच बजे पेट मे अचानक उठे दर्द से कराह रही पुत्री को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा लाये। जहां चिकित्सक ने पुत्री को मृत होने की पुष्टि की। साथ मे आये लोगो ने बताया कि हफ़्तों से चल शादी की तैयारियों और बेटी की विदाई के पहले खुशियों की जगह मातम फैल गया। रोते बिलखते पिता ने बताया कि मेरे छह पुत्रियों में मृतक बेटी श्वेता कबीर अपनी बहनों में सबसे बड़ी थी। शादी की तैयारियों में मां का कामकाज में पूरी शिद्दत के साथ हाथ बंटातीं थी। पिता ने बताया कि ससुरालियों को घटना की जानकारी दे दी गई है। उपनिरीक्षक गुलाबचंद्र यादव ने शव जिला मुख्यालय भेजा है।

## कांग्रेस चलायेगी वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान



बांदा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाए जाने के लिए संगठनात्मक समीक्षा बैठक की। शहर के काली देवी मंदिर के पास स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय में जिला महासचिव कालीचरण निगम, तिंदवारी ब्लॉक अध्यक्ष भागवत प्रसाद द्विवेदी, जसपुरा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक सिंह चैहान एडवोकेट, बबेरू ब्लॉक अध्यक्ष उमाशंकर अग्रहरी, कमासिन ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रराज वर्मा, बिसंडा ब्लॉक अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, बड़ोखर ब्लॉक अध्यक्ष जयकरन राजपूत, महुआ ब्लॉक अध्यक्ष शक्तिप्रताप सिंह, बब्लू द्विवेदी दोहतरा से संगठन की मजबूती के लिए विस्तृत चर्चा की। बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि पूरे जनपद में कांग्रेस संगठन कार्यकताओं और पदाधिकारियो की बदौलत गांव-गांव में खड़ा हो गया है। जनमानस में कांग्रेस पार्टी के प्रति काफी अच्छा रुझान भी है। शीघ्र जिले के अंदर गांव-गांव में वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान चलाया जाएगा, क्योंकि वर्तमान में उत्तर प्रदेश एवं केंद्र की भाजपा सरकार वोट चोरी करके सत्ता पर काबिज हो गई है।

## नवागंतुक जिलाधिकारी अमित आसेरी ने संभाला कार्यभार



बांदा। जनपद को नए जिलाधिकारी मिल गए हैं। नवागंतुक जिलाधिकारी अमित आसेरी ने मंगलवार को बांदा ट्रेजरी पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। चार्ज लेने के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों में सक्रियता बढ़ गई और हलचल देखी गई। दोपहर बाद नवागंतुक जिलाधिकारी ने ट्रेजरी पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं। संबंधित अधिकारियों से प्रारंभिक जानकारी प्राप्त की। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले की व्यवस्थाओं, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था से जुड़ी प्राथमिक सूचनाएं लीं। इसके बाद जिलाधिकारी अमित आसेरी कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर उन्होंने उपस्थिति एडीएम, एसडीएम, सीएमओ, सीडीओ, सिटी मजिस्ट्रेट आदि के साथ बैठक कर शासन की प्राथमिकताओं पर कार्य करने पर बल दिया। इसके बाद कलक्ट्रेट के विभिन्नि पटलों का निरीक्षण कर कर्मचारियों से परिचय जाना। नवागंतुक जिलाधिकारी के आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों में उत्साह का माहौल रहा। उम्मीद जताई जा रही है कि नए जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद में विकास कार्यों को गति मिलेगी। जनसमस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। नवागंतुक जिलाधिकारी अमित आसेरी 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इसके पूर्व चित्रकूट जनपद में मुख्य विकास अधिकारी और विशेष सचिव, लोक निर्माण विभाग लखनऊ के पद पर कार्यरत रहे हैं।

## मुंबई से कमाकर लौटे युवक की मौत



बांदा। बबेरु कोतवाली क्षेत्र के कोरम गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक 33 वर्षीय युवक की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कोरम गांव निवासी 33 वर्षीय अजय पटेल पुत्र ज्ञानबाबू ने सुबह मुंबई से कमाकर गांव आया था। शराब पीकर घर पहुंचा था। जिसके कारण तबियत अचानक खराब हो गई। चाचा विष्णु ने आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टरं ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। अचानक मौत से परिवार में हड़कंप मच गया। पत्नी सोहानी ने बताया कि उसके एक लड़का एक लड़की है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

## पुलिस का विशेष अभियानः 210 मोबाइल बरामद



फतेहपुर। पुलिस का विशेष अभियान में पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के नेतृत्व में गुमशुदा मोबाइल फोनों की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सहायता से कुल 210 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत 32 लाख है। ये सभी फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए गए। अभियान फतेहपुर में चोरी या गुम हुए मोबाइल्स की बढ़ती संख्या को रोकने के उद्देश्य से शुरू किया गया। उएक्फ़पोर्टल सरकार का केंद्रीय सिस्टम है जो क्टएकनंबर ट्रैक कर खोए फोन को ब्लॉक और ट्रेस करता है। पोर्टल से मिली जानकारी पर तुरंत कार्रवाई की, जिससे इतनी बड़ी संख्या में फोन बरामद हो सके। यह प्रयास न केवल अपराधियों को हतोत्साहित करता है बल्कि आमजन के भरोसे को मजबूत करता है।उपलब्धि का महत्व210 फोन बरामद करना फतेहपुर पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा, तकनीकी दक्षता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।इससे पहले बरामद हो चुके थे, जो निरंतर प्रयासों को दशार्ता है। इस सफलता से स्थानीय लोग पुलिस पर अधिक विश्वास करने लगे हैं, खासकर साइबर क्राइम और चोरी के मामलों में।एसपी अभिमन्यु मांगलिक का प्रोफाइल वे सख्त कानून व्यवस्था, पीड़ित सहायता और साइबर अपराध नियंत्रण पर विशेष फोकस रखते हैं। उनकी बाइट में कहा गयाः ₹फतेहपुर में कानून व्यवस्था पर कोई समझौता नहीं होगा। थानों में पुलिस व्यवहार सुधारेंगे, साइबर अपराध पर सख्ती करेंगे और जनता के लिए पुलिस के दरवाजे हमेशा खुले रखेंगे। यह बाइट उनकी पहली प्रेस मीटिंग से है, जहां उन्होंने अपराध नियंत्रण और जनसेवा की प्रतिबद्धता जताई।

## पटेल सेवा संस्थान का राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर। पटेल सेवा संस्थान के जिला अध्यक्ष केपी सिंह एडवोकेट और मंत्री धर्मेंद्र उत्तम शिक्षक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से सौंपा। यह ज्ञापन फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद नरेश उत्तम पटेल के कानपुर दामोदर नगर स्थित निवास पर हुई कथित घटना के खिलाफ था। संगठन ने सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।घटना का विवरणज्ञापन के अनुसार, सांसद नरेश उत्तम पटेल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी अपने कानपुर निवास परअनुपस्थित थे। उनकी पत्नी की मौजूदगी में इखढ के कुछ शरारती कार्यकताओं ने घर पर धावा बोल दिया। कार्यकताओं ने गाली-गलौज की, मकान पर लगी महापुरुषों की होल्डिंग बैनर फाड़ दीं, संसदीय आवास की नेम प्लेट पर जूते-चप्पलों से हमला किया और अभद्र नारे लगाते हुए धमकियां दीं।

संक्षेप

## रे नियो फॉर्मा की शुरूआत

मुंबई। नई पीढ़ी की फार्मास्युटिकल कंपनी, रे नियो फॉर्मा ने आधिकारिक तौर पर अपने परिचालन की शुरूआत की है। कंपनी का उद्देश्य सभी भारतीयों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है। एक लचीले और आधुनिक बिजनेस मॉडल पर आधारित यह कंपनी 90 से अधिक फॉर्मूलेशन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रही है, जो सामान्य बीमारियों से लेकर विशेष उपचार क्षेत्रों तक फैली हुई है। इसके साथ ही, कई नए और उन्नत फॉर्मूलेशन पर भी काम जारी है। इसकी स्थापना जाने-माने उद्यमी अमित पटनी द्वारा की गई है, जो 'पटनी कंप्यूटर्स' खड़ी करने वाली समृद्ध पारिवारिक विरासत से आते हैं। उनके पास मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और फाइनेंस जैसे क्षेत्रों का गहरा अनुभव है। रे नियो फॉर्मा भारत के उभरते फार्मास्युटिकल क्षेत्र में विज्ञान, नैतिकता और उपभोक्ता-केंद्रित सोच का एक अनूठा मेल पेश करती है। रे नियो फॉर्मा विभिन्न प्रमुख चिकित्सीय क्षेत्रों में दवाएं उपलब्ध कराती है, जिनमें एंटीबायोटिक्स, डायबिटीज, गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल, दर्द एवं ऑर्थोपेडिक उपचार, एलर्जी और श्वसन रोग, हृदय रोग, त्वचा संबंधी समस्याएं और प्रोटॉन पंप इन्हिबिटर्स जैसी दवाएं शामिल हैं।

## इंडियाज क्रिप्टो पोर्टफोलियो: हाओ इंडिया इन्वेस्ट्स का क्यू1 2026 संस्करण जारी

नयी दिल्ली। कॉयनस्विच ने आज अपनी मुख्य रिपोर्ट इंडियाज क्रिप्टो पोर्टफोलियोः हाओ इंडिया इन्वेस्ट्स का क्यू1 2026 संस्करण जारी किया। जिसमें देश भर के 2.5 करोड़ से अधिक निवेशकों की गतिविधियों के आधार पर महत्वपूर्ण रूझानों पर रोशनी डाली गई है। रिपोर्ट के परिणाम मार्केट की परिपक्वता का स्पष्ट संकेत देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 26-35 वर्ष के निवेशक 48 फीसदी की भागीदारी के साथ सबसे आगे बने हुए हैं, वहीं 35 से अधिक उम्र वाला सेगमेन्ट में तेजी से उभर कर आ रहा है, इसमें मार्केट में प्रवेश करने वाले जैन एक्स और अन्य मिलेनियल्स का बड़ा योगदान है। जहां एक ओर युवा अक्सर शुरूआती प्रयोग के दौर में ही मार्केट में प्रवेश कर जाते हैं, इसके विपरीत जैन एक्स और बड़ी उम्र के मिले नियल्स विनियामक स्पष्टता और दीर्घकालिक मूल्य पर भरोसा होने के बाद ही नए फाइनैंशियल असेट्स को अपनाते हैं।

## टाइगर हीरो हंट लॉन्च

नयी दिल्ली। ब्रिटानिया टाइगर क्रंच ने टाइगर हीरो हंट लॉन्च किया है। यह एक जागरूकता-आधारित उपभोक्ता अभियान है, जिसे ऐसी कहानियों के जरिए तैयार किया गया है जो बच्चों को खुद से जोड़े रखती हैं और उन्हें उस स्थिति के अनुभव का अहसास कराती हैं, ताकि वे बुलिंग को आसानी से पहचान सकें। वीएमएल द्वारा तैयार किया गया यह अभियान एक सरल 'ऑन-पैक एक्टिवेशन' के माध्यम से काम करता है। उपभोक्ता ब्रिटानिया टाइगर क्रंच पैक पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके एक इमर्सिव वॉट्सऐप-आधारित अनुभव का हिस्सा बन सकते हैं। यहाँ वे बुलिंग से जुड़ी विभिन्न स्थितियों का सामना करते हैं और यह चुनते हैं कि उन्हें उन पर कैसी प्रतिक्रिया देनी चाहिए। यह खास तरीका बच्चों को उन व्यवहारों की पहचान करना सिखाता है जो अक्सर सामान्य लगते हैं, और उन्हें सही कदम उठाने का हौसला भी देता है।

## फीवर एफएम 93.7 ने किया विस्तार

लखनऊ। देश के जाने-माने रेडियो नेटवर्क फीवर एफएम ने आज से मुरादाबाद में अपना स्टेशन 93.7 एफएम शुरू कर दिया। यह शहर का पहला निजी एफएम रेडियो स्टेशन है फीवर एफएम अब तक उत्तर प्रदेश के सात शहरों में लोगो का मनोरंजन करता आ रहा था। मुरादाबाद इस नेटवर्क का आठवाँ शहर बन गया है। फीवर 93.7 के आने के बाद लोगों को एक ऐसा मंच मिलेगा जिससे वे अपने पूरे क्षेत्र के बारे में और अधिक जान सकेंगे।

## कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। अधिक आपूर्ति चिंताओं के कारण कमजोर वैश्विक रुख के बीच वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत 154 रुपये की गिरावट के साथ 8,030 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का मई माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 154 रुपये या 1.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,030 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 4,226 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के चलते प्रतिभागियों द्वारा अपनी जमा सौदों को बेचने के बाद कीमतें गिर गईं।

# सेंसेक्स में 753 अंकों की उछाल



मुंबई। कच्चे तेल में नरमी और ईरान-अमेरिका के बीच शांति वार्ता में प्रगति की उम्मीदों से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 753 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी 212 अंक की बढ़त में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 753.03 अंक यानी 0.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,273.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 846.78 अंक चढ़कर 79,367.08 के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 211.75 अंक यानी 0.87 प्रतिशत बढ़कर 24,576.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विशेषज्ञों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से आयात पर निर्भर भारत जैसे देश के लिए मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आती है और कंपनियों के मार्जिन में सुधार की संभावना बढ़ती है। यूरोपीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुए थे। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,059.93 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 26.76 अंक बढ़कर 78,520.30 अंक और एनएसई निफ्टी 11.30 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,364.85 अंक पर बंद हुए थे। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से आयात पर निर्भर भारत जैसे देश के लिए मुद्रास्फीति के दबाव में कमी आती है और कंपनियों के मार्जिन में सुधार की संभावना बढ़ती है। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.73 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में एफएमसीजी खंड सर्वाधिक 2.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि रियल्टी खंड में 2.17 प्रतिशत एवं निजी बैंक सूचकांक में 1.67 प्रतिशत की तेजी रही।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे टूटकर 93.48 पर



मुंबई। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 32 पैसे टूटकर 93.48 (अस्थायी) पर रहा। पश्चिम एशिया शांति वार्ता की प्रगति को लेकर अनिश्चितताओं के बीच स्थिर अमेरिकी मुद्रा और अस्थिर कच्चे तेल की कीमतों के कारण घरेलू मुद्रा में गिरावट आई।

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को रुपये में अत्यधिक सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के लिए एक अप्रैल को जारी किए गए निर्देशों को आंशिक रूप से वापस ले लिया। आरबीआई ने गैर-डिलीवेरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) बाजारों में शुद्ध खुली स्थिति (कुल विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों और देनदारियों के बीच अंतर) की सीमा 10 करोड़ डॉलर तय की थी और बैंकों को 10 अप्रैल तक इसका पालन करने का आदेश दिया था। नॉन - डिलीवरेबल फॉरवर्ड (एनडीएफ) एक नकद-निपटान वाला, अल्पकालिक विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव है जिसका उपयोग उन मुद्राओं पर हेजिंग के लिए किया जाता है जो स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय नहीं हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.25 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 93.63 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गिर गया। अंत में यह 32 पैसे की गिरावट के साथ 93.48 (अस्थायी) पर रहा। सोमवार को रुपया 25 पैसे टूटकर 93.16 पर बंद हुआ था। हालांकि उससे पहले दो सत्रों में इसमें 47 पैसे की मजबूती आई थी। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से रुपये पर दबाव बढ़ा है। डॉलर की मजबूती ने भी घरेलू मुद्रा को कमजोर किया, हालांकि वैश्विक शेयर बाजारों की मजबूती ने गिरावट को कुछ हद तक सीमित रखा। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत बढ़कर 98.09 पर पहुंच गया।

## पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच दूध की आपूर्ति निर्बाध जारी, दाम स्थिरः सरकार

नयी दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देशभर में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आई है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग में निदेशक पूजा रुस्तगी ने पश्चिम एशिया के हाल के घटनाक्रम पर अंतर-मंत्रालयी बैठक में कहा कि दुग्ध क्षेत्र को ईंधन, गैस तथा प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या नहीं है। जहां संभव हो, डेयरी उद्योग को एलपीजी के स्थान पर पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। मौजूदा पश्चिम एशिया संकट के बीच भी देशभर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण एवं आपूर्ति बिना किसी बाधा के बनी हुई है। दूध और दुग्ध उत्पादों के दाम स्थिर हैं। बाजार में किसी प्रकार की आपूर्ति बाधित नहीं हुई है और संकट की अवधि के दौरान डेयरी किसानों को भुगतान भी जारी रहा है। भारत, दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। वर्ष 2024-25 के दौरान देश का कुल दूध उत्पादन 24.787 करोड़ टन रहा। सोमवार को देशभर के राज्य दुग्ध महासंघों और दुग्ध संघों के साथ बैठक और दूध की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही डेयरी क्षेत्र पर पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव पर विचार किया गया।

## विदेशी शेयरधारकों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी सकारात्मक




नयी दिल्ली। विदेशी शेयरधारकों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी भारतीय वित्तीय संस्थानों के ऋण खंड के लिए सकारात्मक हो सकती है क्योंकि इससे दीर्घकालिक पूंजी मिलती है और कुछ मामलों में कामकाज के मानकों में सुधार होता है। फिच रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही।

रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि हालांकि, केवल विदेशी रुचि को मजबूत ऋण आधार का विश्वसनीय संकेत नहीं माना जा सकता। वे लेनदेन जो आंतरिक नियंत्रण, जोखिम प्रबंधन एवं नेतृत्व की जवाबदेही को मजबूत करते हैं, केवल वित्तीय लाभ के लिए किए गए सौदों की तुलना में अधिक ऋण-संबंधी महत्व रखते हैं। फिच ने कहा कि हाल के समय में विदेशी निवेशकों की बढ़ती रुचि भारत की दीर्घकालिक विकास संभावनाओं, वित्तीय क्षेत्र के नियमन एवं निगरानी तथा बेहतर जोखिम प्रबंधन ढांचे पर उनके बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि निवेशक ऐसे मंच की तलाश करेंगे जिनमें विस्तार योग्य वितरण क्षमता और स्थानीय विशेषज्ञता हो। इसमें कहा कि विकसित बाजारों का अनुभव रखने वाले अधिग्रहणकर्ता जोखिम नियंत्रण और निगरानी में सुधार ला सकते हैं। साथ ही प्रतिष्ठित रणनीतिक शेयरधारकों की मौजूदगी पूंजी की लागत को कम करने में सहायक हो सकती है। ये कारक वित्तीय संस्थानों की स्वतंत्र ऋण खंड को मजबूत करने में योगदान दे सकते हैं। फिच ने बयान में कहा कि विदेशी शेयरधारकों की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी भारतीय वित्तीय संस्थानों के ऋण खंड के लिए दीर्घकालिक पूंजी और वित्त पोषण लचीलेपन, व्यावसायिक विस्तार तथा कुछ मामलों में कामकाज के मानकों में सुधार के माध्यम से सकारात्मक हो सकती है। रेंटिंग एजेंसी का मानना है कि बैंकों की तुलना में गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों में विदेशी शेयरधारकों के नियंत्रण हासिल करने के अधिक आसार हैं।

## एआई से तैयार सामग्री पर लगातार दिखाना होगा पहचान चिन्ह, सरकार ने रखा प्रस्ताव

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार सामग्री के लिए सख्त खुलासा मानदंड प्रस्तावित करते हुए ऐसी सामग्रियों पर अनिवार्य, लगातार और स्पष्ट रूप से दिखने वाला पहचान चिन्ह लगाने का मंगलवार को सुझाव दिया।

मंत्रालय की तरफ से जारी मसौदा संशोधनों के तहत, अब प्रमुख रूप से दिखाई देने की जगह पूरे वीडियो या विजुअल कंटेंट की अवधि के दौरान निर्धारित पहवान चिन्ह को लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना होगा। इन संशोधनों में स्वतंत्र रूप से समाचार सामग्री तैयार करने वाले निर्माताओं को भी नियामकीय दायरे में लाने और उनके लिए सरकारी परामर्शों का पालन अनिवार्य करने का प्रावधान किया गया है। मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों में संशोधन के मसौदे में इन बदलावों को प्रस्तावित किया है। मंत्रालय ने हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित करने की समय-सीमा को भी बढ़ाकर सात मई कर दिया है, जो पहले 29 अप्रैल निर्धारित था। नियम 3(3)(ए)(आईआई) में संशोधन कर विजुअल प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दिखाई देने वाले शब्दों की जगह यह सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है कि ऐसे पहचान चिन्ह उस सामग्री की पूरी अवधि के दौरान लगातार और स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हों।

# अमेरिका ने शुल्क वापसी प्रक्रिया शुरू की




नयी दिल्ली। अमेरिका ने 20 अप्रैल से लिए गए जवाबी शुल्क की वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है और भारतीय निर्यातकों को इसके लिए अमेरिकी खरीदारों के साथ सक्रिय रूप से संपर्क करना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को यह बात कही।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह संपर्क महत्वपूर्ण होगा क्योंकि शुल्क वापसी (रिफंड) की राशि केवल अमेरिकी आयातकों को जाती है और निर्यातकों को इस पर कोई कानूनी अधिकार नहीं होता। भारतीय निर्यातकों के पास इसके लिए का दावा करने का कोई सीधा कानूनी रास्ता नहीं होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि दो अप्रैल 2025 से लगाए गए अमेरिकी शुल्क ने कई भारतीय उत्पादों के निर्यात को प्रभावित किया। कुल शुल्क वापसी की राशि करीब 166 अरब डॉलर है, जिसमें से करीब 12 अरब डॉलर भारतीय वस्तुओं से संबंधित हैं। इसे प्राप्त करने के लिए अमेरिकी आयातकों को आयात आंकड़ा, शुल्क श्रेणियां और भुगतान के प्रमाण के साथ ऑनलाइन विस्तृत दावा दाखिल करना होगा। जवाबी शुल्क व्यवस्था दो अप्रैल 2025 को 10 प्रतिशत से शुरू हुई थी जिसे लगातार तेजी से बढ़ाया गया। भारत के लिए दरें सात अगस्त 2025 तक 25 प्रतिशत और 28 अगस्त तक 50 प्रतिशत तक पहुंच गईं और फरवरी 2026 की शुरुआत तक इसी स्तर पर बनी रहीं। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने 20 फरवरी को दिए फैसले में ट्रंप के शुल्क के पूरे ढांचे को अमान्य कर दिया, जिससे ये शुल्क कानूनी रूप से शून्य हो गए और इसकी वापसी की प्रक्रिया शुरू हुई। भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात का लगभग 53 प्रतिशत हिस्सा इन उच्च शुल्कों से प्रभावित हुआ है। भारत से जुड़े अनुमानित 12 अरब अमेरिकी डॉलर में से, वस्त्र एवं परिधान का हिस्सा करीब चार अरब डॉलर, इंजीनियरिंग सामान का हिस्सा लगभग चार अरब डॉलर और रसायन का हिस्सा करीब दो अरब डॉलर हो सकता है जबकि अन्य क्षेत्रों का हिस्सा कम होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यातकों को ये शुल्क स्वतः वापस नहीं मिलेगा और यह राशि केवल अमेरिकी आयातकों को जाती है इसलिए निर्यातकों का इस पर कोई कानूनी अधिकार नहीं है। कोई भी शुल्क वापसी व्यावसायिक बातचीत पर निर्भर करेगी। इसके लिए भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी खरीदारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना चाहिए, विशेषकर उन मामलों में जहां पहले के अनुबंध शुल्क भुगतान आधार पर तय किए गए थे।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दखल के बाद एफसीआई दिल्ली में गेहूं खरीदेगा



नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दखल के बाद, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा दिल्ली में गेहूं की खरीद पांच साल के अंतराल के बाद फिर से शुरू होगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा बयान में कहा गया है कि गेहूं की स्थानीय खरीद 24 अप्रैल से नरेला और नफ़जगढ़ मंडियों में शुरू होगी जिससे शहर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली मज़बूत होगी। बयान के अनुसार, गुप्ता ने इस मामले में दखल देते हुए केंद्र सरकार से एफसीआई के ज़रिए गेहूं खरीदने का आग्रह किया था, जिसे वर्ष 2021 में रोक दिया गया था। केंद्र सरकार ने इस अनुरोध को मान लिया है। बयान के अनुसार, दिल्ली में वित्तवर्ष 2021-22 के बाद एफसीआई द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीद फिर से शुरू की जा रही है। राजधानी में लगभग 29,000 हेक्टेयर ज़मीन पर खेती होती है और यहां हर साल लगभग 80,000 टन गेहूं का उत्पादन होता है, जो स्थानीय खपत से ज़्यादा है और बाज़ार में बेचने के लिए अतिरिक्त गेहूं बच जाता है। इस पहल से दिल्ली के लगभग 21,000 किसानों को सीधे तौर पर फ़ायदा होने की उम्मीद है। किसानों को खरीद केंद्रों पर अपनी फ़सल बेचने के लिए अपना आधार कार्ड, ज़मीन के कागज़ात और बैंक पासबुक साथ लाना होगा। बयान में कहा गया है कि सरकार जल्द ही गांव-वार खरीद का कार्यक्रम घोषित करेगी। मुख्यमंत्री ने इस कदम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह किसानों के कल्याण और उनकी आय की सुरक्षा के प्रति मज़बूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है और किसानों के हितों को प्राथमिकता देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

पेज एक का शेष

## महिला आरक्षण

सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना तथा युवा संबंधी अन्य योजनाएं इस दिशा में प्रभावी माध्यम बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने आक्रोश पदयात्रा में बड़ी संख्या में सहभागिता के लिए सभी महिलाओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री आवास से प्रारंभ हुई इस पदयात्रा के समय भी चुभने वाली तेज धूप थी, लेकिन महिलाओं का आक्रोश उससे कहीं अधिक धधक रहा था। हाथों में विपक्ष की कुत्सित राजनीति की निंदा करते हुए स्लोगन लिखी हुईं तख्तियां और ह्यबहन-बेटियों का अपमान-नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, महिला अधिकारों पर वार-सपा-कांग्रेस जिम्मेदार, कांग्रेस का हाथ-नारी शक्ति के खिलाफ, नारी के सम्मान में-एनडीए मैदान में जैसे गूंजते नारों के साथ यह रैली विपक्ष की कायरता और राजनीतिक स्वार्थ को बेनकाब करती हुई आगे बढ़ी। हर कदम पर महिलाओं का हुजूम साफ संदेश दे रहा था- आधी आबादी के सम्मान और अधिकारों पर कोई समझौता नहीं, कोई चुप्पी नहीं, कोई माफी नहीं। जनाक्रोश पदयात्रा में हजारों महिलाओं की सहभागिता ने साबित किया कि आधी आबादी इस मुद्दे पर खामोश नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पदयात्रा में केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और सहयोगी दलों के नेता सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों तथा भाजपा की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर अनुशासन और उत्साह का अद्वितीय संगम देखने को मिला। युवा, वृद्ध, छात्राएं और कामकाजी महिलाएं, हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को व्यापक सामाजिक आधार प्रदान किया। जगह-जगह आम जनता ने भी तालियों और नारों के साथ इस पदयात्रा का समर्थन व स्वागत किया। महिलाओं ने सपा और कांग्रेस के विरुद्ध नारेबाजी की और विपक्ष की महिला-विरोधी मानसिकता को खुलकर चुनौती दी।

## युवा भाजपा नेता

ओम प्रकाश राजभर, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अदिति सिंह एवं युवा नेता नीरज सिंह सहित अनेक सम्मानित जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विराज सागर दास ने कहा कि पदयात्रा में उमड़ा मातृशक्ति का अभूतपूर्व जनसैलाब विपक्ष की महिला-विरोधी सोच और उनके दोहरे चरित्र के खिलाफ एक सशक्त जन-आवाज बनकर उभरा। नारी सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है, और इसी संकल्प के साथ यह जन-आंदोलन निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। मातृशक्ति का यह उत्साह समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरणादायी है।

## सिविल सर्विसेज

प्रदेश के अनुभवों और उपलब्धियों की प्रस्तुति से यह स्पष्ट हुआ कि राज्य की नीतियां और क्रियान्वयन मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायक बन रहे हैं। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सतत विकास की दिशा में लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है।

पूर्व में उत्तर प्रदेश में ऊर्जा और अतिरिक्त ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव रहे नरेंद्र भूषण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति करते हुए खुद को अग्रणी राज्यों में स्थापित किया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के जरिए प्रदेश में सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन को अभूतपूर्व गति मिली है, जिससे आम नागरिक सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना की सफलता के लिए बढ़ती मांग के अनुरूप आपूर्ति क्षमता को मजबूत करना और पूरी प्रक्रिया को नागरिकों के लिए सरल व सुलभ बनाना अत्यंत आवश्यक है। योगी सरकार ने इसी दिशा में डिजिटल प्लेटफॉर्म, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और पारदर्शी प्रक्रिया को प्राथमिकता दी है, जिससे लाभार्थियों को बिना बाधा योजना का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में हर घर सोलर के लक्ष्य को साकार करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। यूपी ने रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में देशभर में अग्रणी स्थान हासिल किया है। हाल के महीनों में रिकॉर्ड संख्या में इंस्टॉलेशन के जरिए प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। योगी सरकार की ऊर्जा नीतियां न केवल बिजली उत्पादन बढ़ाने पर केंद्रित हैं, बल्कि ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को भी साध रही है। सोलर ऊर्जा के विस्तार से कार्बन उत्सर्जन में कमी आ रही है और प्रदेश देश के नेट-जीरो लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## पर्वतीय इलाकों में

और विकास को नई गति प्राप्त हो।

मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून-मसूरी मार्ग पर शिव मंदिर के पास निमार्णाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। हाल ही में भारी वर्षा से प्रभावित हुए इस पुल के पुनर्निर्माण कार्य की स्थिति पर उन्होंने अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और मौके पर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुल और देहरादून-मसूरी मार्ग राज्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मार्ग स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटकों की आवाजाही का प्रमुख रास्ता है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को बाधित नहीं होने देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए। साथ ही निर्माण प्रक्रिया में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए वैली ब्रिज का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कर आमजन के लिए खोला जाए, जिससे मार्ग पर दबाव कम हो और लोगों को राहत मिल सके।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार केवल अस्थायी समाधान तक सीमित नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ पर्वतीय क्षेत्रों में मजबूत कनेक्टिविटी विकसित करने पर काम कर रही है। सड़क और पुल परियोजनाओं के पूर्ण होने से दूरस्थ गांवों तक पहुंच आसान होगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगामी चारधाम यात्रा और आदि कैलास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से आवश्यक कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क मरम्मत, पुलों की मजबूती, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य करना नहीं, बल्कि जनता को भरोसेमंद और सुरक्षित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है इसलिए सभी परियोजनाओं की लगातार निगरानी की जा रही है और प्रगति की नियमित समीक्षा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अमेरिका-ईरान

का नेतृत्व करने के लिए बुधवार तड़के इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम समाप्त होने वाला है। दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर युद्धविराम की समयसीमा से पहले कोई समझौता नहीं हुआ, तो बम गिरने शुरू हो जाएंगे। वहीं ईरान के मुख्य वार्ताकार ने कहा है कि तेहरान के पास युद्ध के मैदान में ऐसे नए पत्ते हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। अगर बातचीत फिर से शुरू होती है तो युद्धविराम की अवधि बढ़ने की संभावना है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कहा है कि वेंस अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, लेकिन ईरान ने यह नहीं बताया है कि वह किसे भेजेगा। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को एक संदेश प्रसारित किया जिसमें कहा गया कि ईरान से कोई प्रतिनिधिमंडल अभी तक इस्लामाबाद नहीं गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण वार्ता की कुंजी है। अमेरिका ने तेहरान पर दबाव बनाने के लिए ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी कर दी है, ताकि वह होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसका एकाधिकार समाप्त करे। यह एक महत्वपूर्ण समुद्री परिवहन मार्ग है, जिसके जरिये युद्ध से पहले विश्व की 20 प्रतिशत प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल का परिवहन होता था। युद्ध शुरू होने से पहले, होर्मुज जलडमरूमध्य अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए पूरी तरह से खुला था, और ट्रंप ने मांग की है कि जहाजों को फिर से जलमार्ग से बिना किसी अवरोध के गुजरने की अनुमति दी जाए। इस बीच, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए यूरोपीय संघ के परिवहन मंत्री मंगलवार को ब्रसेल्स में बैठक कर रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख ने आगाह किया है कि यूरोप के पास जेट ईंधन का भंडार शायद छह हफ्तों के लिए ही बचा है।

## राष्ट्रीय मंच

आधारित होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार परिवहन क्षेत्र में व्यापक सुधार, निवेश प्रोत्साहन, नवाचार, मजबूत कनेक्टिविटी तथा पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश आज देश में एक्सप्रेस-वे विकास का अग्रणी राज्य बन चुका है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे सहित विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में तेज और सुगम संपर्क व्यवस्था विकसित की जा रही है। इनसे यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत, औद्योगिक निवेश में वृद्धि और माल परिवहन की दक्षता में सुधार हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि राज्य सरकार मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ई-बसों, चार्जिंग नेटवर्क और स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दे रही है। साथ ही एथेनॉल, बायोगैस, संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) और कृषि अपशिष्ट आधारित ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन, डिजिटल टोलिंग और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकें भविष्य के परिवहन क्षेत्र को नई दिशा देंगी। उत्तर प्रदेश इन नवाचारों को अपनाकर नागरिकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हरित परिवहन, कुशल लॉजिस्टिक्स और सतत अवसंरचना विकसित उत्तर प्रदेश-2047 तथा ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## केरल : पटाखा

ओर से त्रिशूर पूरम पर्व के लिए पटाखें तैयार किए जा रहे थे। त्रिशूर पूरम पर्व 26 अप्रैल को है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। केएसडीएमए के अनुसार पांच शव बरामद किए गए हैं और तीन अन्य के शरीर के अंग घटनास्थल से मिले हैं। टेलीविजन फुटेज में स्थानीय लोगों को राहत और बचाव कार्य में मदद करते हुए देखा गया।




## हेडन ने अपने बल्लेबाजों को लताड़ा, 99 रन की हार अस्वीकार्य

अहमदाबाद। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजी कोच मैथ्यू हेडन ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के हाथों मिली 99 रन की हार के लिए अपने खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना करते हुए इसके लिए अपने बल्लेबाजों के भयावह प्रदर्शन और डेथ ओवरों में खराब गेंदबाजी को जिम्मेदार ठहराया।

इस मैच में मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने अंतिम चार ओवर में 73 रन बनाकर पांच विकेट पर 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके



जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 100 रन पर ढेर हो गई, जिसमें वाशिंगटन सुंदर के 26 रन सर्वोच्च स्कोर रहा। हेडन ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, मुझे उम्मीद थी कि हार का अंतर इससे काफी कम होगा। हमारे बल्लेबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वह बिल्कुल अस्वीकार्य है। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा आज का दिन हमारे लिए बेहद खराब रहा। ईमानदारी से कहूं तो कागिसो रबाडा के प्रदर्शन को छोड़कर आज का दिन कुछ भी अच्छा नहीं था। इसलिए हमें निश्चित रूप से काफी मेहनत करनी होगी। गुजरात टाइटन्स के पास साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर के रूप में शीर्ष क्रम में धाकड़ बल्लेबाज हैं।

## रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने पर हमारी टीम अजेय हो सकती है : तिलक

नयी दिल्ली। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल मैच में अपने मैच विजेता शतक का श्रेय परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करने को दिया और कहा कि अगर उनकी टीम अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करती है तो उसे रोकना अब आसान नहीं होगा।

तिलक की विस्फोटक 101 रन की नाबाद पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस ने अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स पर 99 रन की शानदार जीत हासिल की और आईपीएल 2026 में लगातार चार मैचों में हार का सिलसिला समाप्त किया। तिलक ने जिओ हॉटस्टार से कहा, यह शतक टीम और मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। पिछले चार-पांच मैचों से मेरे दिमाग में लगातार एक ही बात चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया है और ज्यादा गेंदों का सामना नहीं किया था।



इसलिए मेरा लक्ष्य विकेट पर कुछ समय बिताना और फिर टीम की स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करना था। तिलक ने अपनी रणनीति के बारे में कहा कि उन्होंने पिच का शुरुआती आकलन किया और सीधे शॉट लगाने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, जब भी मुंबई इंडियंस की टीम अहमदाबाद आती है तो हम आमतौर पर काली मिट्टी वाली पिच पर मैच खेलते हैं, जो थोड़ी धीमी होती है।

ऐसा नहीं है कि हमारे बल्लेबाज इसके अनुकूल नहीं ढल सकते, लेकिन हम जानते हैं कि अगर पिच पर ज्यादा उछाल हो तो हम क्या कर सकते हैं। तिलक ने कहा, गेंद धीमी और नीची रह रही थी, इसलिए हमें उससे तालमेल बिठाना पड़ा और सीधे शॉट लगाने की कोशिश करनी पड़ी। गेंद ज्यादा उछाल नहीं ले रही थी, इसलिए विकेट की सीध में आने वाली गेंदों पर एक्रास द लाइन खेलना जोखिम भरा था।

मैंने सीधे शॉट लगाने का फैसला किया। मैंने परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझा। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है और तिलक को उम्मीद है कि उनकी टीम आगे भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगी। उन्होंने कहा, हमें बहुत आगे की नहीं सोचनी चाहिए और एक समय में एक ही मैच पर ध्यान देना चाहिए।

## संक्षेप

### टेबल टेनिस : तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सेमीफाइनल में

देहरादून। शीर्ष वरीय तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के अलावा असम और महाराष्ट्र ने मंगलवार को यहां यूटीटी अंतराज्यीय जूनियर एवं युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लड़कों के टीम वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम और महाराष्ट्र ने क्रमशः पीएसपीबीए, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली को 3-2 के समान अंतर से हराया। तमिलनाडु की जीत में पीबी अभिनानंद ही अहम भूमिका रही जिन्होंने दो एकल मुकाबले जीते जबकि प्रियानुज भट्टाचार्य ने असम और पुनीत बिश्वास ने पश्चिम बंगाल के लिए दो-दो एकल मुकाबले जीते।

### चेल्सी व सुनीता बोस्टन ने पूरी की मैराथन

बोस्टन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पुत्री चेल्सी क्लिंटन और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने सोमवार को बोस्टन मैराथन पूरी की। क्लिंटन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष 46 वर्षीय चेल्सी ने 26.2 मील (42.195 किलोमीटर) की दौड़ तीन घंटे, 40 मिनट और 52 सेकंड में पूरी की। चेल्सी के पिता बिल क्लिंटन और मां पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने फिनिश लाइन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर 2014 के चैंपियन मेब केफ्लेजघी भी उपस्थित थे जो इस दौड़ को जीतने वाले अंतिम अमेरिकी पुरुष धावक हैं। एथलिंक्स डॉट कॉम के अनुसार, चेल्सी क्लिंटन न्यूयॉर्क मैराथन सहित छह अन्य मैराथन में भाग ले चुकी हैं और सोमवार को उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने यह दौड़ पांच घंटे, 52 मिनट और 49 सेकंड में पूरी की।

### सोनी ने एशियाई खेलों के प्रसारण अधिकार किए हासिल

नयी दिल्ली। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के प्रसारण के विशेष अधिकार हासिल किए हैं। प्रसारण अधिकार हासिल करने के संबंध में किए गए समझौते के अनुसार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर किया जाएगा। इसे पूरे भारत और उपमहाद्वीप में सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए थे और वह इस बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। एशियाई खेलों में ओलंपिक में शामिल 32 खेलों सहित 41 खेलों में खिलाड़ी अपना भाग्य आजमाएंगे। इस बार इन खेलों में मिश्रित मार्शल आर्ट और सर्फिंग जैसे नए खेल भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा एशियाई खेलों में क्रिकेट, टेनिस, ईस्पोर्ट्स, कबड्डी, सेपक टकरा और कुराश जैसे खेल भी शामिल हैं।

### कोर्ट ने हॉकी इंडिया के महासचिव को अवमानना का दोषी ठहराया

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को जानबूझकर उसके आदेश की अवहेलना करने के लिए अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव ने कहा कि वह चार मई को सजा के मुद्दे पर सुनवाई करेंगे, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने भोलानाथ सिंह को उचित समझे जाने वाले उपाय करके अवमानना को सुधारने की स्वतंत्रता दी। अदालत ने हॉकी इंडिया की निर्वाचित उपाध्यक्ष सईद असीमा अली द्वारा दायर अवमानना से संबंधित याचिका पर 20 अप्रैल को फैसला सुनाया।

# हैदराबाद ने दिल्ली को दिया 243 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : अभिषेक शर्मा ने 68 बॉल पर 135 रन बनाये, 10 चौके और 10 छक्के लगाये



एजेंसी

हैदराबाद । अभिषेक की शतकीय पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स को 243 रन का टारगेट दिया है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। एसआरएच ने 20 ओवर में दो विकेट पर 242 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने नाबाद 135 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 68 गेंद की पारी में 10 चौके और 10 छक्के लगाए। हेनिरक क्लासन ने नाबाद 37 रन बनाए। दोनों ने नाबाद 66 रन की पार्टनरशिप की। अभिषेक के अलावा, ट्रैविस हेड ने 37, ईशान किशन ने 25 रन का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया।

एक बल्लेबाज रनआउट हुआ। 18वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 14 रन खर्च कर दिए। हेनरिक क्लासन ने उनकी चौथी और 5वीं बॉल पर लगातार दो छक्के लगाए। बाकी के रन सिंगल के जरिए आए। 17वें ओवर में हैदराबाद ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अभिषेक ने नटराजन के ओवर की आखिरी बॉल पर रिवर्स स्वीप करके चौका लगाया। इसी चौके से टीम का स्कोर 200 पार हो गया। 16वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने महज 6 रन दिए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है। सभी रन सिंगल और डबल के जरिए बने। 15वें ओवर में हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। नीतीश की चौथी बॉल पर ईशान किशन रनआउट हो गए। बॉल नीतीश के हाथ से लगकर नॉन स्ट्राइक के स्टंप पर लगी।ईशान 25 रन ही बना सके। इसी के साथ अर्धशतकीय साझेदारी टूट गई। नीतीश राणा ने इस ओवर में 23 रन आए। 15वें ओवर में अभिषेक शर्मा ने शतक पूरा किया। उन्होंने नीतीश राणा की शुरूआती दो बॉल पर लगातार दो छक्के लगाए और 47 बॉल पर शतक पूरा किया। अभिषेक ने अपने कढछ करियर में दूसरा शतक लगाया। उनके टी-20 क्रिकेट में 9 शतक हो गए हैं। 14वें ओवर में अभिषेक शर्मा को जीवनदान मिला। टी. नटराजन की बॉल पर डीप बैकवर्ट पॉइंट पर नीतीश राणा ने कैच ड्रॉप किया। यहां अभिषेक शर्मा 86 रन के स्कोर पर खेल रहे थे। 13वें ओवर में अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। उन्होंने मुकेश कुमार की आखिरी बॉल पर छक्का लगाकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। इसी के साथ हैदराबाद का स्कोर भी 150 पार हो गया। 11वें ओवर में कुलदीप यादव ने 21 रन खर्च कर लिए। उनके इस ओवर में 4 बाउंड्री लगी। इनमें दो चौके और दो छक्के शामिल रहे। 9वें ओवर की पहली बॉल पर अभिषेक शर्मा ने हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। उन्होंने अक्षर पटेल की पहली बॉल को मिडविकेट की ओर खेला और अर्धशतक पूरा किया। अभिषेक ने 25 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में अक्षर पटेल ने 5वीं बॉल पर ट्रैविस हेड को समीर रिजवी के हाथों कैच कराया। यहां फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई।



हेड 37 रन बनाकर आउट हुए। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद ने मजबूत शुरूआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 67 रन बना लिए हैं, इतना ही नहीं, टीम ने कोई विकेट नहीं गंवाया है। अभिषेक और हेड की जोड़ी क्रीज पर है। 5वें ओवर में नीतीश राणा ने 20 रन खर्च कर दिए। उनकी शुरूआती दो बॉल पर अभिषेक शर्मा ने लगातार दो छक्के लगाए। उसके बाद ट्रैविस हेड ने आखिरी बॉल पर लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर छक्का लगाया। चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा ने लुंगी एनगिडी की बॉल पर दो चौके लगाए।

उन्होंने दूसरी बॉल को डीप स्क्वैयर लगे और चौथी बॉल को मिड ऑफ बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। तीसरे ओवर में मुकेश कुमार ने 11 रन दिए। उनके ओवर में हेड और अभिषेक ने एक-एक चौका लगाया। इस ओवर के बाद हैदराबाद का स्कोर 26 रन हो गया है। हैदराबाद की पारी का पहला ओवर मुकेश कुमार ने डाला। उन्होंने इस ओवर में 9 रन खर्च कर दिए।

# संघर्षरत लखनऊ से जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा राजस्थान



लखनऊ। लगातार दो हार से आहत राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने शुरुआती प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस 2008 की चैंपियन टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ की थी, लेकिन उसके बाद पिछले दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 57 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में तेज गेंदबाजों के सामने उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और उसने नौ रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पिछले मैच में राजस्थान अच्छी स्थिति में था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। केकेआर के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच का रुख पलट दिया। राजस्थान रॉयल्स के लिए उसकी फील्डिंग चिंता का विषय बनी हुई है। पिछले मैच में रिंकू सिंह जब आठ रन पर खेल रहे थे तब नांद्रे बर्गर ने उनका कैच छोड़ दिया, जो टीम के लिए महंगा साबित हुआ। रिंकू ने अनुकूल रॉय के साथ मिलकर अंतिम ओवरों में मैच केकेआर के पक्ष में कर दिया।

राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव है। सनराइजर्स के खिलाफ उसका शीर्ष क्रम नहीं चल पाया जबकि केकेआर के खिलाफ मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल से मिली अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े थे। पिछले दो मैच में हार के बावजूद राजस्थान रॉयल्स की टीम एलएसजी के सामने मजबूत नजर आती है। एलएसजी लगातार तीन हार के बाद नौवें स्थान पर है। सूर्यवंशी और जायसवाल ने इस सत्र में राजस्थान रॉयल्स को अच्छी शुरुआत दी है और अगर एलएसजी को मुकाबले में बने रहना है तो उसके गेंदबाजों को इन दोनों पर अंकुश लगाना होगा और शुरुआत में विकेट हासिल करने होंगे। लेकिन एलएसजी के गेंदबाजों के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह आसान नहीं होगा क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में उसके गेंदबाज नहीं चल पाए थे। प्रियांश आर्य और कूपर कॉनॉली की शानदार पारियों से पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 254 रन बनाकर एलएसजी को 54 रन से हराया था। इस मैच में तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को छोड़कर एलएसजी का कोई भी अन्य गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। प्रिंस ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए थे जबकि तेज गेंदबाज आवेश खान और मोहम्मद शमी अपनी गेंदों पर नियंत्रण नहीं रख पाए थे। मणिकरण सिद्धार्थ भी काफी महंगे साबित हुए हैं।

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलएसजी उसके मध्य क्रम के बल्लेबाजों रियान पराग, शिमरोन हेटमायर और डोनोवन फरेरा को निशाना बनाने की कोशिश करेगा क्योंकि ये बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में नहीं हैं। एलएसजी के लिए उसकी बल्लेबाजी भी चिंता का विषय है जिसके कारण वह अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश तय नहीं कर पाया है। पिछले मैच में आयुष बडोनी को मिचेल मार्श के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए भेजने का फैसला कारगर साबित नहीं हुआ। मार्श अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं वहीं कप्तान ज्षभ पंत भी लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। निकोलस पूरन की खराब फॉर्म ने एलएसजी की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। एलएसजी को अगर अपनी संभावना बनाए रखनी तो उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

लखनऊ सुपर जायंट्सः ज्षभ पंत (कप्तान), एडेन मार्कम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, वानिंदु हसरंगा, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

## रियाल मैड्रिड यूईएफए यूथ लीग जीतकर फिर यूरोपीय चैंपियन

एजेंसी




लॉज़ेन। रियाल मैड्रिड ने पेनल्टी शूटआउट में क्लब ब्रुग को हराकर यूईएफए यूथ लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतकर एक बार फिर यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस टूर्नामेंट में अंडर19 टीम भाग लेती है जिसे जूनियर वर्ग की चैंपियंस लीग भी कहा जाता है। रियाल मैड्रिड के लिए यह खिताब राहत की बात है क्योंकि उसकी सीनियर टीम चैंपियंस लीग से बाहर हो गई है। स्विट्जरलैंड में खेला गया फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर रहा जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रियाल मैड्रिड के गोलकीपर जेवियर नवारो ने पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रुग के नईम अमेनगई और टियान कोरेन के शॉट को बचाया। यूईएफए यूथ लीग के 12 साल के इतिहास में स्पेनिश टीम ने यह दूसरा खिताब उसकी सीनियर टीम के चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के पांच दिन बाद जीता। वहीं दूसरी ओर इवान टोनी के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल की मदद से सऊदी अरब के क्लब अल-अहली सऊदी ने जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। जेद्दा में शनिवार को होने वाले फाइनल में अल-अहली सऊदी का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली और जापान के माचिदा ज़ेलविया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा।



## अल्काराज व सबालेंका को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

एजेंसी

मैड्रिड। टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ और एरीना सबालेंका ने लॉरियस पुरस्कारों में क्रमशः वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया, जबकि फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। अल्काराज़ ने पिछले साल फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीता था।



पीएसजी 2025 में पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियंस लीग का खिताब जीतने में सफल रहा था। इस महीने मास्टर्स खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले गोल्फर रोरी मैकलॉय को वर्ष में शानदार वापसी करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। बार्सिलोना और स्पेन के स्टार फुटबॉलर 18 वर्षीय लामिन यामल ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। फॉर्मूला वन चैंपियन लैंडो नॉरिस को विश्व का सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। जर्मनी के महान फुटबॉलर टोनी क्रूस ने विश्व खेल प्रेरणा पुरस्कार हासिल किया जबकि अपने जमाने की दिग्गज जिम्नास्ट नादिया कोमानेसी को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। अमेरिका के स्नोबोर्डर क्लो किम को वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन का पुरस्कार दिया गया। ब्राजील के गैब्रियल अराउजो को दिव्यांग वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। स्पेन की राजधानी में आयोजित किए गए इस पुरस्कार समारोह की मेजबानी दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीयर एलीन गु ने की। वहीं दूसरी ओर दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज का दाहिनी कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना संदिग्ध है। अल्काराज ने सोमवार को कहा कि अगले कुछ दिनों में उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने हैं जिसके बाद यह पता चल पाएगा कि वह एक महीने बाद होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेल पाएंगे या नहीं। अल्काराज से जब पूछा गया कि क्या वह फ्रेंच ओपन में खेलेंगे, उन्होंने कहा देखते हैं। अगला मेडिकल टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा।

स्पेन के इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में लॉरियस पुरस्कार समारोह में भाग लिया और उनकी दाहिनी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्होंने पिछले सप्ताह मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने स्पेनिश टेलीविजन चैनल टीवीई से कहा हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि यह परीक्षण सफल हो।

## आयुष म्हात्रे के हैमस्ट्रिंग में खिंचाव, आईपीएल से बाहर

नयी दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है। म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें छह से 12 सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने सोशल मीडिया पर कहा आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने कहा, आयुष को चोट से उबरने के लिए छह से 12 सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन पर रहना होगा।

## टीम में चयन की चर्चा अनावश्यक ऊर्जा मेरा ध्यान सिर्फ तैयार रहने पर : होल्डर

एजेंसी

कोलकाता। टीम चयन को लेकर चिंता करने को अनावश्यक ऊर्जा की खपत करार देते हुए वेस्टइंडीज के अनुभवी तेज गेंदबाज और हरफनमौला जेसन होल्डर ने कहा कि उनका ध्यान गुजरात टाइटंस में मौके का इंतजार करते हुए खुद को तैयार रखने पर है।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दो सत्र के बाद वापसी कर रहे 34 वर्षीय होल्डर को टाइटंस की एकादश में अभी तक जगह नहीं मिली है। प्रबंधन ने सात करोड़ रुपये की राशि के साथ टीम से जुड़े होल्डर पर जोस बटलर, राशिद खान, ग्लेन फिलिप्स और कगिसो रबाडा जैसे विदेशी खिलाड़ियों को तरजीह दी है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को हालांकि 99 रन की हार के बाद टाइटंस की टीम संयोजन पर पुनर्विचार कर सकती है। होल्डर पावरप्ले और आखिरी ओवरों में गेंदबाजी के साथ-साथ निचले क्रम में फिनिशर की भूमिका निभाने में सक्षम हैं।

होल्डर ने से विशेष बातचीत में कहा कि चयन को लेकर बाहरी चर्चाओं में उलझने के बजाय तैयार रहना ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, कब खेलना है, कौन खेलेगा या किसे नहीं खेलना चाहिएइन बातों में उलझना काफी अनावश्यक ऊर्जा खर्च करता है। एक खिलाड़ी के रूप में आपका काम है तैयार रहना और मौका मिलने पर टीम के लिए अपना योगदान देना।

## जीजीआईसी, केडी सिंह बाबू स्टेडियम व एलयू चैंपियन

खेल संवाददाता

लखनऊ। महिलाओं के खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल के तहत अस्मिता खेलो इंडिया जिला महिला लीग का सफल आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित लीग के दौरान कबड्डी, हैंडबॉल व वॉलीबाल में महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें हैंडबॉल

> अस्मिता खेलो इंडिया जिला महिला लीग के अंतर्गत कबड्डी, हैंडबॉल व वॉलीबाल का आयोजन

में केडी सिंह बाबू स्टेडियम, कबड्डी में जीजीआईसी विकासनगर और वॉलीबाल में लखनऊ यूनिवर्सिटी की टीम ने विजेता होने का गौरव हासिल किया।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में आयोजित कबड्डी के मुकाबलों में जीजीआईसी विकासनगर ने शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल में दयानंद गर्ल्स कॉलेज लखनऊ को 37-12 से हराकर खिताब जीता। इससे पूर्व सेमीफाइनल में दयानंद गर्ल्स कॉलेज ने एसकेडी एकेडमी वृंदावन को 38-12 से और जीजीआईसी विकासनगर ने चौक स्टेडियम को 37- 13 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। कबड्डी में जीजीआईसी विकास नगर, दयानंद गर्ल्स कॉलेज, चौक स्टेडियम, एसकेडी एकेडमी, एलपीएस वृंदावन, सेंट जोसेफ सीतापुर रोड, सेंट्रल एकेडमी और भारत स्पोर्ट्स एकेडमी की टीमों ने हिस्सा लिया। कबड्डी मुकाबलों का शुभारंभ रेडक्रास यूपी की पूर्व सचिव डॉ हेमा बिंदु नायक ने किया। वहीं समापन समारोह में समाजसेवी मुरलीधर आहूजा ने पुरस्कार वितरित किए।



# बंगाल में गुंडों को छिपने की कोई जगह नहीं मिलेगी

## मतदाताओं को कोई धमका नहीं सकता, सीएपीएफ बंगाल के हर कोने में तैनात : शाह



कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में रहने वाले गुंडों को छिपने की कोई जगह नहीं मिलेगी।

उन्होंने मतदाताओं से निडर होकर मतदान करने का आग्रह किया और कहा कि केंद्रीय बल ऐसे उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की रिकॉर्ड 2,450 कंपनियां तैनात की हैं। इन 2450 कंपनियों में लगभग 2.5 लाख जवान शामिल हैं। शाह ने बंगाल में 23 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले शुभेंदु अधिकारी के गढ़ नंदीग्राम से सटे पूर्व मेदिनीपुर जिले के चांदीपुर में अपनी अंतिम चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को टा टा, गुडबाय कहा। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, राज्य की बागडोर संभालने का उनका (ममता का) समय समाप्त हो गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि चार मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा सत्ता में आ आएगी। शाह ने लोगों से निडर होकर मतदान करने का आग्रह करते हुए कहा, कोई भी हमारे मतदाताओं को धमका नहीं सकता। आयोग ने पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों को तैनात किया है, जो राज्य के हर कोने में फैले हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि ममता बनर्जी की अपने भतीजे अभिषेक को राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर देखने की आकांक्षा कभी पूरी नहीं होगी। मंच पर भाजपा के नंदीग्राम से उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। शाह ने कहा, भाइपो (भतीजा अभिषेक बनर्जी) बंगाल का भावी मुख्यमंत्री नहीं होगा। उन्होंने चार मई के बाद राज्य छोड़ने के लिए अपना टिकट पहले ही खरीद लिया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने वाले तृणमूल के गुंडों को छिपने की जगह ढूंढने की चेतावनी दी।

शाह ने कहा कि चार मई को जब नतीजे घोषित होंगे, तो उनके पास भागने की कोई जगह नहीं बचेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने वादा किया कि बंगाल में सत्ता में आने पर भाजपा चांदीपुर में पान के औषधीय गुणों का अध्ययन करने के लिए एक अनुसंधान केंद्र स्थापित करेगी। शाह ने यह भी वादा किया कि घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के 45 दिनों के भीतर बांग्लादेश के साथ बंगाल की सीमा को सील कर दिया जाएगा।

# देश का समग्र विकास समाज के हर वर्ग की प्रगति से ही संभव है: मुर्मू



राउरकेला। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला में 158 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को शुरू करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश का समग्र विकास समाज के हर वर्ग, जिसमें महिलाएं और आदिवासी भी शामिल हैं, की प्रगति के माध्यम से ही संभव है।

एक दिवसीय दौरे पर राउरकेला आईं मुर्मू ने तारामंडल एवं विज्ञान केंद्र, निर्मल मुंडा परिवेश पथ, आदिवासी संग्रहालय और एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया। ओडिशा के आदिवासी बहुल क्षेत्र में आदि परबा-2026 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाएं हैं और 2047 तक विकसित भारत और 2036 तक समृद्ध ओडिशा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्हें सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने ओडिशा की लगभग एक चौथाई आबादी वाले आदिवासियों के विकास पर भी जोर दिया। मुर्मू ने कहा, इसी सोच के साथ, केंद्र और राज्य सरकारें आदिवासी कल्याण और महिला सशक्तीकरण के लिए विभिन्न योजनाओं पर सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। इससे सुंदरगढ़ जैसे आदिवासी बहुल जिलों में विकास प्रक्रिया में तेजी आ रही है, साथ ही आदिवासी समुदायों के सदस्यों के आर्थिक उत्थान को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, अच्छे इंसान बनो और पिछड़े हुए लोगों के उत्थान के लिए प्रयास करो। राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित भारत केवल देश के किसानों, मजदूरों, आदिवासी समुदायों, हाशिए पर पड़े वर्गों, बुद्धिजीवियों, युवाओं और छात्रों के साथ-साथ शहरी और ग्रामीण आबादी के सामूहिक प्रयासों और समर्पण से ही संभव होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। मुर्मू ने कहा कि एक विकसित ओडिशा और विकसित भारत के निर्माण के लिए सर्वांगीण विकास और समाज के हर वर्ग के लोगों की भागीदारी आवश्यक है।

## संक्षेप

### होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता का समर्थन कर रहे देश सही संदेश दे रहे हैं : आईएमओ प्रमुख

सिंगापुर। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के प्रमुख आर्सेनियो डोमिनगेज ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में आवागमन की स्वतंत्रता के समर्थन में खड़े देश सही संदेश दे रहे हैं। डोमिनगेज ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध वैश्विक समुद्री परिवहन के लिए खतरा बना हुआ है। आईएमओ के महासचिव डोमिनगेज ने सोमवार को सिंगापुर के मीडिया से बातचीत में भू-राजनीतिक संघर्षों में दबाव बनाने के साधन के रूप में समुद्री परिवहन के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर भी आगाह किया। डोमिनगेज ने कहा कि आईएमओ ने फारस की खाड़ी में अब भी फंसे 1,600 से अधिक पोतों पर सवार करीब 20,000 समुद्री कर्मियों को निकालने की योजना तैयार की है। संगठन ने कुछ देशों के समूह के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्थाएं की हैं ताकि जब समुद्री यातायात अंततः फिर शुरू हो तो होर्मुज जलडमरूमध्य को बारूदी सुरंगों और अन्य खतरों से मुक्त कराया जा सके। अमेरिका एवं ईरान के बीच युद्धविराम बुधवार को समाप्त होगा। इसके आगे बरकरार रहने को लेकर अनिश्चितता के बीच सोमवार को होर्मुज से वाणिज्यिक नौवहन लगभग ठहर गया।

# जब मानवता की हदें पार कर दी जाती हैं तो जवाब निर्णायक होता है: सेना

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का अपना संकल्प दोहराया और कहा, जब इंसानियत की हदें पार की जाती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है।

पिछले साल 22 अप्रैल को, आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों को मार डाला था, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। भारत ने इसके जवाब में सात मई को एक सैन्य अभियान शुरू किया और पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ढांचों को तबाह कर दिया। सेना ने एक्स पर कहा कि जब मानवता की हदें पार की जाती हैं तो जवाब निर्णायक होता है। न्याय किया जाता है। भारत एकजुट है। इस पोस्ट में एक पोस्टर भी साझा किया गया जिसमें भारत के मानचित्र की छायांकित तस्वीर के साथ कैप्शन है- सम बाउंड्रीज शुड नेवर बी क्रॉस्ड (कुछ हदें कभी पार नहीं की जानी चाहिए)। इसमें अंग्रेजी शब्द क्रॉस्ड का ओ अक्षर सिंदूर की एक कटोरी की तरह चित्रित किया गया है।

# विपक्ष की शिकायत की जांच करेगा निर्वाचन आयोग

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन का मामला




नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग विपक्ष की इस शिकायत की जांच करेगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन था।

आयोग के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वामपंथी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी का शनिवार को राष्ट्र के नाम संबोधन चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है और इस पर कार्वाई की जानी चाहिए। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एम. ए. बेबी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्यसभा सांसद पी. सन्दोश कुमार ने अलग-अलग पत्रों में निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। वहीं तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को मतदान होगा। पश्चिम बंगाल में दूसरे और आखिरी चरण का मतदान 29 अप्रैल को होगा। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत की निर्वाचन आयोग के आदर्श आचार संहिता प्रभाग द्वारा जांच की जाएगी। चुनाव आचार संहिता बीते 15 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ लागू हो गई थी और चार मई तक लागू रहेगी, जिस दिन पांच विधानसभाओं के लिए वोटों की गिनती की जाएगी। अलग-अलग लगभग 700 कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने कथित उल्लंघन पर चुनाव आयोग से संपर्क किया है। बेबी ने अपने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री ने संहिता का घोर उल्लंघन किया है और इसके लिए दूरदर्शन का राजनीतिक भाषण के लिएै दुरुपयोगै किया गया। उन्होंने कहा, इस संबोधन को किसी भी तरह से सरकारी संबोधन नहीं कहा जा सकता। बेबी ने आरोप लगाया कि यह भाषणै स्पष्ट रूप से राजनीतिक था, जिसमें विपक्षी दलों को निशाना बनाया गया, कई दलों के नाम लिए गए और तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल के मतदाताओं समेत जनता की राय को सत्तारूढ़ दल के पक्ष में प्रभावित करने की कोशिश की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने बीते शनिवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में कांग्रेस और उसके सहयोगियों को चेताया था कि लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिला आरक्षण संबंधी संशोधन का विरोध करके उसने जो भ्रूण हत्या का पाप किया है, उसके लिए भारत की महिलाएं उन्हें सजा जरूर देंगी। मोदी ने महिलाओं से माफी मांगी थी और कहा था कि सरकार भले ही विधेयक पारित न करा पाई हो लेकिन वह महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने प्रयासों को कभी नहीं छोड़ेगी।

# ईरान अमेरिका इजराइल गतिरोध लंबा खिंचने के आसार

सिडनी। अमेरिका- इजराइल और ईरान के बीच नाजुक युद्धविराम और मूल विवादों पर सीमित प्रगति के बीच इस संघर्ष के व्यापक शांति समझौते के साथ थमने के बजाय लंबा खिंचने के आसार नजर आ रहे हैं। कहा जा सकता है कि यह युद्ध फ्रोजन कॉनफ्लिक्ट की दिशा में बढ़ रहा है।

फ्रोजन कॉनफ्लिक्ट ऐसी स्थिति होती है, जिसमें युद्ध औपचारिक रूप से समाप्त नहीं होता, लेकिन पूर्ण पैमाने की लड़ाई के बजाय छोटे स्तर पर ही सही, यह जारी रहता है। 2014 से 2022 तक पूर्वी यूक्रेन में चला संघर्ष इसका प्रमुख उदाहरण रहा, जहां हजारों लोगों की मौत हुई और लगातार साइबर तथा सूचना युद्ध के बाद स्थिति को फ्रोजन माना गया। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस सप्ताह पाकिस्तान में वार्ता फिर शुरू होती है और कोई समझौता भी हो जाता है, तब भी इसके स्थायी समाधान में बदलने की संभावना कम है। इसके तीन प्रमुख कारण बताए गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति में युद्धविराम को व्यापक राजनीतिक समाधान के बजाय अंतिम उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति रही है। उन्होंने कई संघर्षों के समाप्त होने का दावा किया है, लेकिन इन मामलों में मूल मुद्दे अनसुलझे ही रहे और केवल अस्थायी शांति बनी रही। ऐसी परिस्थितियों में तनाव जारी रहता है और संघर्ष फ्रोजन स्थिति में पहुंच जाता है। उदाहरण के तौर पर भारत-पाकिस्तान और थाईलैंड-कंबोडिया के बीच हालिया तनावों में भी स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। वर्तमान संघर्ष में अमेरिका और इजराइल की सैन्य शक्ति ईरान की तुलना में कहीं अधिक है, जिससे यह असममित युद्ध बन गया है। ईरान ने इसका जवाब पारंपरिक युद्ध के बजाय वैकल्पिक रणनीतियों से दिया है, जैसे खाड़ी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना और वैश्विक व्यापार को प्रभावित करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना। शोध से पता चलता है कि ऐसे युद्ध लंबे समय तक चलते हैं और अक्सर किसी स्थायी राजनीतिक समझौते के बजाय फ्रोजन कॉनफ्लिक्ट में बदल जाते हैं। कमजोर पक्ष सीधे सैन्य जीत हासिल नहीं कर सकता, इसलिए वह मजबूत पक्ष पर राजनीतिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर उसे थकाने की कोशिश करता है। संघर्ष के केंद्र में मौजूद प्रमुख मुद्दों, विशेषकर ईरान के परमाणु कार्यक्रम, पर कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। अमेरिका और ईरान के बीच अप्रैल में पाकिस्तान में प्रस्तावित वार्ता भी इस मुद्दे पर मतभेद के कारण आगे नहीं बढ़ सकी। ईरान लगातार यह दावा करता रहा है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है, जबकि अमेरिका इस पर कड़े प्रतिबंध चाहता है।

# कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया, कार्यवाही की मांग की

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया और आरोप लगाया कि सदन में महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक के पारित न होने के बाद उन्होंने राष्ट्र के नाम संबोधन में विपक्षी दलों पर आक्षेप लगाया, जो सदन के विशेषाधिकार का हनन और अवमानना का गंभीर मामला है।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 222 के तहत बिरला को दिए नोटिस में यह आग्रह भी किया कि संसद की गरिमा और इसके सदस्यों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए तत्काल और निर्णायक कदम उठाया जाए, ताकि इस तरह के उल्लंघन को न दोहराया जा सके। लोकसभा सदस्य वेणुगोपाल ने दावा किया कि बीते 17 अप्रैल को लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 के पारित नहीं होने के बाद 18 अप्रैल, 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित किया था और 29 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने विधेयक को रोकने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की और विपक्ष के सदस्यों के मतदान के तरीके का प्रत्यक्ष रूप से उल्लेख किया और इसमें निहित उद्देश्यों को जोड़ दिया। उनके मुताबिक, यह एक स्थापित परंपरा है कि संसद सदस्यों द्वारा संसद में दिए गए भाषणों के संबंध में सदन के बाहर उन पर बात करना, आक्षेप लगाना, उद्देश्यों को लेकर दोषारोपण करना विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन और सदन की अवमानना है।

## इंटरटेनमेंट...

# शाहरुख की किंग ने रिलीज से पहले 250 करोड़ कमाये




मुंबई। शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म किंग ने रिलीज से पहले ही 250 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। फिल्म का बजट 400 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। यानी फिल्म का आधे से ज्यादा बजट कवर हो गया। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी पेन मरुधर ने फिल्म किंग के ऑल इंडिया डिस्ट्रीब्यूशन

> फिल्म के बजट का आधे से ज्यादा हिस्सा कवर पेन मरुधर ने डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स खरीदे

राइट्स 250 करोड़ रुपए में खरीद लिए।

यह इस साल की बड़ी थिएट्रिकल डील्स में से एक मानी जा रही है। बता दें कि पेन मरुधर का शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस के साथ पुराना संबंध रहा है। कंपनी पहले जवान, डंकी, जीरो, बदला और इत्तेफाक जैसी फिल्मों को रिलीज कर चुकी है। ए.ए. फिल्म्स, जियो स्टूडियोज, पीवीआर आईनॉक्स पिक्चर्स, यशराज फिल्म्स और धर्मा प्रोडक्शंस जैसी कंपनियों ने भी फिल्म के डोमेस्टिक राइट्स के लिए बोली लगाई थी। किंग का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स मिलकर कर रहे हैं।

किंग क्रिसमस 2026 के दौरान रिलीज होगी, जब जुमांजी, एवेंजर्सः डूम्सडे और ड्यून 3 जैसी हॉलीवुड फिल्में भी रिलीज होंगी। इस कॉम्पिटिशन को देखते हुए, फिल्म के लिए बड़े थिएटर रिलीज की प्लानिंग की जा रही है। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, सुहाना खान, अनिल कपूर, अभय वर्मा और अरशद वारसी भी नजर आएंगे। किंग की कहानी एक मेंटर और शिष्य के सफर पर आधारित है, जो कठिन परिस्थितियों में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करते हैं।

# आराध्या को सरप्राइज देने एयरपोर्ट पहुंचीं ऐश्वर्या राय

**मुंबई**। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे अपनी बेटी आराध्या बच्चन को रिसीव करने मुंबई एयरपोर्ट पहुंची। आराध्या अपने स्कूल ट्रिप से वापस लौटी थीं और ऐश्वर्या ने एयरपोर्ट पहुंचकर उन्हें सरप्राइज कर दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही आराध्या एयरपोर्ट के बाहर निकलीं, ऐश्वर्या उन्हें देखकर काफी खुश हुईं। उन्होंने तुरंत अपना फोन निकाला और अपनी बेटी की तस्वीरें और वीडियो लेना शुरू कर दिया। आराध्या भी अपनी मां को देखकर मुस्कुराईं और उन्हें गले लगा लिया। इसके बाद जब आराध्या अपने दोस्तों के साथ पोज दे रही थीं, तब ऐश्वर्या खुद फोटोग्राफर बनकर उनकी ग्रुप फोटो खींचती नजर आईं।

# धुरंधर के लिए काम नहीं करना चाहते थे राकेश बंदी



**मुंबई**। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की सफलता से सीनियर एक्टर राकेश बेदी 'जमील जमाली' के नाम से फेमस हो गए हैं। उनका डायलॉग 'बच्चा है तू मेरा, उनके किरदार पर बने मीम्स और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। लेकिन हाल ही में राकेश बेदी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

उन्होंने बताया कि वे शुरूआत में डायरेक्टर आदित्य धर के साथ काम ही नहीं करना चाहते थे। नए डायरेक्टर के साथ काम करने में थी हिचक राकेश बेदी ने फराह खान को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि जब आदित्य धर ने उन्हें 2019 में फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के लिए अप्रोच किया था, तो उन्होंने पहले मना कर दिया था। उस वक्त आदित्य एक नए डायरेक्टर थे और राकेश बेदी को लगा कि फिल्म में उनका रोल बहुत छोटा है।

# आलिया भट्ट के नाम पर पाकिस्तान में फर्जीवाड़ा



**मुंबई**। पाकिस्तानी क्लोदिंग ब्रांड 'वजायशा ऑफिशियल' आलिया भट्ट की कुछ तस्वीरें पोस्ट कर विवादों में आ गया है। आलिया इन तस्वीरों में एथनिक कलेक्शन में नजर आ रही हैं। लेकिन यह कोई ऑफिशियल शूट नहीं है, बल्कि आलिया की पुरानी तस्वीरों को अक और डिजिटल

> एक्ट्रेस की अक एडिट फोटो से बेच रहे कपड़े; अलग-अलग इवेंट्स से उठाई तस्वीरें

एडिटिंग के जरिए ब्रांड के कपड़ों पर सुपरइम्पोज (चिपकाया) किया गया है। पाकिस्तानी ब्रांड आलिया की अक तस्वीरों के जारिए अपने सिल्क कलेक्शन का प्रमोशन कर रहा है। ऐसे पकड़ी गई ब्रांड की चोरी 16 अप्रैल को ब्रांड ने इंस्टाग्राम पर एक कैरोसेल पोस्ट किया। इसमें आलिया को गहरे लाल, टील और ब्लैक कलर के सिल्क सूट में दिखाया गया। ब्रांड ने कैप्शन में लिखा- ₹आलिया भट्ट को भी हमारा शीशा सिल्क कलेक्शन पसंद है।₹ लेकिन गौर से देखने पर पता चलता है कि ये तस्वीरें एक्ट्रेस के अलग-अलग इवेंट्स से उठाई गई हैं। इसमें आलिया का 2024 का लोरियल पेरिस रैंप वॉक वाला 'वेट हेयर लुक' और उनके सब्यसाची फोटोशूट के गहनों का इस्तेमाल किया गया है।

यहां तक कि फरवरी 2026 के गुच्ची मिलान फैशन वीक के उनके लुक को भी एडिट किया गया है। ब्रांड बोला- 'हमें वायरल कर दो' इस पोस्ट पर फैंस का गुस्सा फूट पड़ा। कई लोगों ने पूछा कि क्या आलिया को इस बारे में पता भी है? इस पर ब्रांड ने बिना किसी डर के हंसने वाले इमोजी के साथ रिप्लाई किया- इसे प्लीज वायरल कर दो, ताकि उन्हें भी पता चल जाए।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K